TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 26 अंक 222
सोमवार 9 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 40°C
न्यूनतम 32°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-12 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, निषेधाज्ञा लागू

## मैतेई लीडर की गिरफ्तारी के विरोध में गाड़ियां फूंकीं, किया पथराव

**इंफाल, 8 जून।** मणिपुर की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था अरामबाई तेंगगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य सदस्यों की केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से 10 दिनों के बंद का एलान किया है। इस गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसक प्रदर्शन हुये। अब तक लगभग पांच वाहन जलाए जा चुके हैं जिनमें सुरक्षा बलों के वाहन भी शामिल हैं। प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में 10 लोग घायल हो गये हैं। एक पत्रकार को भी चोटें आई हैं।

राज्य सरकार ने स्थिति को काबू में करने के लिए पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है और अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। सीबीआई ने रविवार को मणिपुर के इंफाल एयरपोर्ट से मैतेई संगठन अरम्बाई तेंगगोल (एटी) के एक कार्यकर्ता कनन सिंह को गिरफ्तार किया।

उस पर 2023 के मणिपुर जातीय हिंसा से जुड़े कई आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। इस गिरफ्तारी के बाद कनन सिंह को तुरंत गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड मांगी जाएगी।

**चक्का जाम**
- 10 दिनों तक मणिपुर बंद की घोषणा की
- प्रदर्शनकारियों ने कई इलाकों में किया चक्का जाम
- 2023 से हिंसा, सीएम का इस्तीफा और राष्ट्रपति शासन

मामले में सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तारी की सूचना उनके परिवार को दे दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मणिपुर हिंसा के मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। सुरक्षा कारणों से इन मामलों की सुनवाई मणिपुर से हटाकर गुवाहाटी ट्रांसफर कर दी गई है। वहीं प्रशासन ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, विष्णुपुर और ककचिंग जिलों में धारा 144 लागू कर दी है।

इसके साथ ही इंटरनेट, मोबाइल डेटा, वीएसएटी और वीपीएन सेवाएं भी अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं। शनिवार रात प्रदर्शनकारियों ने क्वाकैथेल और उरीपोक इलाकों में टायर और पुराना फर्नीचर जलाकर सड़कें जाम कीं। कई जगहों पर सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़पें भी हुईं। इंफाल ईस्ट के खुरई लामलोंग इलाके में एक भीड़ ने एक बस को आग के हवाले कर दिया।

बता दें कि, मई 2023 से मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच हुई जातीय हिंसा में अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के 9 फरवरी 2024 को इस्तीफा देने के बाद केंद्र सरकार ने 13 फरवरी 2024 को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया था।


कनन सिंह की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही इंफाल शहर में तनाव फैल गया।

## चुनाव आयोग की अपील, लिखित शिकायत दें या मिलने आएं राहुल

**नई दिल्ली, 8 जून।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी को सार्वजनिक मंचों से आरोप लगाने की बजाय सीधा आयोग से संवाद की अपील की है। आयोग का कहना है कि आरोप लगाने के स्थान पर उन्हें अपनी शिकायतों को लिखित तौर पर आयोग को देना चाहिए और समय निकाल कर मुलाकात करनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि प्रक्रिया के अनुसार सार्वजनिक जानकारी है कि चुनाव आयोग सहित कोई भी संवैधानिक संस्था, तभी औपचारिक रूप से प्रतिक्रिया देती है जब संबंधित व्यक्ति लिखित में पत्र भेजता है।

यह भी आश्चर्यजनक है कि राहुल गांधी एक ओर इन मुद्दों को बेहद गंभीर बता रहे हैं लेकिन जब उन्हें लिखित रूप में देने की बात आती है, तो पीछे हट जाते हैं। दूसरी ओर, जब कांग्रेस को 15 मई को आयोग से मिलने का आमंत्रण दिया गया, तब उसने आगे मिलने के लिए समय मांग लिया और पीछे हट गई। चुनाव आयोग के सूत्रों ने राहुल गांधी की चुप्पी पर आश्चर्य जताया है। आयोग ने कहा कि 24 घंटे बीतने के बाद भी राहुल गांधी ने न तो कोई पत्र लिखा और न ही मिलने का समय माँगा। वे अपने आरोपों को गंभीर बताते हैं लेकिन उन्हें लिखित रूप में देने से बच रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि वास्तव में राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में कांग्रेस उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों, पोलिंग और काउंटिंग एजेंटों की आलोचना कर दी है। दूसरी ओर, आयोग द्वारा पूरे देश में नियुक्त 10.5 लाख बूथ लेवल अधिकारी, 50 लाख पोलिंग अधिकारी और 1 लाख काउंटिंग सुपरवाइजर उनके इन निराधार आरोपों से नाराज हैं, जो उनकी ईमानदारी और मेहनत पर सवाल उठाते हैं। वहीं, सीसीटीवी फुटेज को लेकर आयोग का कहना है कि किसी भी चुनाव याचिका में उच्च न्यायालय मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सकता है।

यह व्यवस्था चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने और मतदाताओं की गोपनीयता की रक्षा के लिए है। ऐसे में राहुल गांधी या उनके एजेंट मतदाताओं की गोपनीयता क्यों भंग करना चाहते हैं? क्या उन्हें उच्च न्यायालयों पर भी भरोसा नहीं है?

## संक्षिप्त समाचार

### एक्सिओम-4 मिशन में इसरो करेगा सात माइक्रोग्रैविटी प्रयोग

**चेन्नई, 8 जून।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आगामी एक्सिओम-4 एक्सिओम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) मिशन के दौरान सात माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान प्रयोग करेगा। मिशन का संचालन भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन सुभांशु शुक्ला करेंगे। यह मिशन 10 जून को सुबह 612 बजे फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से भारतीय समयानुसार रवाना होगा।

### पीएम मोदी में प्रेस के सीधे सवालों का सामना करने का साहस नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, 8 जून।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनमें अपने पूर्ववर्तियों की तरह प्रेस के सीधे सवालों का सामना करने का साहस नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किये एक पोस्ट में कहा, हर देश के शासनाध्यक्ष समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते ही हैं। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री को प्रेस के सीधे सवालों का सामना किए हुए 11 साल हो चुके हैं।

### थल सेनाध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने किए बाबा केदार के दर्शन

**केदारनाथ, 8 जून।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन कर जलाभिषेक किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने तीर्थपुरोहितों से भेंट की। साथ ही धाम में यात्रा ड्यूटी में तैनात आईटीबीपीपी, पीएसी और पुलिस के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए उनकी पीठ थपथपाई। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को सुबह 9 बजे केदारनाथ धाम पहुंचे। धाम में पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, बीकेटीसी के अनिल ध्यानी आदि ने उनकी अगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद थल सेनाध्यक्ष द्विवेदी ने बाबा केदार के दर्शन कर जलाभिषेक किया और बाबा केदार से भारत की सुख-समृद्धि की कामना की।

## सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर

**फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा**

**नई दिल्ली, 8 जून।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे आज से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और फ्रांस ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। फ्रांस के साथ हमारे संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। दोनों देश कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करने के अलावा निकटता से सहयोग करते हैं। विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे।

जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह व सपा सांसद प्रिया की हुई सगाई

**लखनऊ, 8 जून (तरुणमित्र)।** यूपी की राजधानी लखनऊ के होटल द सेंट्रम में रविवार को क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई रस्म में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव परिवार के साथ शामिल हुए। उनके साथ पत्नी एवं सांसद डिंपल यादव, दोनों चाचा रामगोपाल यादव, शिवपाल यादव एवं भाई धर्मेन्द्र यादव मौजूद रहे और सभी रिंकू और प्रिया को शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन भी रिंकू सिंह और प्रिया को आशीर्वाद देने पहुंची। इसके अलावा बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एवं समाजवादी पार्टी के कई सांसद और विधायक मौजूद रहें।

## डबल इंजन की सरकार में बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित : योगी

**औरैया, 8 जून।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जनपद के अजीतमल महाविद्यालय में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के क्रम में किसानों और आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि मक्के की फसल का उत्पादन बढ़कर 05 लाख हेक्टेयर हुआ है। उसके लिए उन्होंने कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आज किसान मक्के की खेती से रुपए 1 लाख प्रति एकड़ से भी अधिक की आमदनी कर रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने 2017 में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया है और 15 लाख निजी ट्यूबवेल तथा फ्री बिजली प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पी एम कुसुम योजना के तहत 01 लाख किसानों को सोलर पैनल की सुविधा प्रदान की। उन्होंने सपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पिछली सरकार सिर्फ महापुरुषों का अपमान ■ शेष पेज 11 पर

**कृषि अभियान**
- मुख्यमंत्री ने जनपद का हवाई सर्वेक्षण व स्टॉल का किया निरीक्षण

## राजस्थान में गुर्जर आरक्षण की मांग फिर तेज

**भरतपुर, 8 जून।** राजस्थान में एक बार फिर गुर्जर आरक्षण आंदोलन जोर पकड़ता जा रहा है। भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र स्थित पीलूपुरा (कारवारी शहीद स्मारक) पर रविवार को गुर्जर समाज ने महापंचायत कर सरकार को आरक्षण सहित अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अल्टीमेटम दिया है।

इस गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने गुर्जर समाज से बातचीत के लिए अपन सहमति जताई है। इस महापंचायत का नेतृत्व गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला कर रहे हैं। इस महापंचायत में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे। महापंचायत में शामिल समाज के पंचों और पूर्व सरपंचों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के निधन के बाद से कई अहम मुद्दे अधर में हैं और अब समाज और इंतजार नहीं करेगा।

**अल्टीमेटम**
- पीलूपुरा महापंचायत में सरकार को अल्टीमेटम
- सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हाईवे रूट डायवर्ट, रेलवे ट्रैक पर नजर
- सरकार बगैर आंदोलन के भी वार्ता के लिए तैयार: गृह राज्यमंत्री

समिति ने संकेत दिया है कि यदि सरकार द्वारा कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो आंदोलन को तेज किया जाएगा, जिसमें रेलवे ट्रैक जाम करना भी शामिल हो सकता है। उधर, दौसा जिले के सिकंदरा में गुर्जर और एमबीसी वर्ग के 372 युवा बीते 80 दिनों से धरने पर बैठे हैं।

वे रीट-2018, रीट-2021, पशु चिकित्सा भर्ती-2019 और आरजेएस समेत अन्य नियुक्तियों में समझौते के अनुसार नियुक्ति की मांग कर रहे हैं। इस महापंचायत ओं राजस्थान के अलावा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से गुर्जर समाज के लोग ट्रैक्टर, बस, जीप और ■ शेष पेज 11 पर

### मौर्य, ओवेसी और आजम से रावण की नजदीकियां

## कहीं 2027 के पहले तीसरे मोर्चे की आहट तो नहीं

■ हरिमोहन विश्वकर्मा

**लखनऊ, 8 जून।** उप्र की दलित राजनीति में तेजी से स्थान बना रहे आजाद समाज पार्टी के नेता सांसद चंद्रशेखर रावण की काट के लिए बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो अपने भतीजे आकाश आनंद को पुनः राजनीति में ले आई हों, उन्होंने आकाश का पार्टी में दूसरे स्थान का रुतबा भी वापस कर दिया हो लेकिन इससे रावण के हौसले पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिखाई दे रहा।

वे बदस्तूर 2027 में उप्र की दलित राजनीति में अपना स्थान बनाए रख अखिलेश यादव के पीडीए फामूर्ले की तर्ज पर पिछडो और मुस्लिमों को एकजुट करने की कवायद कर रहे हैं।

इसके लिए उन्होंने न सिर्फ पिछड़ा वर्ग के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर डोरे डाले हैं बल्कि एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवेसी को भी अपने पाले में खींचने की जुगत में हैं। रावण का ख्याल है कि वे इस तरह उप्र में एक नया राजनीतिक समीकरण बनाते हुए 2027 में अपनी पार्टी को अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर सकते हैं। यही नहीं, इससे एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा तीसरा मोर्चा भी खड़ा हो सकता है जिसके साथ चुनाव के पहले अन्य छोटे दलों को भी जोड़ा जा सकता है। बता दें कि ओवेसी या स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टियां अभी किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं। इसके लिए रावण ने मौर्य से मुलाकात भी की है। इतना ही नहीं, रावण पूर्व मंत्री और सपा से रुठे चल रहे आजम खान को भी इस मोर्चे में शामिल करना चाहते हैं।

**राजनीति**
- मौर्य से मुलाकात के बाद दोनों नेताओं के हौसले बुलंद
- ओवेसी प्रदेश में एक सीट को तरस रहे, रावण का पीडीए फार्मूला हो सकता असरकारी
- फिलहाल आजम सहित तीनों नेता राजनीति में अछूत, भौकाल में नहीं रहे कभी पीछे

स्वामीप्रसाद मौर्य से उनकी इस बारे में सार्थक चर्चा हुई बताई जा रही है। मौर्य का भी झुकाव इस समय अम्बेडकर की ओर है। मौर्य को फिलहाल कोई अन्य दल शरण देने को भी तैयार नहीं है। सपा से निकलने के बाद वे अपनी अलग पार्टी का जनाधार बढाने में जरूर लगे हुए हैं लेकिन उन्हें इसमें अधिक सफलता मिलती नहीं दिखाई दे रही है लेकिन अगर उन्हें रावण का साथ मिल जाता है तो उनके काम में भी गति आ सकती है। ■ शेष पेज 11 पर

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram College
Parikarma Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
src_mzn@rediffmail.com | www.srgcmzn.com
A++ Grade Certified College by NAAC

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh
Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)


Hon'ble Smt Anandiben Patel, Governor of UP felicitating Dr S C Kulshreshtha, Founder Chairman, SRC for getting "NAAC A++ Award"


Prof Vimala Y, VC, MS University, Saharanpur felicitating Dr Poonam Sharma, President & Sankalp Kulshreshtha, Secretary, Management Committee, SRC for getting "Autonomous Status"

Benefits to Study in Autonomous College
- Flexible & Future Ready Next Generation Programmes.
- Redesigned Multistream Existing Courses as per NEP-2020.
- Internship & Apprenticeship Based Programmes with Collaboration of Industries.
- For Dual Program New Certificate & Diploma Courses Tailored as per need of Industries & Market.
- Dual Programmes with International & National Collaborations.
- Courses with Enhanced Employability and Job Prospects.
- Own Admission Portal. No involvement of the University.
- Hi-tech and Hybrid Mode Teaching Pedagogies.
- Industry-Institution-Interface Forum (I3F).
- Performance Based Transparent Assessment.
- On Time, Grievances free and Syllabus Aligned Exams & Higher Credits for Internal Assessment.
- Declaration of Results in time and Transparent Evaluation Process.
- Industry & Market Ready Training with Excellent Placement.
- Mark Sheets and Certificate/ Diploma will be Issued by the College under its Seal and Degree by the Parent State University.

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

Maa Shakumbhari University
Saharanpur
Letter of Appreciation to
Shri Ram College, Muzaffarnagar
Maa Shakumbhari University, Saharanpur is overwhelmed and feels proud for Shri Ram College, Muzaffarnagar which has become the only college certified with A++ grade by NAAC in the entire state of Uttar Pradesh.
It is equally an unprecedented and historical achievement for Maa Shakumbhari University that its affiliated college Shri Ram College, Muzaffarnagar has become "Autonomous College" not only the first college of the University but also the first college of universities of Western Uttar Pradesh. The management, faculty members, staff and students deserve great appreciation for this achievement.
Maa Shakumbhari University expresses its appreciation towards the efficient leadership of Shri Ram College and hopes that the college will also illuminate other educational institutions of the University with its aura.
With best wishes for the bright future of the college,
Date- 28th March 2025
Place- Muzaffarnagar
* Excluding Tech University
(Professor Vimala Y)
Vice Chancellor

Courses Offered
MCom | MAJMC | MFA | MEd | MPEd | MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany, Biotech, Microbio, Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile, Agronomy, Agricultural Chem & Soil Sc | BEd | BPEd | BPES | BBA | BCA
BCom | BAJMC | BFA | BComBEd | BScBEd | BABEd | BSc- Agriculture, Biotech, Microbio, Clinical Nutrition & Dietetics | BSc- Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)
BCom- Banking, Financial Services & Insurance | BSc- Tourism & Hospitality Management
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism * Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration | Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission please register on www.srcmzn.com by clicking the link
Apply for Registration: 2025-26 or Scan QR code
Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at M S University Admission Portal

For Further Information Please Contact @
Business Administration: 9927729646; Agriculture: 9412192801; Computer Application: 9358348700; Bioscience: 9456895886; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Edu.: 8394930091; Phy Edu.: 7817861855; Fine Arts: 9719402220; Journalism: 9927668855; Home Sc. & AEDP: 8800538281

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय बदमाश घायल

**लालगंज कोतवाली क्षेत्र में एसओजी के साथ मुठभेड़ में घायल बदमाश रेफर**



**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली पुलिस और एसओजी के साथ मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां हालत गंभीर देख उसको पुलिस निगरानी में प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव फोर्स के साथ शनिवार की रात गश्त पर निकले थे। पुलिस को एक अंतरजनपदीय बदमाश के क्षेत्र में होने की सूचना मिली। पुलिस ने अफसरों को इसकी जानकारी दिया। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर एसओजी टीम भी लालगंज पहुंच गई। गश्त के दौरान कोतवाली के बाबूगंज रोड पर सलेम भदारी राइस मिल तिराहे पर एक संदिग्ध पुलिस टीम को देख भागने लगा। पुलिस टीम ने एसओजी प्रभारी सुनील यादव के साथ संदिग्ध को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दिया। पुलिस व एसओजी ने जवाबी फायरिंग करते हुए बदमाश का पीछा किया। कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश की तलाशी लिया तो उसके पास से तमंचा व कारतूस समेत एक बाइक बरामद हुई। मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान लालगंज कोतवाली के मेढ़ांवा निवासी देवतादीन के पुत्र पंचलाल वर्मा के रूप में हुई। घायल बदमाश पर रायबरेली समेत जिले के कई थानों में छियालीस गंभीर आपराधिक केस दर्ज हैं। आरोपी पंचलाल पर पचीस हजार रूपए का इनाम भी घोषित हुआ था। इधर घायल बदमाश को पुलिस लालगंज ट्रामा सेंटर उपचार के लिए ले आई। मुठभेड़ में बदमाश के घायल होने की सूचना पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर भी ट्रामा सेंटर पहुंचे। घायल बदमाश का प्रारंभिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर दशा देख चिकित्सकों ने पुलिस अभिरक्षा में प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रविवार को वहां घायल बदमाश का उपचार जारी बताया गया। इधर मुठभेड़ को लेकर प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव की तहरीर पर घायल बदमाश के खिलाफ पुलिस मुठभेड़, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस बावत सीओ रामसूरत सोनकर का कहना है कि इनामिया बदमाश के साथ मुठभेड़ की घटना हुई है। सीओ के मुताबिक मुठभेड़ की कार्रवाई को लेकर एसओजी व लालगंज पुलिस टीम को इनाम के लिए एसपी से संस्तुति की जाएगी।

## चौकी पहुँची महिला ने जमकर किया हंगामा, चौकी प्रभारी से की अभद्रता

**अमेठी, 08 जून (तरूणमित्र)।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के शाहगढ में दो पक्षो में चल रहे जमीनी विवाद को लेकर चौकी पहुँची एक पक्ष की महिला ने चौकी प्रभारी से ही अभद्रता शुरू कर दी।चौकी प्रभारी ने राजस्व का मामला बताते हुए महिला को समझाने की कोशिश की लेकिन महिला उग्र हो गई जिसके बाद पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने में बैठा लिया है और शांति भंग में चालान करने की तैयारी शुरू कर दी है। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के शाहगढ़ चौकी स्थित पलिया गांव का जहाँ की रहने वाली सुमित्रा पाल का पड़ोस के रहने वाले राम सुंदर पाल से जमीनी विवाद चल रहा है जिसका मुकदमा भी न्यायालय में विचाराधीन है।

# आस्था हत्याकांड: नहीं मिला कटा हुआ सिर, एक आरोपी की तलाश

**मेरठ, 08 जून (तरूणमित्र)।** मेरठ के दौराला क्षेत्र में सिर कटी लाश के मामले में पुलिस के सामने कई चुनौती हैं। 12वीं की छात्रा आस्था की हत्या के मामले में पुलिस अब भी उसके कटे हुए सिर की तलाश कर रही है। सिर को जानी गंगनहर में फेंका गया था। इसके लिए दो टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। लड़की का सिर 22के तक ढूंढाःनहर की झाड़ियों में भी सर्च ऑपरेशन, नहीं मिला तो क्या आरोपी मां छूट जाएगी? 20 पुलिस जवानों ने बीते 24 घंटे में नहर के दोनों तरफ 12के तक सर्च ऑपरेशन चलाया, मगर सफलता नहीं मिली।

इस हत्या में शामिल आरोपी गौरव अभी भी फरार है। वहीं,



पुलिस ने छात्रा के पिता रमेश, जो कि सीआरपीएफ में तैनात हैं, उनको भी साजिश में शामिल मानते हुए आरोपी बनाया है। पुलिस ने इस संबंध में उनके विभाग को पत्र भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। हत्या की कहानी बेहद चौंकाने वाली है। पुलिस के अनुसार, आस्था की एक किशोर से सोशल मीडिया पर दोस्ती थी और दोनों मिलते भी थे। इसकी जानकारी होने पर मां राकेश देवी ने बुधवार को आस्था की गला दबाकर हत्या कर दी।

इसके बाद मामा कमल सिंह, समर सिंह, ममेरे भाई मंजीत उर्फ मोनू, और मौसेरे भाई गौरव ने शव को कार में डालकर जंगल ले गए और वहां दरांती से उसका सिर काट दिया। आस्था का धड़ बहादरपुर रजबहे में और सिर गंगनहर में फेंका गया था। गुरुवार सुबह लाश बरामद हुई, लेकिन सिर का कोई सुराग अब तक नहीं मिला है।

## लापता दंपती के पिता ने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से लगाई गुहार

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** हनीमून पर गए दंपती को ग्यारहवें दिन भी पता नहीं लगने पर परिजन परेशान हैं। वहीं परिवार के लोगों ने सिक्किम में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से तलाशी अभियान में खोजी दल की संख्या बढ़ाने की फरियाद लगाई है। उदयपुर थाना के राहाटीकर निवासी शेर बहादुर सिंह का पुत्र कौशलेंद्र प्रताप सिंह व बहू अंकिता सिंह सिक्किम प्राते में हनीमून पर गए थे। वहां उनतीस मई को सिक्किम के ललित रोड पर मुंशीगंज के पास दुर्घटना वाहन अनियंत्रित होकर तिस्ता नदी में जा गिरा। इसके बाद से दंपती लापता है और परिवार के लोग खोजबीन के लिए सिक्किम में डटे हुए हैं। दंपती का ग्यारहवें दिन भी सुरागरसी न होने को लेकर परिजन रविवार को मायूस दिखाई दिए। वहीं दंपती के गांव में भी इस हादसे को लेकर मातम छाया है। सिक्किम में मौजूद कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर ने वहां पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर तलाश में शामिल खोजीदल की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई है। उन्होंने यूपी के मुख्यमंत्री से भी सोशल मीडिया के माध्यम से सिक्किम सरकार से वार्ता कर दंपती के खोजबीन तेज करने में मदद की गुहार लगाई है।

## अनियंत्रित बुलेरो खड्ड में गिरी, दो की मौत, दो गंभीर

**सुलतानपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** धनपतगंज स्थानीय थाना क्षेत्र के पीरो सरैया गांव के पास शुक्रवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हलियापुर बेलवाई मार्ग पर सुलतानपुर से आ रही बुलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरकर ईट के चट्टान से टकरा गया। जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बुलेरो वाहन में सवार चार युवक अयोध्या जनपद के थाना कुमारगंज क्षेत्र के नरेन्द्र भादा गांव के निवासी थे। रास्ते में वाहन असंतुलित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में गिरकर ईट के चट्टान से टकरा गया इस भीषण हादसे में अरविंद कुमार, तथा शुभम पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजेन्द्र प्रसाद पांडेय पुत्र शिव प्रसाद और रवि पांडेय पुत्र बालगोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हमारा दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों का बलिदान याद रखें: मण्डलायुक्त

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** आज हम उस मिट्टी में खड़े हैं जहां हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया। यह बलिदान किसी वस्तु को पाने या लाभ के लिए नहीं दिया गया, बल्कि हमारी आजादी के लिए दिया गया। इस तरह के कार्यक्रम अपनी मिट्टी से लोगों को जोड़ते हैं। हमारा दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों का बलिदान याद रखें उक्त विचार मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शनिवार को भारत भाग्य विधाता संस्था द्वारा आयोजित 9वें पहली आजादी महोत्सव का उद्घाटन करने के उपरान्त व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 1857 की जन क्रांति को दबा दिया गया। अंग्रेज चाहते थे कि हम गुलाम बने रहें, इसलिए हमारे मन में इस तरफ की बातें भरी जाती थी कि हम गुलामी के लिए ही बने हैं। हमारे पूर्वजों के बलिदान एवं हमारे इतिहास को दबा दिया गया। हम लोगों का दायित्व है कि हम अपने पूर्वजों के बलिदान को याद रखें और उससे प्रेरणा लें। उन्होंने कहा कि हमारा गौरवशाली इतिहास रहा है। मध्यकाल में जरूर कुछ कमियां रही हैं। लेकिन इसके बावजूद हमारा इतिहास जबरदस्त है। हमने बहुत कुछ लिखा है, हम किसी से कम नहीं हैं। यह प्रेरणा हमें अपने पूर्वजों से मिलती है।

पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार मिश्र ने कहा कि हमारे इतिहास को ताकतवर लोगों ने दबा दिया। उस काल में जब वह ताकत में थे, हमारे सर्वोच्च बलिदान को भी नकार दिया गया। सावरकर ने पहली बार 1857 की क्रांति पर लिखा। उसमें प्रयागराज की क्रांति का भी जिक्र है। उन्होंने अंग्रेजों के दमन का जिक्र करते हुए कहा कि उनके लिए सबसे कम मेहनत वाला काम था कि पूरे गांव को घेर लो और आग लगा दो। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति के 50 साल बाद इस क्रांति पर पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास किया गया जिसे ब्रिटिश गवर्नमेंट ने सदैव रोका। किंतु बाद में सावरकर ने यह पुस्तक प्रकाशित की।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज की क्रांति में बलिदानियों की संख्या कितनी थी इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि पूरे देश में लगभग 6000 अंग्रेज और गोरे लोग मारे गए थे और इतनी संख्या में सिर्फ प्रयागराज में लोगों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस तरह के कार्यक्रम प्रेरणा देते हैं। हमें अपने गौरवशाली इतिहास का बोध कराते हैं। जिससे आगामी पीढ़ी को सही दिशा मिल सकेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महंत यमुनापुरी महाराज सचिव महानिवार्णी अखाड़ा ने कहा कि क्रांति में सन्यासियों और नागाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका थी। 40,000 नागा सन्यासी की फौज इस क्रांति में कूद पड़ी थी। प्रयागराज की क्रांति में यहां के प्रयागवालों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज उनको स्मरण कर हम गर्व महसूस कर रहे हैं। विषय प्रवर्तन शहीदवॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक ने करते हुए बताया कि किस तरह से क्रांति की शुरुआत हुई और जन क्रांति में छठवीं नेटिव बटालियन के सरदार रामचंद्र ने 6 जून को क्रांति की शुरुआत की। बाद में मौलवी लियाकत अली ने नेतृत्व संभाल लिया। हिंदू मुस्लिम दोनों मिलकर लड़े। इनका झंडा हरे रंग का था, जिसमें उगता हुआ सूर्य था। आजादी के 10 दिन कब क्या हुआ इसका विस्तार से वर्णन किया। इसके पूर्व क्रांतिकारियों के मुख्यालय खुशरूबाग में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई।

## छात्रों की उच्च शिक्षा के प्रदान करेगा नए अवसर: सत्यभामा

**रायबरेली, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिले में एक नई पहल के तहत पंचशील कॉलेज ऑफ फार्मेसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि ऊंचाहार ब्लॉक प्रमुख सत्यभामा मौर्य एवं राही ब्लाक प्रमुख धर्मेद्र यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यालय बरगद चौराहा स्थित मौर्य स्टेट में स्थापित किया गया है, जो रायबरेली के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा। और किसी भी छात्र को फार्मेसी सबंधी जानकारी हेतु उक्त कार्यालय में ली जा सकती है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सत्यभामा मौर्य ने बताया कि कॉलेज में डी फार्मा, एलोपैथ और बी फार्मा जैसे प्रमुख कोर्स उपलब्ध हैं। कॉलेज का उद्देश्य छात्रों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईद उल अजहा पर नेकी की मांगी दुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** ईद उल अजहा का त्यौहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था को लेकर इलाके में मुस्तैद दिखा। ईद उल अजहा त्यौहार पर अकीदतमंदों ने ईदगाहों व मस्जिदों पर नमाज अदा करके खुदा से नेकी व बरक्कत की दुआ मांगी। क्षेत्र के खानापटटी, खालसा सादात, जलेशरगंज, धारूपुर, कुम्भीआइमा, शुकुलपुर, सलेम भदारी, बाबूगंज, हण्डौर, जमालपुर, रानीगंज कैथौला आदि जगहों पर लोगों ने नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद उल अजहा की मुबारकबाद सौंपी। इधर नगर पंचायत क्षेत्र में ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर मस्जिदों और ईदगाहों पर साफ सफाई के भी विशेष इंतजाम दिखे। वहीं जगह जगह राहगीरों को शरबत भी पिलाया गया। ईद उल अजहा को एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व सीओ रामसूरत सोनकर क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लेते दिखे।

### बीडीओ ने अस्थायी गौशाला का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 08 जून(तरूणमित्र)।** खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने ग्राम पंचायत मलाक एवं पूरबपट्टी में अस्थाई गौशाला चन्द्रभानपुर एवं पूरबपट्टी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केयरटेकर उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय गौशाला में साफ-सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। गौशाला में गोवंशों हेतु पानी की व्यवस्था ठीक पायी गयी, भूसा प्रचुर मात्रा में भण्डारित मिला। चूनी चोकर 16 एवं 10 बोरी पायी गयी, गोवंश की स्थिति सामान्य थी। हरा चारा भी गोवंशों के लिये उपलब्ध है। गौशाला चन्द्रभानपुर में व्यवस्था समग्र रूप से अच्छी पायी गयी।

### सड़क परियोजना का भूमिपूजन आज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को कैथौला क्षेत्र के इटहा में सडक परियोजन की सौगात रखेंगे। इसके बाद नेताद्वय इटहा की बाग में शाम पांच बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक मोना लालगंज कैंप कार्यालय पर दिन में एक बजे जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दिया है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

**अमेठी, 08 जून (तरूणमित्र)।** भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चाचा भतीजे और नाबालिक बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों का अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना के बाद भाग रहे कार चालक को पुलिस ने कार समेत हिरासत में ले लिया है। पूरा मामला भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के रानीगंज एसडीएस स्कूल के सामने का है। जहा आज दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 55 वर्षी बुजुर्ग राम रक्षा मिश्रा पुत्र चंद्रपाल मिश्रा, 40 वर्षीय विनय मिश्रा पुत्र राम लखन और 7 वर्षीय संदीप पुत्र विनय मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भाले सुल्तान पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलो को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौके से भाग रहे कार चालक को पुलिस ने कार समेत हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले पर भले सुल्तान थाना प्रभारी तनुजपाल ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है कार चालक को कार समेत हिरासत में ले लिया गया है।

## अमेठी को जल्द मिलेगा अपना पुलिस लाइन देर रात एसपी ने किया औचक निरीक्षण



**अमेठी, 08 जून (तरूणमित्र)।** जनपद को जल्द ही अपना पुलिस लाइन मिल जाएगा। देर रात एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने निमार्णाधीन पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के अलावा पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। एसपी ने संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द काम को पूरा करने का निर्देश दिया।

अमेठी में अभी तक पुलिस के पास अपना पुलिस लाइन नही है।अभी तक अमेठी कस्बे के ककवा रोड पर मंडी समिति के जमीन पर पुलिस लाइन संचलित कियाया जा रहा है। अब जल्द ही अमेठी पुलिस को अपना पुलिस लाइन मिला जायेगा। अमेठी के जिला मुख्यालय गौरीगंज सैठा रोड पर नवोदय विद्यालय के पास अरगंवा और चौहनापुर ग्राम सभा की जमीन पर पुलिस लाइन निमार्णाधीन है जो अपने अंतिम चरण में है। देर रात एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के अलावा एएसपी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ अखिलेश चौरसिया, प्रतिसार निरीक्षक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया।

## खाते से उड़ाये उन्नीस हजार, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** साइबर ठगों द्वारा पीड़ित के खाते से हजारों की नकदी उड़ा लेने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के धारूपुर निवासी भगौती विश्वकर्मा के पुत्र महरानीदीन विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस व सत्ताईस अप्रैल को अचानक उसके खाते से कुल उन्नीस हजार चार सौ रुपए निकाल लिये गये। बीती दो जून को पीड़ित अपने खाते से पैसा निकालने बैंक पहुंचा तो खाते से उन्नीस हजार चार सौ रुपए अज्ञात आरोपियों द्वारा निकाल लिये जाने की जानकारी हुई। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद शुक्रवार की शाम अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मां के नाम एक पेड़ लगाकर प्राकृतिक का सम्मान करें: बबिता

**सुलतानपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरूआत की। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करना है। बबिता अखिलेश तिवारी क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा काशी महिला मोर्चा 187 इसौली विधानसभा सुल्तानपुर यह देशवासियों को संदेश दे रही है।

एक पेड़ मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दशार्ता है इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम एक पेड़ लगाना और स्थानीय स्मृति बनाना जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा मां और प्राकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। इस पहल के



माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं आप सभी देशवासियों से मैं निवेदन करती हूं आप सभी एक पेड़ मां के नाम का हिस्सा बने और अपनी मां के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाए। इसौली क्षेत्र के पीपर गाँव मे एकादशी के दिन मातृ शक्ति यों के साथ एक पेड़ माँ के नाम पर लगाकर वृक्षारोपण किया गया। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अवधेश दूबे द्वारा आयोजित सुंदर कांड, वल्लीपुर पी.पी. इंटर कालेज मे जीतेन्द्र मिश्रा द्वारा आयोजित भंडारे मे भी शामिल हुई साथ मे मंडल अध्यक्ष जग प्रसाद वर्मा, प्रदीप पाण्डेय किसान मोर्चा के वर्मा, बलराम मिश्रा शुभम तिवारी, ज्योति प्रकाश पाण्डेय, गायत्री देवी, रीता तिवारी, सुनीता देवी, अंतिमा, राधिका तिवारी, रीना अग्रहरि, शिवकुमारी द्वारा आयोजित बहनों के साथ बैठक की और सभी का आभार व्यक्त किया।

## विद्युत कटौती को लेकर व्यापारियों ने जताया आक्रोश

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** अघोषित विद्युत कटौती को लेकर व्यापारियों समेत लोगों में आक्रोश देखा गया। रविवार को लालगंज में उद्योग व्यापार मंडल की हुई बैठक में दिन व रात की पाली में विद्युत कटौती को लेकर नाराजगी जताई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कटौती के साथ लोकल फाल्ट व लो वोल्टेज के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जिससे व्यापारिक कामकाज प्रभावित है और नगरवासियों को गर्मी में हलाकान होना पड़ रहा है। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर दुबे व संचालन महामंत्री राजकुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर रामपुर बावली व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू सिंह, धीरेंद्र मणि शुक्ल, डॉ. रमाशंकर शुक्ल, फारुख अहमद, इबादुर्रहमान, अंजनी कौशल, श्यामजी संवरिया, कमला प्रसाद जायसवाल, जाहिद खान, दिनेश सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक उपचार व आहार से स्वास्थ्य होता है संरक्षित

**लालगंज, प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में पांच दिवसीय रोग मुक्ति के लिए योग एवं प्राकृतिक उपचार व प्राकृतिक आहार शिविर के तहत शनिवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित शिविर में शिविरार्थियों को प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ की जागरूकता प्रदान की गयी। गायत्री परिवार के जितेन्द्र प्रज्ञेय व गिरीश ने शिविरार्थियों को प्राणायाम तथा योगाभ्यास व साधना के गुर सिखलाये। जितेन्द्र प्रज्ञेय ने बताया कि रोग मुक्ति और शरीर शुद्धि के लिए प्राकृतिक उपचार सर्वथा उपयोगी है। उन्होने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए प्राकृतिक उपचार की विधा में दवाओं से मुक्ति मिला करती है। वहीं गिरीश ने बताया कि प्राकृतिक आहार के सेवन से स्वास्थ्य के प्रति खोया विश्वास हासिल हुआ करता है। शिविर में प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने चिकित्सक डा. नीरज शुक्ल को सम्मानित किया। शिविर के संयोजक डॉ. वीरेश सिंह ने शिविरार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व संचालन साहित्यकार अंजनी अमोघ ने किया। विशिष्ट अतिथि आचार्य रामअवधेश मिश्र रहे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा. नीरज शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, कमलेश मिश्र, मनोज गुप्ता, मनोज यादव आदि रहे।

## पुरुष, महिला को पब्लिक ने किया पुलिस के हवाले जबकि दूसरी महिला फरार

**सुल्तानपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक स्थित भारद्वाज बरनवाल सरार्फा दुकान में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक पुरुष और दो महिलाएं जेवर खरीदने के बहाने दुकान में घुस आए और गहने व नकदी लेकर फरार होने लगे। दुकानदार के शोर मचाने पर मौके पर जुटे लोगों ने एक महिला और एक पुरुष को दबोच लिया, जबकि एक महिला मौके से फरार हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। फरार महिला की तलाश जारी है। बता दें कि इसी इलाके में करीब 10 माह पूर्व एक दुकान में करोड़ों की डकैती हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

# पराविधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु अभ्यर्थी 13 जून तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पंवार ने बताया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ में मुख्यालय एवं सभी तहसीलों हेतु पट्टी, कुण्डा, लालगंज, रानीगंज एवं सदर तालुका विधिक सेवा समिति में प्राधिकरण के कार्य हेतु पराविधिक स्वयं सेवकों का चयन किया जाना है। पराविधिक स्वयं सेवकों के चयन हेतु अभ्यर्थी 13 जून 2025 तक आवेदन कर सकते है।

पराविधिक स्वयं के रूप में कार्य करने के लिये पात्रता के सम्बन्ध में बताया गया है कि अध्यापक (गैर सरकारी), सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों एवं वरिष्ठ नागरिक, एम0एस0 डब्ल्यू0 विद्यार्थी एवं अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक/फिजीशियन, विद्यार्थी एवं लॉ विद्यार्थी, सदस्य गैर राजनीतिक एन0जी0ओ0 एवं क्लब, महिला पड़ोस समूह मैत्री संगम स्वयं समूह, पढ़े लिखे बंदी जोकि अच्छे व्यवहार से लम्बे समय से जले में रहे हो, सहकारी समिति के सदस्य, ट्रेड यूनियन के सदस्य सम्मिलित है। इच्छुक व्यक्ति अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ को अपने आवेदन पत्र अपने नाम फोटो, पता, जन्म तिथि, सेवानिवृत्त की तिथि, विभाग का नाम, जहां से सेवानिवृत्त हुये (सेवानिवृत्त अभ्यर्थियों के लिये) पहचान पत्र, मोबाइल नम्बर आदि अंकित करते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय में दिनांक 13 जून 2025 तक जमा कर सकते है।

# विवेचक सहित दो सब इंस्पेक्टर निलंबित

**कौशाम्बी, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिले के सैनी थाना क्षेत्र का लोंहदा कांड जिसमें पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता पूर्ण बसाई गई लाठियां, पुलिस जनों द्वारा घेर कर निहत्थे लोगों को लाठी डंडा लात जूतो से की गई पिटाई महिलाओं के साथ गाली गलौज एवं मारपीट के मामले में शनिवार देर रात पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने सैनी थाना के इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया और विवेचक सहित दो सब इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि 27 मई को लोंहदा गांव का प्रधान भूपनारायण पथरावां पुलिस चौकी के प्रभारी आलोक राज से साठ गांठ करके गांव के ही सिद्धार्थ नामक युवक को 8 वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकतें करने के मामले में गलत तरीके से रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेजवा दिया था। सिद्धार्थ के पिता रामबाबू तिवारी अपने बेटा को बेगुनाह सबित करने के लिए पुलिस अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगाता रहा लेकिन उसकी जज्बात नहीं सुनी गई तो 4 जून को रामबाबू तवारी सुसाइड नोट लिखकर सैनी थाना में जहरीला पदार्थ निकल लिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई 5 जून को रामबाबू का शव पोस्टमार्टम के बाद आने पर रामबाबू के पारिवारिक जन रिश्तेदार जिसमें महिलाएं भी शामिल थी प्रयागराज कानपुर राष्ट्रीय मार्ग में लोंहदा मोड पर शव रख कर धरना पर बैठ गए सूचना पाकर पुलिस मौके पर आ गई प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि निर्दोष जेल में बंद सिद्धार्थ को जेल से रिहा किया जाए जिससे वह अपने पिता की अंत्येष्टि में शामिल हो सके। रामबाबू तिवारी की आत्महत्या के दोषी जनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए, इस दौरान एक पुलिस अधिकारी के पहुंचने पर स्थिति बिगड़ गई पुलिस बिना सोचे समझे निहत्था प्रदर्शनकारियों पर लाठी चलाना शुरू कर दिया गाली गलौज प्रदर्शनकारियों को घेर कर लाठी लात जूतों से बर्बरता पूर्वक पीटा गया पुलिस ने तानाशाही पूर्णरवैया अपनाते हुए मृतक रामबाबू तिवारी के घर की कई महिलाओं व पुरुषों को गिरफ्तार का थाने ला कर बदसलूकी किया और गंभीर धराओं में उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लीगई बातसुर्खियों आ गई सोशल मीडिया से पुलिस ज्यादस्ती खबरें वायरल हुई खबर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तक पहुंची तो उन्होंने संज्ञान लिया और मामले की जांच के लिए गृह सचिव को निर्देशित किया। इसके अलावा बढ़ते जन दबाव के चलते शनिवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने सैनी के इंस्पेक्टर बृजेश करवरिया को लाइन हाजिर कर दिया और संबंधित चौकी इंचार्ज आलोक राय व विवेचन कृष्ण स्वरूपको निलंबित कर दिया गया।

# पॉवर हाउस, राजकीय महाविद्यालय अखिलेश यादव की देन: इं.वीरेन्द्र

**रायबरेली, 08 जून (तरूणमित्र)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के विकास खंड खीरों में ब्लॉक कमेटी द्वारा बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी बैठक को सम्बोधित करते हुए ज़िलाध्यक्ष इं.वीरेंद्र यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथों पर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का कार्य, प्रतिदिन बूथ बूथ पर पीडीए जनपंचायतो का आयोजन अवश्य किया जाए पीडीए पंचायतों के माध्यम से सपा सरकार में किये गए जनकल्याणकारी कार्यों की चर्चा एवं बीजेपी सरकार की जनविरोधी नीतियों की चर्चा की जाय। सपा की अखिलेश यादव के नेतृत्व की सरकार में खीरों विकास खण्ड में कलुवा खेड़ा में पॉवर हाउस, ऐंधी में चिकित्सालय, हरीपुर निहस्था में राजकीय डिग्री कालेज एवं राजकीय इंटर कालेज व त्वरित विकास योजना में सैकड़ों किमी सड़कों का निर्माण सहित अनेकों परियोजनाएं संचालित की गई परन्तु बीजेपी सरकार ने कोई भी जनहित की योजना इस विकास खण्ड में न देकर पूर्व की परियोजनाओं के रखरहाव की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा आगामी चुनाव भाजपा सरकार की नाकामियों एवं सपा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह विधानसभा क्षेत्र कभी भी भाजपा नहीं जीती और न ही जीतेगी।

विधायक राहुल लोधी ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है कार्यकताओं की प्रत्येक सहायता के लिए हम कृत संकल्पित हैं वर्ष 2027 में क्षेत्र के विकास के लिए,लोगों को आरक्षण दिलाने एवं जातीय जनगणना के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर प्रदेश में पीडीए की सरकार अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाना है।


**कार्यालय: ग्राम पंचायत भरथीपुर विकास खण्ड-सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**

पत्रांकः मेमो / मनरेगा/नि०का०/निविदा/ भरथीपुर/2025-20 दिनांक 08.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरथीपुर विकास खण्ड सिरौलीगासपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कार्यों पर इच्छुक योग्य फर्मधारकों से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 24/06/2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेंगें तथा प्राप्त मोहर बन्द निविदायें सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन पर ग्राम पंचायत की निविदा समिति द्वारा दिनांक 24/06/2025 को अपरान्ह 2:00 बजे सम्बन्धित निविदादाता / फर्मधारकों के समक्ष खाली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व प्रकार | सामग्री | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय की अवशेष बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य आई०डी० 3148017062/AVI--162928 | ईंट प्रथम श्रेणी 21.871 हजार, ईंट गिट्टी 40 एम०एम० 6.00 घ०मी०, बालू 3.00 घ०मी० पत्थर गिट्टी 20 एम०एम० 7.97 घ०मी०, य 10 एम०एम० 2.62 घ०मी०, मौरंग 24.20 घ०मी०, सीमेन्ट 226.00 बोरी सरिया 9.42 क० आदि। | 637636/ |
| 2 | अम्बेडकर खेल मैदान गाटा संख्या 510ख का विकास कार्य आई०डी० 3148017062/AVI--161101 | ईंट प्रथम श्रेणी 6.473 हजार, इंट गिट्टी 40 एम०एम० 2.96 घ०मी०, बालू 1.48 घ०मी० पत्थर गिट्टी 20 एम०एम० 5.44 घ०मी०, व 10 एम०एम० 1.78 घ०मी०, मौरंग 7.48 घ०मी०, सीमेन्ट 87.00 बोरी, सरिया 7.66 कु० आदि। | 389652/ |

**नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत् हैं।** 1. निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। 2. आपूर्ति की गयी सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। 3. निविदा स्वीकृत होने सम्बधित फर्म पर मालिक / ठेकेदार / आपूर्तिकताओं से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत भरथीपुर में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बधित सचिव/ प्रधान / तकनीकी सहायक/अभियन्ता के निदेर्शानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करने में विफल रहने पर बिना कारण बताये किसी की या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत भरथीपुर का होगा।

**सुमन वर्मा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-भरथीपुर**

**राजेश कुमार**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत-भरथीपुर**

# एसएसएन जनकल्याण समिति ने पूरे किए जनसेवा के सौ सप्ताह

## अन्य जिलों एवं प्रदेश में भी हो रहा विस्तार




**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** निर्बल समुदाय की सेवा में निरन्तर निः स्वार्थ भाव से लगी सामाजिक संस्था एस एस एन जनकल्याण समिति ने लगातार सौवें सप्ताह जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन वितरित किया।

जनकल्याण समिति के संस्थापक अरविन्द सिंह एडवोकेट ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए कहा कि आज से सौ सप्ताह पहले समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों को भोजन पैकेट वितरित करने का कार्यक्रम शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में इस कार्यक्रम की शुरूआत सूक्ष्म स्तर पर की गई थी लेकिन बाद में निस्वार्थ सेवा के इस कार्यक्रम में लोग जुड़ते गए और कारवां बनता गया। यही नही, आज से इस जिले के साथ साथ समिति के बैनर तले लखनऊ में लक्ष्मी कनौजिया एवं कानपुर में सविता सेठ द्वारा प्रत्येक एकादशी को, वाराणसी में नीतू सिंह द्वारा प्रत्येक त्रयोदशी को, उत्तराखंड के हरिद्वार में सीता शर्मा , मनीष मिश्रा द्वारा मुंबई में तथा हरियाणा के गुड़गांव में जयप्रकाश द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा एवं अमावस्या को भोजन पैकेट, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य पदार्थों का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। श्री सिंह ने यह भी बताया कि इस नियमित कार्यक्रम के अतिरिक्त समिति द्वारा किसी भी प्रकार की आपदा, गंभीर अस्वस्थता या अन्य आवश्यकता होने पर अलग से भी कैम्प लगा कर लोगों की मदद करना, निर्धन कैदियों का जुमार्ना कर उन्हें रिहा कराना, वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों की मदद करना, प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान करना जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। समिति संस्थापक अरविन्द सिंह ने यह भी बताया कि इस पुनीत कार्य में संस्था की प्रदेश कोऑर्डिनेटर गीता शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन, जिलाध्यक्ष कल्पना तिवारी दीक्षित डॉ सोहिनी द्विवेदी, कुसुमलता गुप्ता,पंकज सिंह, पिंकी यादव, एस पी सिंह, अनन्या सिंह,पूनम सिंह, आशीष शर्मा, अनुज मिश्रा मधु कश्यप के अतिरिक्त समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले हमारी टीम के संरक्षक डॉ सी पी कटियार, सुभाष सक्सेना सिगमा हार्डवेयर के अतिरिक्त नगर के अन्य अनेक उदार एवं गणमान्य लोगों का सहयोग मिलता रहता है।

## जरूरतमंद लोगों को वितरित किया वस्त्र

**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** नारायण सेवा समूह द्वारा 50 जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरण किया गया। इस मौके पर नारायण सेवा समूह के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्र से आये हुए जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत के हिसाब से साड़ी,शर्ट पैंट,कुर्ता पैजामा,सूट आदि वितरित किये गये। तारकनाथ शर्मा व प्रियम मिश्रा कहते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह दुनिया से जो कुछ लेता है, कम से कम उसका बराबर हिस्सा दुनिया को वापस दें। इसी क्रम में नारायण सेवा समूह अपने साथियो के सहयोग से हर माह एक भंडारा और एक वस्त्र वितरण का कार्यक्रम कर रहा है। इस मौके पर राम स्नेही द्विवेदी, मिथलेश मिश्रा, प्रभुदयाल गुप्ता, सुमेर सिंह ,संदीप अग्रवाल, नरेश कुमार ,सोमेश सिंह, नितिन मिश्रा, संजय मिश्रा, मनोज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# थाना प्रभारी ने पत्रकारों संग की बैठक, सुरक्षा का दिया आश्वासन



**बघौली /हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** नवनियुक्त थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में लगभग सभी पत्रकार उपस्थित रहे।

इस मौके पर थाना प्रभारी ने पत्रकारों की सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि पत्रकारों के साथ कोई दुर्व्यवहार होता है तो इसकी सूचना तत्काल उन्हें दें। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। अपराध रोकना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सख्त लहजे मे अपराधियों को चेतावनी दी कि अपराध छोड़कर कानून का पालन करे वरना जेल जाने के लिए तैयार रहे। उन्होंने अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में अराजकता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सुधीर अवस्थी, गोतेंद्र तिवारी, प्रेम द्विवेदी, प्रबल प्रताप सिंह, अभिषेक मिश्रा ,अंकित त्रिपाठी, सोमेंद्र गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, व्यास मौर्य, हसमत अली, पंकज गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, आर्यन सिंघानिया, शिव प्रताप सिंह, अनुज गुप्ता, राम सिंह राठौर, सहित लगभग सभी क्षेत्रीय पत्रकार मौके पर मौजूद रहे।

# विधायक रानू ने कन्हैया लाल मंदिर में सौन्दर्यीकरण कार्य का किया भूमि पूजन



**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने पर्यटन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रुपापुर इनायतपुर स्थित सुप्रसिद्ध बाबा कन्हैयालाल मंदिर में 72 लाख रुपए की लागत से होने वाले सौन्दर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन कर उपस्थित क्षेत्रीय जनों से संवाद कर उक्त कार्य की सफलता हेतु क्षेत्रीय जनों के साथ मिलकर सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन ओम प्रकाश मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेश सिंह भदौरिया, मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी ,पर्यटन के सहायक अभियंता विनोद त्रिपाठी, संचालक अखिलेश अग्निहोत्री सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रीय सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का किया आयोजन



**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** अन्नदाता किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत कृषि पद्धति व नवीनतम कृषि प्रजातियों की जानकारी प्रदान कर किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के विभिन्न कृषि विभागों द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम करीम नगर लालपुर, अहिरोरी हरदोई मे कृषि विभाग द्वारा विकास खण्ड स्तरीय किसान गोष्ठी/प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गोष्ठी मे कृषि वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि तकनीक ० उन्नत पद्धति पर चर्चा तथा उप कृषि निदेशक द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर विधायक सांडी प्रभाष कुमार एवं क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा द्वारा कृषि क्षेत्र मे प्रशंसनीय योगदान प्रदान करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड व उन्नत बीज किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। गोष्ठी मे लाभकारी कृषि योजनाओं पर चर्चा करते हुए विधायक प्रभाष कुमार ने किसानों को कृषि क्षेत्र में समृद्धि की दिशा में प्रेरित किया। इसी क्रम मे क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा ने किसान बंधुओं को नवीन कृषि नवाचार अपनाने एवं कृषि विशेषज्ञों के समन्वय से कृषि को समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रारम्भ विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 खेती, किसानी ० अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का व्यापक अभियान है। यह अभियान निश्चित रूप से कृषि एवं अन्नदाता किसानों के जीवन में उत्तरोत्तर विकास लाने में सहायक सिद्ध होगा।

गोष्ठी मे प्रमुख रुप से उप कृषि निदेशक सतीश कुमार पांडेय, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार, मण्डल अध्यक्ष अनिल पाल, भाजपा पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, अन्नदाता किसान ० क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज हत्या आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** थाना जलालाबाद पर श्रीमती सुशीला पत्नी धर्मवीर निवासी ग्राम काला गाडा थाना शाहाबाद जिला हरदोई ने प्रार्थना पत्र देकर अभियुक्तगण अजय पुत्र नरेश (पति), विजय पुत्र नरेश (जेठ), रेशमा (जेठानी) निवासीगण ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जिला, बिट्टो (ननद), मुकेश (बहनोई ) पुत्र बन्धू निवासीगण अज्ञात द्वारा वादिनी पुत्री प्रीती से दहेज में अतिरिक्त मोटरसाईकिल की माँग करना, माँग पूरी न करने पर दहेज के लिये प्रताडित कर हत्या कर देने के दाखिल किया। तहरीर के आधार पर अजय पुत्र नरेश (पति) विजय पुत्र नरेश (जेठ) रेशमा (जेठानी) निवासीगण ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर बिट्टो (ननद) मुकेश (बहनोई) रामविकास पुत्र बन्धू निवासीगण अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया। उपरोक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारीगणों के आदेश व निदेर्शों के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्त अजय पुत्र नरेश उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम गुनारा थाना जलालाबाद वहद जंगल कोला पुल से समय गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अवैध शराब सहित 6 को पकड़ा

**शाहजहाँपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशनुसार थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा भारी मात्रा मे लहन, अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित 06 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार। थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अलग अलग स्थानो पर की गयी छापेमारी में 06 अभियुक्तगणो को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तगणो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गये लोगो में लक्ष्मीनारायण पुत्र कृष्ण निवासी ग्राम चादर गौटिया थाना पुवायां उम्र करीब 35 वर्ष, श्रीमती जयदेवी पत्नी मनीराम निवासी ग्राम बिजला बढारू थाना पुवायां उम्र करीब 24 वर्ष, मनीराम पुत्र गोकरन लाल निवासी ग्राम बिजला बढारू थाना पुवायां उम्र करीब 45 वर्ष, ऋषिपाल उर्फ मुखिया पुत्र गुलजारी निवासी ग्राम बितौनी थाना पुवायां उम्र करीब 35 वर्ष, राजेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना पुवायां उम्र करीब 60 वर्ष, रघुवीर पुत्र स्व0 दुर्गाप्रसाद निवासी ग्राम कुंवरपुर थाना पुवायां उम्र करीब 50 वर्ष शामिल हैं।

### 9 वारण्टी गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना रोजा पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा छापेमारी कर न्यायालय द्वारा उद्घघोषित नौ नफर वारण्टियों को रोजा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। पकड़े गये अभियुक्तगणों/वारण्टीयों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो मे मदनपाल पुत्र श्रीराम उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम पैंतापुर थाना रोजा, बालकराम पुत्र लल्लू उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम अजीजपुर थाना रोजा, पुत्र राधेश्याम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम पैंतापुर थाना , कलन्दर पुत्र इन्द्रपाल कलन्दर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम निवाजपुर थाना रोजा, राजीव पुत्र चिन्ता उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम शाहगंज थाना रोजा, विशनू पुत्र रामेश्वर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम हथौडिया थाना रोजा, रामपाल पुत्र तोताराम उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम हथौडा बुजुर्ग थाना रोजा, ओमकार पुत्र सुन्दर सिंह उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम सरसवाँ थाना रोजा, जन्डैल पुत्र सुमेर उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनपुर थाना रोजा शामिल है।

# ईद-उल-अजहा की नमाज सकुशल सम्पन्न, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** सुरक्षा एवं स्वच्छता के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व की नमाज शनिवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। नमाज अता करने वालों लाखों मुसलमान भाइयों ने मुल्क में अमन कायम रहने के लिए दुआ मांगी। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जनपद के सभी पुलिस अधिकारी नमाज अदा होने तक भ्रमण करते हुए प्रमुख ईदगाह और मस्जिदों की सुरक्षा का जायजा लिया और पर्वू को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लगातार ड्रोन कैमरे से निगरानी हो रही है।

पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बताया कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लगातार पुलिस बल संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण करते रहे और नमाज के समय ईदगाह एवं शहर की प्रमुख मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात है। बकरीद की नमाज सकुशल सम्पन्न हो गई। सुरक्षा में किसी प्रकार से कहीं चूक न होने पाए इसके लिए लगातार ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही थी। इसके साथ ही लोगों से अपील की गई है कि खुले में कहीं कुबार्नी न करें। जिससे किसी के भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

नगर के करेली, धूमनगंज,कोतवाली, अतरसुइया, मुट्ठीगंज, कीडगंज सहित सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार इस पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लगे हुए थे।

## उत्तर मध्य रेलवे ने फिट इंडिया साइकिल रैली आयोजित की

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल पहल को बढ़ावा देते हुए रविवार को उत्तर मध्य रेलवे द्वारा रेलगाँव, सुबेदारगंज, में एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ उत्तर मध्य रेलवे महाप्रबंधक उपेन्द्र चंद्र जोशी एवं अन्य प्रधान विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया। मिशन के महत्व पर बल देते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि फिट रहने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोग साइकिल चलाएं।

# दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में अधेड़ की मौत

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** सोरांव थाना क्षेत्र में बड़गांव गांव के समीप शुक्रवार की देर रात दो मोटरसाइकिलों की भिड़न्त में एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर पुष्कर वर्मा ने बताया कि सोरांव थाना क्षेत्र के सराय लीलाधर गांव निवासी रामबाबू 45 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम सूचित मोटर साइकिल से सवार होकर शुक्रवार की रात घर के लिए वापस लौटा था। रास्ते में बड़गांव के समीप उसकी मोटर साइकिल अचानक सामने से आ रही मोटर साइकिल से भिड़ गई। हादसे में रामबाबू गम्भीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस टीम उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रही थी कि उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार से तहरीर लेकर पुलिस मुकदमा दर्ज करके शनिवार को पोस्टमार्टम कराएगी।

## महिला सशक्तिकरण शिविर का चतुर्थ दिवस का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न



**हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** अस्तित्व फाउंडेशन द्वारा आयोजित 15 दिवसीय महिला सशक्तिकरण शिविर के चतुर्थ दिवस की कार्यशाला छोटेलाल पब्लिक स्कूल, मंगलीपुरवा में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित हुई।

चतुर्थ दिवस की गतिविधियों में महिलाओं को विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया।

टेलरिंग (सिलाई) में बच्चियों की फ्रॉक की कटिंग की विधि सिखाई गई।मेहंदी प्रशिक्षण में पेपर पर डिजाइन को आकार देने की तकनीक पर अभ्यास कराया गया। ब्यूटी पार्लर आई ब्रो की सेटिंग की विधि सिखाई गई।मार्शल आर्ट्स में पैरों के साथ हाथो से पंचिंग की कला सिखाई गई जिससे आत्मरक्षा के प्रति महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा। नृत्य (डांस) वर्ग में सरल नृत्य स्टेप्स पर अभ्यास कराया गया जिससे प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। आगामी दिनों में प्रशिक्षण कार्यक्रम और अधिक प्रभावशाली रूप में संचालित होगा। प्रशिक्षक के रूप में संध्या श्रीवास्तव, राममूर्ति गुप्ता, अनुराग, शिवाय श्रीवास्तव, नैंसी गुप्ता ने प्रशिक्षण दिया।

# अधीर लखनवी के सम्मान में काव्य गोष्ठी आयोजित



**बिलग्राम/ हरदोई, 08 जून (तरूणमित्र)।** नगर के मलकंठ मोहल्ले में श्री रामनारायण शुक्ला के निजी आवास पर प्रख्यात कवि राममूर्ति सिंह अधीर लखनवी के सम्मान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कवियों और शायरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता जयनारायण अवस्थी ने की, जबकि मंच संचालन असगर बिलग्रामी ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वाती कुशवाहा बिलग्रामी द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद कमर बिलग्रामी, हुजूर बिलग्रामी और असगर बिलग्रामी ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। मुख्य अतिथि कवि राममूर्ति सिंह अधीर ने अपने गीतों से सभी का मन मोह लिया। उनकी पंक्तियाँ, आओ सहो हजारों गम, आँख का काजल करो न नम ने श्रोताओं से खूब तालियाँ बटोरीं।

राममूर्ति सिंह अधीर सांडी क्षेत्र के अलियापुर गाँव के निवासी हैं। उन्होंने सेंट्रल स्कूल में प्रिंसिपल के रूप में मणिपुर, ग्वालियर और लखनऊ जैसे शहरों में लंबे समय तक सेवाएँ दीं। वर्तमान में वह सेवा निवृत्त होकर लखनऊ के जानकीपुरम में रहते हैं। उनकी रचनाएँ नियमित रूप से आकाशवाणी लखनऊ से प्रसारित होती रहती हैं।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष जयनारायण अवस्थी ने अपनी पंक्तियाँ, मुट्ठी भर उम्र, और अम्बर सी पीर, जैसे इक सीप भरे सागर भर नीरर्‍ पढ़कर उपस्थित कवियों और शायरों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके लिए खूब तालियाँ बजीं।

## आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**कलान/शाहजहांपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** कलान थाना क्षेत्र के ग्राम गंगोरा के मजरा अजीत नगला निवासी उमेश यादव पुत्र महेंद्र सिंह यादव एवं थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्ला नगर मिलकिया निवासी सुखबीर पुत्र चंद्रपाल बृजेश पुत्र रघुनाथ तेजपाल पुत्र रघुनाथ रामपूत पुत्र बादशाह ग्राम निकुर्रा निवासी एवं मेवाराम पुत्र गिरवर नौसना मढैयानिवासी को न्यायालय से वाछित होने पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।


## कार्यालय : नगर पंचायत सौंख, जनपद-मथुरा

पत्राकः- 108 / न.प. सौंख / ई-टेण्डर / 2025-26 दिनांक 06/06/2025

**ई-निविदा प्रेस सूचना**

नगर पंचायत सौंख में उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिका परिषदों / नगर पंचायतों) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संख्या - 107 / 2025 / अर0एफ0-559/नौ-9-2025/ 001-ई-1911236 नगर विकास अनुभाग - 9 लखनऊ दिनांक 27 मार्च 2025 के द्वारा स्वीकृत धनराशि 105.03 लाख एवं उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिका परिषदों / नगर पंचायतों) में अवस्थित सांस्कृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना तथा अन्य सुविधाओं का विकास हेतु 'वंदन योजना के अर्तगत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संख्या 103/9-1-2025-001-1852781 नगर विकास अनुभाग -1 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी 2025 के द्वारा स्वीकृत धनराशि 130.00 लाख से विहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्ह ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत साँख मथुरा में 'वन्दन योजना एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना की संस्तुतियो के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'वन्दन योजना एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों / फर्मों से ई - निविदाएँ ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

Tender Reference Number - 04/N.P.S./2025-26

| Sr. No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Document Downloding Start Date | 09-06-2025 | 11.00 A.M. |
| 2 | Document Downloding End Date | 16-06-2025 | 06.00 P.M. |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 09-06-2025 | 11.00 A.M. |
| 4 | Online Bid Submission Closing Date | 16-06-2025 | 06.00 P.M. |
| 5 | Technical bid opening date | 17-06-2025 | 11.00 A.M. |
| 6 | Pre- bid Meeting | - | - |
| 7 | Financial bid opening After Evalution of Technical Bids. | | |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण, उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि, निविदा मूल्य, तथा अवधि का विवरण, शर्तों व प्रतिबन्ध पोर्टल w.w.w.http//etender.up.nic.in पर दिनांक 09.06.2025 को पूर्वाहः 11:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी हैं । निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाए खोली जायेगी । अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई - निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

**नोट** - धरोहर राशि की एफ०डी०आर० अधिशासी अधिकारी नगर पंचातय सौंख के नाम बन्धक होनी चाहिये या नगर पंचायत सौंख के खाते में आर०टी०जी०एस० भी कर सकते है ।परन्तु निविदा का मूल्य भारतीय स्टैट बैंक सौंख मथुरा के बैक खाता A/C - 40019797788 IFSC CODE- SBIN00011593 में ट्रॉसफर करें।

**लिपिक / लेखा लिपिक/ टेण्डर कमेटी नगर पंचायत सौंख मथुरा**

**सदस्य अवर अभियन्ता नगर पंचायत सौंख मथुरा**

**अधिशासी अधिकारी / टेण्डर कमेटी अध्यक्ष नगर पंचायत सौंख मथुरा**


# माध्यमिक विद्यालयों के छात्र 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान का होंगे हिस्सा

## यूपी बोर्ड की ओर से जारी एकेडमिक कैलेंडर में अभियान के अंतर्गत मिलेगी जगह

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार शिक्षा में छात्रों को एकेडमिक शिक्षा के साथ राष्ट्र बोध और नैतिक दायित्व बोध के साथ जोड़ने का प्रयत्न कर रही है। इसके लिए प्रदेश में माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी एकेडमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत इन्हें शामिल करने पर बल दिया जा रहा है। गंगा नदी की निर्मलता और अविरलता भी उसी का हिस्सा है।

माध्यमिक विद्यालयों में जल साक्षर बनेंगे छात्रराष्ट्र निर्माण की प्रथम पाठशाला हैं विद्यालय, जिनमें माध्यमिक विद्यालयों की भूमिका सर्वोपरि मानी गई है। इन्हीं शिक्षा मंदिरों में विद्यार्थियों को उनके नैतिक दायित्व व राष्ट्र बोध से जोड़ने की सरकार की कोशिश है। इसके लिए प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रदेश की तरफ से जारी एकेडमिक कैलेंडर में इन्हें जगह दी गई है।

केपी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ योगेंद्र सिंह बताते हैं कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक की तरफ से जारी पत्र में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों का विवरण सभी विद्यालयों को इसी संदर्भ में भेजा गया है। इसमें गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से छात्रों को जोड़ने का उल्लेख है। इसमें विद्यालय के छात्रों को जल साक्षर बनाने के प्रयास को भी शामिल किया गया है। स्वच्छता के प्रति समाज के दूत बनेंगे छात्रप्रदेश की ओर से जारी अकादमिक कैलेंडर में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक व भौगोलिक परिदृश्य से छात्रों को परिचित कराने के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों से परिचित कराने पर भी बल दिया गया है। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजनों की रूपरेखा तय करने का निर्देश भी दिया गया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवसों, सप्ताहों से संबंधित गतिविधियां अनिवार्य रूप से कराई जाएंगी। इसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के साथ गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता अभियान से भी प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ा जाएगा। छात्र छात्राओं को समूह आधारित फील्ड वर्क से जोड़ा जाएगा। किसी नदी या तालाब के पास ले जाकर विद्यार्थियों से लघु रिपोर्ट बनवाई जाएगी। इसी तरह किसी गांव, कस्बे का भ्रमण कराते हुए वहां के जल प्रबंधन और जल संरक्षण बारे में छात्रों को जानकारी दी जाएगी।

## मानव कल्याण करने के लिए हुआ है मां गंगा का प्राकट्य : अनामिका

**प्रयागराज, 08 जून (तरूणमित्र)।** मां गंगा का प्राकट्य मानव कल्याण के लिए हुआ है ,उनका जल अमृत के समान है उनकी पूजा - अर्चना करते समय पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। माइक्रो प्लास्टिक गंगा में रहने वाले जीव जन्तुओं पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।यह बात रविवार को गंगा दशहरा पर्व की समाप्ति के पश्चात स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता के दौरान भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी निषाद ने कही। उन्होंने कहा कि गंगा जल में रहने वाले कछुए ,डॉल्फिन आदि गंगा की गंदगी को साफ करते हैं। इनकी रक्षा करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। पवित्र त्रिवेणी के जल में स्नान करने वालों से अपील है कि पुराने माला, फूल, कपड़े, चित्र आदि को विसर्जित न करें। इससे मां गंगा का जल प्रदूषित हो रहा है। इससे पूर्व गंगा दशहरा पर्व की समाप्ति के बाद भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी निषाद के नेतृत्व में रविवार को प्रयागराज के संगम तट दशाश्वमेध घाट, राम घाट,प्रभू घाट, वीआईपी घाट पर मां गंगा के जल की निर्मलता, अविरलता के लिए लोगों को जागरूक किया एवं स्वच्छता अभियान चलाया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 9 जून 2025
विक्रम संवत्- 2082, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी

# फिर सुलगा मणिपुर

पिछले तीन साल से जातीय हिंसा की आग में सुलगते मणिपुर में एक बार फिर जातीय हिंसा की आग तेज हो गई है। नये हिंसक संघर्ष के दौर का कारण मैतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के नेता करन सिंह की गिरफ्तारी है। सीबीआई ने 2023 में हिंसा भड़काने के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। करण सिंह की गिरफ़्तारी के बाद राजधानी इंफाल के कई इलाकों में हालात इतने संगीन हैं कि राज्य में पांच दिनों के लिए 5 जिलों इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर में इंटरनेट बंद है। इंफाल ईस्ट और बिष्णुपुर में कर्फ्यू भी लगाया गया है। मणिपुर में 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा लोगों पर रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। ताजा संघर्ष में मैतेई नेता की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने इंफाल के क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़क के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए। एयरपोर्ट का भी घेराव किया गया। इंफाल के अलग-अलग इलाकों में प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। रविवार को स्थिति बेहद तनावपूर्ण रही। बता दें कि मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन तो है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं हुई बल्कि सिर्फ निलंबित है। राज्य में भाजपा विधायकों के प्रयासों से पुनः नई सरकार के गठन की प्रक्रिया चल रही थी। विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर राज्य में तत्काल रूप से लोकप्रिय सरकार बनाने की मांग की थी। एनडीए के अन्य दल भी इस प्रक्रिया में शामिल थे और उम्मीद लग रही थी कि 15 जून तक राज्य में नई सरकार बन जाएगी लेकिन ताजा संघर्ष के बाद इसकी सम्भावना क्षीण नजर आ रही है। बता दें कि मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है जिनमें तीन प्रमुख समुदाय मैतेई, नगा और कुकी निवास करते हैं। मैतेई ज्यादातर हिंदू हैं जबकि नगा व कुकी ईसाई धर्मावम्बी हैं और आदिवासी वर्ग में आते हैं। मैतेई आबादी करीब 50% है। राज्य के करीब 10% इलाके में फैली इंफाल घाटी मैतेई समुदाय बहुल ही है। उधर, नगा व कुकी आबादी करीब 34 प्रतिशत है। ये लोग राज्य के करीब 90% इलाके में रहते हैं। संघर्ष का मुद्दा मैतेई समुदाय की मांग ही है। मैतेई संगठन भी जनजाति का दर्जा मांग रहे हैं क्योंकि 1949 में भारत में विलय से पहले उन्हें जनजाति का दर्जा मिला था। अपनी मांग के समर्थन में वे हाईकोर्ट भी गए जिसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाने के निर्देश दिए। इसके बाद ही कुकी समुदाय भड़क उठा। कुकी समुदाय मानता है कि पहले से अधिक अधिकार प्राप्त मैतेई एसटी वर्ग का आरक्षण मिलने से और अधिक शक्तिशाली होंगे और कुकियों का शोषण करेंगे। फिलहाल तक भी मणिपुर के 60 विधायकों में 40 विधायक मैतेई और 20 विधायक नगा व कुकी जनजाति से हैं। राज्य के अब तक 12 में से दो ही सीएम जनजाति से रहे हैं। केन्द्र के पिछले तीन साल से किये जा रहे अथक प्रयासों के बाद भी राज्य में स्थिति सम्भली नहीं है जबकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लम्बे समय तक इधर ही डेरा डाले रहे लेकिन स्थितियां गंभीर देख राज्य को राष्ट्रपति शासन के हवाले कर दिया गया।

### है अंदर ये रार !



कृष्णेन्द्र राय

कौन बनेगा दूल्हा ?
है अंदर ये रार ।।
अंदरखाने लगता है ।
हैं सब खबरदार ।।

आई बात निकल कर ।
किसको ये सौगात ?
शुरू हुआ है मंथन ।
सब लगे दिन रात ।।

वर्तमान में लेकिन ।
है बदला व्यवहार ।।
धीरे धीरे बैठकें भी ।
हैं लेनी आकार ।।

रुठना मनाना भी ।
चले शायद्र खेल ।।
आ रहा शिगूफा ।
खा रहा सब मेल ।।

### सूडोकु नवताल- 7455

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7454 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# सोशल मीडिया बच्चों को बना रहा बीमार



ललित गर्ग

**सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग से बच्चों का बचपन न केवल प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमार, हिंसक एवं आपराधिक भी हो रहा है। यह चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है।**

यह बच्चों को समय के प्रति, परिवार एव सामाजिक कौशल के प्रति और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया ने बच्चों से बाल-सुलभ क्रीड़ाएं ही नहीं छीनी बल्कि दादी-नानी की कहानियों से भी वंचित कर दिया है। कुछ विशेषज्ञ इस बात से चिंतित हैं कि सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बच्चे अनैतिक, उग्र, जिद्दी एवं आक्रामक भी हो रहे हैं, जो उन्हें चिंता और अवसाद में धकेल रहे हैं। बच्चें सोशल मीडिया पर वक्त ज्यादा गुजार रहे हैं, ऑनलाइन गेम्स ने बच्चों की दुनिया ही बदल दी है।

अब ये आवाज उठने लगी है कि क्यों न बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए? टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की एक अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट में ऐसे ही चिन्ताजक तथ्य सामने आये हैं कि बड़ी संख्या में युवा माता-पिता कहानियों की बजाय डिजिटल मनोरंजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। पंचतंत्र से लेकर स्नो व्हाइट पिनोकियो जैसी कहानियां अब शेल्फ पर धूल फांक रही हैं। नये बन रहे समाज एवं परिवार में सोशल मीडिया जहर घोल रहा है।

स्मार्टफोन बड़ों ही नहीं, बच्चों के हाथ में आ गया है। जवान और बूढ़े ही नहीं छोटे-छोटे बच्चे तक इसके आदी होते जा रहे हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक, गेम्स सब कुछ स्मार्टफोन पर होने की वजह से बच्चों और युवाओं में इसकी आदत अब धीरे-धीरे लत में तब्दील होती जा रही है। सोने के समय बच्चों को कहानियां सुनाना या उनके लिए लोरियां गाना कभी पारिवारिक संस्कृति का अहम हिस्सा हुआ करता था।

दादी-नानी हों या माता-पिता की सुनाई गई परीकथाएं बच्चों के लिए नींद से पहले की सबसे प्यारी यादें होती थीं। लेकिन अब सोशल मीडिया के आने से इसके बिना बचपन सूना हो रहा है। बच्चे किताबों और खेलकूद के मैदानों से दूर हो रहे हैं। स्क्रीन की नीली रोशनी उनकी आंखों के साथ दिमागी सेहत पर भी बुरा असर डाल रही है।

इसके अलावा शारीरिक श्रम एवं रचनात्मकता भी कम हो गई है। यह केवल पश्चिमी देशों की ही नहीं, भारत की भी सच्चाई बन चुकी है। जेन जेड यानी 1996 से 2010 के बीच जन्मे युवा माता-पिता अब इस प्यारी परंपरा से मुंह मोड़ रहे हैं। हालिया शोधों से पता चला है कि अब कहानियां पढ़ना-सुनाना जेन जेड माता-पिता के लिए जिम्मेदारी एवं मनोरंजन नहीं बल्कि एक थकाऊ काम बन गया है। मोबाइल अब केवल बच्चों के लिए ही समस्या नहीं है, बल्कि बड़े भी इसकी चपेट में हैं।

यह सिर्फ फोन या मैसेज करने तक ही सीमित नहीं रहा है। ना जाने कितने ही तरह के ऐप्स, व्हाट्सएप, फेसबुक जैसी सोशल मीडिया एप, और गेम्स बड़ो एवं बच्चों को दिन भर व्यस्त रखते हैं। लेकिन अगर मोबाइल के बिना आपको बेचैनी होती है तो समझ जाइये कि आप भी इस एडिक्शन के शिकार होते जा रहे हैं जो आपके लिए चिन्ता की बात है। टेन के हार्परकॉलिन्स और नीलसन आईक्यू की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में खासकर महानगरों और शहरी इलाकों में सोशल मीडिया का बच्चों में प्रचलन अधिक बढ़ रहा है। पढ़ने को मनोरंजन एवं ज्ञान का हिस्सा मानने की बजाय ह्यगंभीर पढ़ाईह्व से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नई पीढ़ी के अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को कहानी सुनाना एक अतिरिक्त जिम्मेदारी है। शहरीकरण एवं पारिवारिक संरचना में बदलते स्वरूप से पिछले दस सालों में बड़े बदलाव हुए हैं, संयुक्त परिवार की जगह अब एकल परिवार हैं, जहां दादी-नानी जैसे कहानी सुनाने वाले सदस्य मौजूद नहीं है।

समय की कमी, कामकाजी जीवन की व्यस्तता और थकान के कारण माता-पिता के पास बच्चों को कहानी सुनाने का समय नहीं बचता। नई पीढ़ी के माता-पिता खुद ही पढ़ने की आदत से दूर हो चुके हैं, जिससे बच्चों को प्रेरणा नहीं मिलती। स्कूल का होमवर्क भी इसमें बड़ी बाधा है। रिपोर्ट के आंकडों के अनुसार 41 प्रतिशत माता-पिता ही रोज अपने चार साल तक के बच्चों को कहानी सुनाते हैं। जबकि 2012 में यह आंकड़ा 64 प्रतिशत था। 28 प्रतिशत जेन जेड माता-पिता पढ़ने को एक मजेदार गतिविधि नहीं मानते।

बच्चों की सोशल मीडिया चैनल्स पर उपस्थिति उन्हें वास्तविक जीवन से दूर कर-के वर्चुअल दुनिया में ले जा रही है। जहां दिखावटीपन एवं नकारात्मकता की भरमार है। इससे बच्चों का बचपन तो छिन ही रहा है, उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। सोशल मीडिया यानी यूट्यूब-इंस्टा, अन्य सोशल साइट की लत बच्चों को वास्तविक दुनिया से दूर कर रही है और उनकी एकाग्रता, याददाश्त और ध्यान की क्षमता को कम करके उन्हें अपंग, बीमार एवं हिंसक बना रही है।

बच्चे अपने प्रश्नों का हल या समस्या का निवारण किताबों में ढूँढकर पढ़ने के बजाय केवल मोबाइल पर ढूँढने के आदी होते जा रहे हैं जो उचित नहीं है। मोबाइल और साइबर एडिक्शन अब एक गम्भीर समस्या बनती जा रही है जो बच्चों की दिनचर्या पर बुरा असर डाल रही है। इससे मानसिक विचलन और चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है कि हम छोटी छोटी बातों पर घर-परिवार के सदस्यों पर गुस्सा करने लग गये हैं।

मोबाइल आपके बच्चे से उसका बचपन ही नहीं छीन रहा है बल्कि उसे हिंसक भी बना रहा है। हरियाणा में 9 साल के एक बच्चे को इसकी इतनी बुरी लत थी कि उसने स्मार्टफोन छीने जाने की वजह से अपना हाथ काटने की कोशिश की। मोबाइल की लत का ये इकलौता मामला नहीं है। 12 साल का अविनाश मोबाइल के बिना एक पल नहीं रह सकता। उससे अगर मोबाइल छीन लिया जाये तो वो गुस्से में आ जाता है। ऐसी ही लत है भोपाल यूनिवर्सिटी की प्रिया को। उसे व्हाट्सऐप की ऐसी लत लगी कि वह पूरी रात जगी रह जाती है। अब वह इस लत से छुटकारा पाने के लिए मानसिक अस्पताल में काउन्सलिंग ले रही है। मोबाइल की लत से बच्चे आपराधिक भी होते जा रहे हैं और गलत कदम तक उठा रहे हैं। अभी हाल ही में ग्रेटर नोएडा में एक 16 वर्षीय लड़के ने अपनी माँ और बहन की हत्या कर दी क्योंकि बहन ने शिकायत कर दी थी कि भाई दिन भर मोबाइल फोन पर खतरनाक गेम खेलता रहता है और इसलिए माँ ने बेटे की पिटाई की, उसे डाँटा और उसका मोबाइल छीन लिया। मोबाइल पर मारधाड़ वाले गेम खेलते रहने के आदी लड़के का गुस्सा इसी से बढ़ गया। इसी तरह कुछ महीनों पहले कोटा में एक 16 वर्षीय किशोर ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की जाँच पड़ताल में पता चला कि बच्चे को पबजी गेम खेलने की लत थी और दिनभर मोबाइल में गेम खेलता रहता था। जब घरवालों ने मोबाइल छीन लिया और देने से मना कर दिया तो यह गलत कदम उठा लिया। देश में बड़े अस्पतालों में मोबाइल की लत के शिकार लोगों के इलाज के लिए खास क्लीनिक हैं। और यहाँ आने वाले मरीजों की संख्या जिनमें बच्चें बहुतायत में हैं, अब दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। मोबाइल और एप बनाने वाली कम्पनियाँ अपने मुनाफे के लिए कितनी अमानवीय हो गयी हैं कि यह सब जानते हुए भी लोगों को मानसिक रोग के गड्ढे में धकेल रही हैं। वे नये-नये गेम बनाकर मुनाफा बटोर रही हैं। परिवार एवं समाज में जागरूकता अभियान के साथ सरकार को इस उभर रहे बड़े संकट पर ध्यान देना होगा। बच्चों को खेल, कला, संगीत और अन्य गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी दें और उन्हें साइबर अपराधों से बचने के तरीके सिखाएं। बच्चों को सोशल मीडिया का उपयोग करने के बारे में सही जानकारी देना और उन्हें इसके नकारात्मक प्रभावों से बचाना जरूरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# राष्ट्रवाद की आड़ में ट्रंप का परिवारवाद



**भविष्य की आहट**
डा. रवीन्द्र अरजरिया

भारत में दलगत नेताओं के परिजनों, संबंधियों तथा स्वजनों को राजनैतिक लाभ देने के आरोप लगते रहे हैं। देश में सत्ताओं के संरक्षण में भ्रष्टाचार व घोटाले भी सामने आते रहे। जैसे 1948 का जीप खरीद घोटाला जिसमें वीके मेनन, सन् 1951 का साइकिल आयात घोटाला जिसमें एसए वेंकटरमण, सन 1956 का बीएचयू फण्ड घोटाला, सन 1958 का हरिदास मूंदडा मामला जिसमें टीटी कृष्णामचारी, सन 1960 का तेजा लोन स्कैम, सन 1963 का प्रताप सिंह कैरों स्कैम, सन् 1965 का पटनायक 'कलिंग ट्यूब्स' मामला जिसमें बीजू पटनायक, सन 1975 का मारुति घोटाला जिसमें इंदिरा गांधी, सन 1976 का कुओ आयल डील, सन 1981 का अंतुले ट्रस्ट मामला जिसमें एआर अंतुले, सन 1987 का एचडीडब्ल्यू दलाली मामला, सन 1987 का बोफोर्स घोटाला जिसमें राजीव गांधी, सन 1989 का सेंट किट्स मामला जिसमें वीपी सिंह, सन 1990 का चारा घोटाला जिसमें लालू प्रसाद यादव,सन 1991 का हवाला घोटाला जिसमें एसके जैन, सन 1992 का हर्षद मेहता काण्ड, सन 1992 का इंडियन बैंक मामला, सन 1992 का बाम्बे स्टाक एक्सचेन्ज घोटाला जिसमें हर्षद मेहता, सन 1992 का सिक्यूरिटी स्कैम, आईपीएल घोटाला जिसमें ललित मोदी, सत्यम घोटाला, स्टाम्प घोटाला, सन 1993 का झारखण्ड मुक्ति मोर्चा मामला जिसमें शिबू सोरेन, सन 1994 का चीनी घोटाला जिसमें कल्पनाथ राय, सन 1995 का जूता घोटाला जिसमें सोहिन दया, तहलका काण्ड जिसमें जार्ज फनार्डीज, लक्खू भाई पाठक मामला जिसमें नरसिंहराव,सन् 1999 का हसन अली टैक्स मामला, कामनवेल्थ गेम्स घोटाला जिसमें मनमोहन सिंह, विजय माल्या प्रकरण, पीएनबी घोटाला जिसमें नीरव मोदी तथा मेहुल चौकसी, रोटोमैक घोटाला, सन् 2000 का मैच फिक्सिंग मामला, बराक मिसाइल सौदा मामला, यूटीआई घोटाला, तेल के बदले अनाज मामला जिसमें नटवर सिंह, ताज कैरीडोर मामला जिसमें मायावती, कोडा मनीलांडरिंग मामला जिसमें मधु कोडा, ताबूत घोटाला, सन 2002 का टेलीकाम स्कैम जिसमें सुखराम शर्मा, यूरिया घोटाला जिसमें सीएस रामकृष्णन, सन 2007 का 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला जिसमें ए. राजा, सन 2010 का आदर्श हाउसिंग घोटाला जिसमें अशोक चव्हाण,सन 2012 का वीवीआईपी हेलिकाप्टर घोटाला जिसमें एसपी त्यागी, सन 2012 का नेशनल हेराल्ड मामला जिसमें सोनिया गांधीसन 2013 का डीएलएफ भूमि हडप मामला जिसमें राबर्ड वाड्रा,सन 2013 का केरल सौर पैनल घोटाला जिसमें सीएम चांडी, सन 2015 का वोट के लिए नोट मामला जिसमें एल्विस स्टीफेंसन,सन 2020 का केरल गोल्ड तस्करी मामला जिसमें पिनाराई विजयन, सन 2022 का शराब घोटाला जिसमें अरविन्द केजरीवाल पर भी गम्भीर आरोप लगाये गये थे। सत्ताधिकार के सामने मुंह खोलने वालों की हमेशा ही दुर्गति होती रही है। निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए पद के दुरुपयोग का फैशन सा चल निकला है। अब तो भारत के घोटालों को आदर्श मानकर विदेशों में भी यह रीतियां तेजी से विकसित हो रहीं है। आपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका का पाकिस्तान के साथ सहयोगात्मक रवैया यूं ही नहीं रहा है।

भारतीय नागरिकों का आक्रोश और भारत का कडा रुख देखते हुए पाकिस्तान ने 27 अप्रेल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर और पुत्र एरिक ट्रंप, डोनाल्ड जूनियर की क्रिप्टो को समर्पित कम्पनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से एक अनुबंध कर लिया। यह अनुबंध सन् 2024 में गठित अमेरिकी कम्पनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल तथा सन 2025 में गठित पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल के मध्य हुआ जिसमें काउंसिल की ओर से चांग पेंग झाओ को सलाहकार नियुक्त किया गया। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पुत्र सलमान शहबाज की कम्पनी एसएसई टेक्नोलाजीज को क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करने हेतु जोड दिया। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के ठीक पहले पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल की स्थापना की गई थी। यानी यह सब कुछ पूर्व निर्धारित षडयंत्र के तहत चल रहा था जिसमें राष्ट्रवाद की आड में ट्रंप का परिवारवाद पूरी तरह से शामिल था।

वास्तविकता तो यह है कि अमेरिकी आवाम के जागरूक होने के कारण क्रिप्टो को वहां पर अपेक्षित विस्तार पाने में कठिनाई हो रही है जिसका विकल्प पाकिस्तान को बनाया जा रहा है ताकि यहां से ट्रंप परिवार की कम्पनी दुनिया भर में पांव पसार सके। यानी अमेरिका और ट्रम्प सरकार भी भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार से दूर नहीं है। अन्य देशों में ऐसे मामले सामने आए हैं।

ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि दुनिया के अधिकांश नेताओं व्दारा स्वार्थ की दहलीज पर अपने पद, दायित्व और गरिमा की बलि चढाई जा रही है। सरकारी प्रक्रियाओं को मनमाफिक मोडकर निजी स्वार्थों के लक्ष्य का भेदन करने वाले धन की अट्टालिकाओं में विलासता के हिंडोले पर झूल रहे हैं। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# भारतीय संस्कृति...!! मस्क से बेरोजगारी भत्ते तक..!!



पवन सिंह

भारतीय संस्कृति के हिसाब से तो एरोल मस्क छूने लायक भी नहीं था...और आप उसे मर्यादा पुरुषोत्तम के दर तक टहला कर ले आए....!!! मैं बात कर रहा हूं एरोल मस्क की..!! वही ड्रग एडिक्ट जिसकी पहचान ही केवल इतनी है कि वह एलन मस्क का बाप है..!!! एक ऐसा बाप जो पाप है...!! एक ऐसा बाप जो किसी भी बेटे/बेटी के लिए एक ही दुर्भाग्य है...!! एक ऐसा आदमी जिसने अपनी ही बेटी से शादी की और उसे गर्भवती किया...!!! जिस बच्ची से इसने शादी की वह ङ्कएरोल के सामनेङ्क (अपने बाप के सामने) खेलती-कूदती केवल 4 साल की बच्ची थी...!! एरोल की सभी पूर्व पत्नियों ने उसे घिनौना और शैतान कहा है..!!! जो धार्मिक लोग होंगे उनको ठेस जरूर पहुंची होगी कि एरोल मस्क न केवल भारत आया बल्कि इस लफंडर को विशिष्ट अतिथि का दर्जा दिया गया...यहां तक भी ठीक था लेकिन जब उसे मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के दर्शन हेतु वीआईपी बनाकर ले जाया गया, तो लगा कि चाल, चरित्र और चिंतन वाले हम लोगों ने कौन सा आदर्श पेश किया..?

मंदिर में दर्शन भी किसने कराए..!! विवेक बिंद्रा ने, जिस पर खुद ही अपनी ही पत्नी को सरे-आम पीटने का आरोप है...!! वह प्रभु श्रीराम, माता जानकी के दर्शन करवा रहा है..!!

ठीक भी है..!!! जब मंदिर में चार साल की बच्ची से रेप होने लगे... महिलाओं से पुजारी बलात्कार करने लगें और एक मंदिर में पुजारी का बेटा दोपहर में लड़कियां लाने लगे... पकड़े जाने पर पुजारी अपने ही बेटे के समर्थन में खड़ा होने लगे तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए...!!! वैसे इस देश में गोरी चमड़ी देखते ही नतमस्तक होने की पुरानी परंपरा है...!!! भले ही विदेशी बेरोजगार, अपने देश से बेरोजगारी भत्ता पाकर भारत के '88 तक मरियल हो चुके रूपए' पर मौज लेने यहां आया हो..!!! गोरी चमड़ी देखी नहीं कि सिर का ताज गिराया नहीं...!!! वह तो भला हो ह्यूमन बाड़ी का कि दिमाग एक मजबूत हड्डी के खोल में है वरना हल्का भूरा लीक्विड दिमाग भी गोरों के पैरों में रख दें..!!!

तमाम देशों के युवा बेरोजगार, लगभग हर महीने 90 हजार (भारतीय करेंसी के हिसाब से) बेरोजगारी भत्ता पाते हैं और भारत जैसे देश में पूरी ठसक के साथ घूमते हैं..। एक देश है फिनलैंड जिस अपने देश के बेरोजगारों को हर महीने लगभग  हजार रुपए देने का फैसला लिया है। हालांकि, यह प्रयोग अभी दो साल के लिए ही है। दुनिया के कई देश अपने देश के युवा बेरोजगारों को हर माह सोशल सिक्युरिटी के नाम पर भत्ता देते हैं। इटली अपने देश के बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ते के रूप में 90 हजार रुपए देता है। यहां पर बेरोजगारों को हर महीने 1,180 यूरो यानी करीब 90 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता मिलता है। जबकि फ्रांस 50 हजार रूपए बेरोजगारी भत्ता देता है।

यहां के बेरोजगारों को सालाना 6,959 यूरो यानी करीब 6 लाख रुपए भत्ते के तौर पर दिए जाते हैं। यही हाल जर्मनी का है जो अपने देश में 30 हजार बेरोजगारी भत्ता देता है। एकल जीवन जीने वाले बेरोजगार को 391 यूरो प्रतिमाह करीब 30 हजार रुपए मिलते हैं । आयरलैंड, जापान, स्विट्जरलैंड में भी शानदार बेरोजगारी भत्ता मिलता है।

स्विट्जरलैंड ने अपनी जनता के सामने एक प्रस्ताव पेश किया गया है कि हर बेरोजगार को साल के 30 हजार डॉलर बेसिक इनकम के रूप में दिये जायेंगे। इस हिसाब से हर बेरोजगार को बिना किसी शर्त के हर महीने लगभग 1.65 लाख रुपए मिलते हैं हालांकि 78% स्विस लोगों ने बिना मेहनत किए यह भत्ता लेने से इनकार कर दिया। ये कुछ उदाहरण हैं कि सरकारें जब जनता के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह होती हैं तो ऐसा ही होता है...हमारे यहां तो बेरोजगारों को नोच कर खाने की भयावह और सड़ांध भरी परंपरा है! प्रतियोगी परीक्षाएं करा लो और अरबों रुपए फार्म के नाम पर वसूली कर लो और नतीजा जीरो बटा सन्नाटा..!!! परीक्षाएं करा लो और सालों-साल ज्वाइनिंग भी न दो..!!! इंटरव्यू में जाति-जाति खेलो..!!! सैनिकों को चार साल की नौकरी पर रखो और संविदा कर्मचारियों को औसतन 18 हजार का वेतन दो वह भी एजेंसी वाला संविदा कर्मियों के ही वेतन से ही पीएफ काटता है...और उस पीएफ पर अंशदान भी कर्मचारी के वेतन से अदा होता है!!! महीनों-महीनों तक पीएफ ही जमा नहीं होता है..!!!

संविदा कंपनी वाला चूंकि सत्ताओं से गलबहियां किये रहता है इसलिए संविदा तक की भर्तियों में घूस लेता है..!!! हम इतनी संवेदनशील सरकार की छत्र छाया में हैं कि अब बेरोजगारी/आत्महत्याओं के आंकड़े भी नहीं मिलते..!! देश में हर दिन 35 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स आत्महत्या कर रहे हैं। यानी हर 40 मिनट में देश का एक स्टूडेंट आत्महत्या कर रहा है। डरावना यह है कि स्टूडेंट सुसाइड की ये गिनती देश में किसानों की आत्महत्या से भी ज्यादा है। ये चौंकाने वाले आंकड़े जारी हुए है IC3 कॉन्फ्रेंस और एक्स्पो 2024 के दौरान जारी 'स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट' में। IC3 इंस्टीट्यूट एक नॉन-प्रॉफिट संस्थान है जो हाई स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स पर स्टडी करती है। ये रिपोर्ट ठउफइ के 2021 के डाटा पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में देश में 13,089 स्टूडेंट ने सुसाइड किया। वहीं, बीते 10 साल में करीब 1 लाख स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया है। प्रोफेशन वाइज आत्महत्या की रिपोर्ट देखने पर पता चलता है कि दिहाड़ी मजदूर और नौकरीपेशा लोगों की आत्महत्या की दर 25.6% और 9.7% हैं। जबकि बेरोजगारों की आत्महत्या की दर 8.4% है। खैर अब इस तरह के लेखों का कोई औचित्य नहीं है और यह लेख लोगों को पसंद नहीं आएगा..!! इसलिए हम लोग वापस एरोल मस्क की ओर चलते हैं..आइए चूंकि एरोल मस्क ने भगवान राम के दर्शन किये, इसे ही धन्य मानकर हम सब अब भवसागर पार करें...!!!

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

मैं वह बड़ा बेटा हूँ,
जिसने हँसकर जीवन की आग पिया है।
जिसने चुपचाप लुटा अपना यौवन,
और घर का भाग्य सिया है।
जो माँ की छाया बना रहा,
पिता की लाठी बन कर चला,
भाई की पढ़ाई में खो गया,
बहन की शादी में गल गया।
सपनों का शव ढोता रहा,
अपनों का ऋण ढोता रहा।
न मोल मिला, न बोल मिला,
बस जिम्मेदारियों का तोल मिला।
जब-जब थका, तो कह दिया गया –
'अब तू बदल गया है रे,
अब तू खुदगर्ज.हो गया है !'
मेरे त्यागों को गिना नहीं गया,
मेरी गलतियाँ उभारी गईं।
मैं वह बेवकूफ बेटा हूँ,
जो घर की नींव में दबा था,
जिसके सपनों का चिता जलाया गया,
पर पूजा नहीं गया।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

## आज का राशिफल

**मेष** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**वृष** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग।

**मिथुन** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

**कर्क** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**सिंह** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

**तुला** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृश्चिक** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं।

**धनु** : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**कुम्भ** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# डीएम ने महाभारतकालीन की लीलौर झील का किया निरीक्षण

## बोले डीएम, सौन्दर्यकरण कराने के साथ झील के किनारे लगाएं पौधे





**बरेली, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को तहसील आंवला में स्थित महाभारतकालीन लीलौर झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि झील के किनारे पौधे लगाये जाये तथा झील में वाटर रीचार्ज सिस्टम लगाया जाये जिससे कि लगातार झील में पानी आता रहे तथा झील की साफ-सफाई समय-समय पर अवश्य करायी जाये। उन्होने निर्देश दिए कि झील को और अधिक सुन्दर तथा आकर्षक बनाया जाए। इसमें सौन्दर्यकरण का जो भी कार्य करा जाये उसकी गुणवत्ता उचित रखी जाए। सभी कार्यों हेतु इस्टीमेट बनाकर तैयार किये जाये।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जगहो पर झील का बांध कटा हुआ है, जिस पर उपजिलाधिकारी को इस कार्य को कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गांव में जल जीवन मिशन का कार्य जिन जगहो पर हुआ है, वहां पर सड़कें टूटी हुई है जिस पर उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये गए कि संबंधित के माध्यम7 से शीघ्र सड़क सही करायी जाये। ग्रमीणो ने जिलाधिकारी के समक्ष निराश्रित गौवंशो की समस्या रखी जो आये दिन फसलों का नुकसान करती रहती है। जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता कर गौवंशो को गौशाला में आश्रय दिया जाए, जिससे कि किसानों की फसल का नुकसान न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा गांव में वृक्षारोपण किया गया तथा ग्रामीणों से अपील की गयी कि इसे लगातार पानी देते रहे जिससे कि यह फल दे सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, उप जिलाधिकारी नहने राम सहित समस्त ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

**झील का ऐतिहासिक और पौराणिक महत्त्व**

लीलौर झील आंवला के रामनगर इलाके में है। झील का ऐतिहासिक और पौराणिक महत्त्व भी है। मान्यता है कि महाभारत की लड़ाई के बाद युधिष्ठिर ने इसी झील में खड़े होकर यक्ष के प्रश्न के उत्तर दिए थे।

## वाहन के रौंदने से युवक की मौत

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** थाना टूंडला के राजा के ताल स्थित नवाब सिंह चौराहे के समीप अज्ञात वाहन के रोदने से एक युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है राजा के ताल के समीप नवाब सिंह चौराहे के पास शनिवार की शाम एक अनियंत्रित वाहन ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया, जिसके फल स्वरुप उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई, मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, परंतु पहचान नहीं हो सकी, पुलिस अज्ञात के रूप में शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है, और सूचना पुलिस को भेजी है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्राकृतिक खेती के विषय में दी जानकारी

**बिजनौर, 08 जून (तरूणमित्र)।** उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि 'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025' के अन्तर्गत विकास खण्ड नूरपुर के 09 ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कला, लोदीपुर मिलक, किरतपुर, धूधली, मझौला गुर्जर, नायक नंगला, बननौला एवं अहीरपुरा में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा गठित तीनों टीमों (के०वी० के० नगीना के वैज्ञानिक, आई०सी०ए०आर० दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में टीम 3 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम नायक नगला, बमनौला एवं अहीरपुरा में गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक , डा. प्रतिमा गुप्ता, डा० भूपेन्द्र कुमार, डा. रविन्द्र कुमार कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) , टीम-1 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम रामौरूपपुर, शिवाला कला, एवं लोदीपुर मिलक में डा० शिवांगी कृषि वैज्ञानिक, डा० के०के०सिंह कृषि वैज्ञानिक एवं डा० सिद्धार्थ साहा कृषि वैज्ञानिक (आईसीएआर) टीम-2 द्वारा विकास खण्ड नूरपुर के ग्राम किरतपुर, धूधली व मझौला गुर्जर में डा० शकुन्तला गुप्ता प्रभारी के०वी०के०. डा० पिन्टू कुमार, कृषि वैज्ञानिक एवं डा० प्रमोद सिंह कृषि वैज्ञानिक (आई०सी०ए०आर०) एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक द्वारा ग्राम बमनौला में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही समस्त योजनाओं विशेषकर प्राकृतिक खेती, पी०एम० किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया, साथ ही सोलर पम्प, यन्त्रीकरण, फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा के विषय में भी जानकारी दी गयी। डा० भूपेन्द्र कुमार कृषि वैज्ञानिक ने धान की डी०एस०आर० पद्धति के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

## अभा अग्रवाल सम्मेलन की त्रिवार्षिक कार्यकारिणी हुई गठित,10 नए सदस्य शामिल

**फिरोजाबाद , 08 जून (तरूणमित्र)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की बैठक का आयोजन फिरोजाबाद क्लब में किया गया जिसकी अध्यक्षता आनंद मित्तल ने की बैठक में सर्वप्रथम अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की तस्वीर के समक्ष मंचासीन पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। और की गयी सामूहिक आरती मे सदस्यो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश बंसल व प्रांतीय उपमहामंत्री किशन बिहारी गर्ग ने चुनाव अधिकारी के रूप में गोविन्द प्लाजा के आनंद मित्तल को जिलाध्यक्ष, दिनेश अग्रवाल को जिला महामंत्री, कुलदीप मित्तल एडवोकेट को जिला कोषाध्यक्ष घोषित किया था। तीनों ही पदाधिकारी निर्विरोध चुने गये थे, उन्होंने सम्मेलन के वरिष्ठजनों से विचार विमर्श करके जानकी प्रसाद गर्ग को मार्गदर्शक, सुरेंद्र प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष, राकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष, अरुण मित्तल कलई, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल चॉइस उपाध्यक्ष, हरी बाबू बंसल उपाध्यक्ष, राजेश बंसल पेपर उपाध्यक्ष, सुनील अग्रवाल उपाध्यक्ष, रमेश अग्रवाल डायमंड उप महामंत्री, प्रदीप अग्रवाल लल्ला उपमहामंत्री, गोपाल बंसल उप महामंत्री, पंकज अग्रवाल पी आर ज्वेलर्स उप महामंत्री, दाऊदयाल अग्रवाल एडवोकेट प्रचार मंत्री, राकेश अग्रवाल नवरंग सांस्कृतिक मंत्री, सुधीर चंद्र सांस्कृतिक मंत्री, अजय जिंदल सांस्कृतिक मंत्री, रवींद्र गर्ग संगठन मंत्री, राकेश अग्रवाल भट्टे वाले संगठन मंत्री, सुधीर अग्रवाल पटना वाले संगठन मंत्री, सुधीर बंसल जयशंकर को ऑडिटर मनोनीत किये जाने की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन हमलावर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** थाना उत्तर पुलिस ने पुत्र वधू पर जानलेवा हमले के आरोप में सास , पति और देवर को गिरफ्तार किया है जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की है टापा खुर्द निवासी काजल पत्नी राजा उर्फ हरिश्चंद्र को शुक्रवार दोपहर किसी बात को लेकर जानलेवा हमलाकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया ,जिसकी शिकायत थाना उत्तर में नामजद दर्ज करायी गयी थी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वांछित हमलावरों के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही करते हुए धारा दर्ज कर वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है, पुलिस ने गिरफ्तार किये गये हमलावरों के नाम अवनीश उर्फ रंजीत पुत्र अरुण कुमार निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर ,ईशु सिंह पुत्र जसवंत सिंह (देवर)निवासी टापा खुर्द थाना उत्तर , सोनी उर्फ सुनीता पत्नी जसवंत सिंह (सास) बताये है। पुलिस ने तीनों हमलावरों को न्यायालय में पेश किया न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया।

### सिरसागंज जैन वाहिनी के तत्वावधान में बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** सिरसागंज में जैन वाहिनी के तत्वाधान में जैन समाज की एक बैठक का आयोजन श्रेयांश नाथ जैन मंदिर हॉल में किया गया इस अवसर पर पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना तैयार की गई इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली का जैन समाज द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली ने कहा कि सिरसागंज जैन समाज से जो सहयोग मिला है, उसके लिए आभार प्रकट करता हूं, यह एक लंबी लड़ाई है, इसके लिए जैन समाज अन्य समाज को जोड़कर राजनीतिक भागीदारी के लिए संघर्ष करने को तैयार रहे। और समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करे। इस अवसर पर मनीष जैन, राजीव जैन, मुकेश जैन, पिंटू जैन, मोनू जैन, संजू जैन, संदीप जैन पार्टी , बॉबी जैन , मुकेश जैन गारमेंट, सुनील जैन, अमित जैन, मनोज जैन, प्रिंस जैन, सोनू जैन, नितिन जैन, सुनील जैन ,बंटू जैन, प्रवीण जैन, पप्पू, गौरव रावत, पुनीत जैन ,आयुष जैन, सॉल्टी जैन, रोकी जैन, राहुल जैन सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### प्लेटफॉर्म पर गिरने से दो यात्री घायल

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** टूंडला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर शनिबार को गिरने से दो यात्री घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया है बिहार राज्य के जिला नालंदा क्षेत्र के मुरिया चक निवासी 28 वर्षीय विवेक और 21 वर्षीय जय नारायण नजीबाबाद एक्सप्रेस में सवार होकर अहमदाबाद काम के लिए जा रहे थे ,दोनों लोग ट्रेन के डिब्बे में दरवाजे पर बैठकर यात्रा कर रहे थे, जैसे ही ट्रेन टूंडला रेलवे स्टेशन पर पहुंची तभी दोनों के पैर प्लेटफार्म से टकरा गये जिसके फल स्वरुप दोनों युवक ट्रेन से प्लेटफार्म पर गिर घायल हो गये, घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंची उसने 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है । ,जहां दोनों का उपचार जारी है।

### भिखारियों को न दें भीख-शिवहरे

**चित्रकूट, 08 जून (तरूणमित्र)।** सेवा भारती जिला महामंत्री राजकिशोर षिवहरे ने आवाम से से अपील है कि भीख मांगने वाले बच्चो महिलाओं बुजुर्गो को भिक्षा नहीं दें। यदि आप अपनी आत्मसंतुष्टि के लिए भीक्षा देना ही चाहते हैं तो कृपया इनको भोजन पानी ही दें। नगद धनराशि नहीं दें। चाहे वह किसी भी तरह का भिखारी हो। किसी भी प्रकार का व्यक्ति, महिला, पुरुष, वृद्ध, दिव्यांग बच्चे भीख मांग रहे हैं तो हम पैसे के बदले उसे भोजन पानी दें। लेकिन उन्हें किसी भी हाल में रूपए पैसे नहीं दें। परिणाम स्वरुप अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर भिखारियों के गिरोह टूट जाएंगे और फिर बच्चों के अपरहण अपने आप बंद हो जाएंगे। इस तरह के गिरोह स्वतः अपराधिक दुनिया में खत्म हो जाएंगे। आजकल छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से पार्किंग, स्टॉपेज, सिग्नल में कार पोछने के लिए दर्जनों बच्चे देखे जा सकते हैं। हम इनको पैसा देन के बजाय कुछ खाने को बिस्किट आदि दे सकते हैं। शिक्षा के लिए प्रेरित कर सकते हैं ।यह बच्चे भी किसी मां बाप के कलेजे के टुकड़े हैं। जिनको अपहरण करके गिरोह द्वारा ऐसे कृत कराए जाते हैं।

## नगर निगम के पूर्व अपर आयुक्त व अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** साल 2022 में नगर निगम में तैनात रहे तत्कालीन अपर नगर आयुक्त और लेखाधिकारी, लेखाकार, क्लर्क के खिलाफ आगरा के विजिलेंस थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। इन सभी पर आरोप है, कि इन्होंने नगर आयुक्त की गैर मौजूदगी में मोटा कमीशन लेकर एक ही दिन में 19 ठेकेदारों के भुगतान की साजिश रची थी। इस मामले की शासन स्तर पर शिकायत हुयी और जांच हुयी। जांच में पूर्व अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार रॉय, लेखाधिकारी योगेंद्र त्रिपाठी, लेखाकार जितेंद्र और लिपिक राजेंद्र के खिलाफ यह एफआईआर हुयी है। दरअसल, साल 2022 में यहां नगर आयुक्त के पद पर प्रेरणा शर्मा तैनात थीं, जो जून के महीने में कुछ दिनों की छुट्टी पर चलीं गयीं थीं। इसी दौरान चार्ज मिल जाने के कारण पूर्व अपर नगर आयुक्त ने यह खेल कर डाला। विजिलेंस जांच में दोषी पाए जाने के बाद यह एफआईआर दर्ज करायी गयी है। तत्कालीन अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय जिले में चार्ज संभालते ही विवादों के घेरे में रहे फिरोजाबाद में करीब डेढ़ साल के कार्यकाल में कमीशन को लेकर तीन बड़े झगड़े भी हुए। इसमें ऑर्चिड ग्रीन कॉलोनी में ठेकेदारों का घेराव भी रहा।

नगर निगम के दफ्तर में चर्चा रही कि वह शाम के समय लेनदेन करते हैं। इसके बाद जिला मुख्यालय के पास उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें निगम के कई ठेकेदार उनपर भुगतान के लिए दी गई धनराशि को मांगते नजर आ रहे थे। उन्होंने आसफाबाद चौराहे पर नालों की सफाई को लेकर 45 लाख रुपये की लागत के टेंडर में भी मोटा कमीशन लिया था। इसकी लिखित शिकायत विधायक व स्थानीय पार्षद ने भी की थी।नगर निगम के ठेकेदारों की माने तो फाइलों को पास करने के लिए अपर नगर आयुक्त, लेखाधिकारी, वर्तमान लेखाकार एक से दो फीसदी तक कमीशन लेते है। बताते हैं ,कि कई ठेकेदारों की 10 लाख से लेकर 50 लाख रुपये तक की फाइल थी। ठेकेदारों ने जल्द भुगतान देने के लिए उन्होंने सुविधा शुल्क लिया था। नगर निगम के लेखाधिकारी योगेंद्र त्रिपाठी का दो बार स्थानांतरण जिले से हो गया है, लेकिन वह अभी तक रिलीव नहीं हुए हैं। वहीं भाजपा नेता के नजदीकी लेखाकार जितेंद्र गुप्ता पर भी अवैध लेन देन के कई मामले चर्चा में रहे। हालांकि अभी तक उनपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्यौहार

**फिरोजाबाद, 08 जून (तरूणमित्र)।** शनिबार को जनपद में ईद-उल-अजहा की नमाज अकीकदत हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनायी गयी इस अवसर पर ईदगाह में सुबह 7:15 बजे मुफ्ती तनवीर अहमद कासमी ने नमाज अदा कराई। नमाज से पहले अपनी तकरीर में मुफ्ती साहब ने हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुबानी की प्रेरणादायक कहानी सुनाई।

उन्होंने बताया कि जब अल्लाह ताला ने हजरत इब्राहिम से उनकी सबसे प्यारी चीज की कुबानी मांगी, तो उन्होंने अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने का फैसला किया। जैसे ही छुरी चलाई, जन्नत से एक दुम्बा आया और बेटे की जगह ले ली। इस तरह अल्लाह ने उनकी कुबानी को कबूल किया, और तब से मुस्लिम समाज में कुबानी की रस्म निभाई जाती है। मुफ्ती तनवीर साहब ने सभी को बुराई छोड़कर अच्छाई के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। नमाज के बाद मुस्लिम समाज ने कुबानी की रस्म अदा की। इस अवसर पर हिंदू भाइयों ने भी ईदगाह और नमाज स्थलों पर पहुंचकर अपने मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी, जिसने भाईचारे की मिसाल कायम की। इस मौके पर प्रशासन की सराहनीय व्यवस्था की मुस्लिम समाज ने काफी सराहना की। ईदगाह पर नमाज के दौरान जिलाधिकारी रमेश रंजन ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, नगर आयुक्त ऋषि राज ,नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद,नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे और सीओ सिटी अरुण कुमार चौरसिया ने गांधी पार्क पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी नमाजियों को ईद की बधाई दी।

## आरक्षी में चयनित अभ्यर्थियों को एसपी ने दी जानकारी

**चित्रकूट, 08 जून (तरूणमित्र)।** 15 जून को आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जनपद से चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन स्थित सभागार में लखनऊ कार्यक्रम स्थल आवागमन के लिये ब्रीफ किया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद से चयनित सभी 115 अभ्यर्थियों को जानकारी दी गयी जिसमें से आज यहां 97 अभ्यर्थी उपस्थित हुए है। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने साथ पहचान पत्र यथा प्रवेश पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड आदि साथ रखेंगे।

## जिलाधिकारी ने देवीपुरा गौशाला का किया औचक निरीक्षण

**पीलीभीत, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आज देवीपुरा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित पशुओं हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में गोवंशों की संख्या, कृत्रिम गभार्धान एवं ईयर टैगिंग की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने नियमित गौवंशों की देखरेख हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित हरा चारा देने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जो पशु दुर्घटना से चोटिल होकर गौशाला लाये जाते हैं उनके स्वास्थ्य की विशेष ध्यान रखते हुये नियमित दवाई दी जाये। गोंवशों हेतु बनाए जा रहे टिनशेड के कार्यों को देखा एवं प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी। गोवशों गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

### आईवीआरआई ने रचा इतिहास

## भारत में पहली बार स्वदेशी तकनीक से हुआ कुत्ते का सफल कूल्हा प्रत्यारोपण

**बरेली, 08 जून (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी टीम ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस कूल्हा प्रत्यारोपण की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। अब तक कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में उपलब्ध नहीं था। यदि किसी कुत्ते को आर्टिफिशियल हिप की आवश्यकता होती थी, तो उसे केवल विदेश से ही मंगवाया जाता था, जिसका खर्च कम से कम 5 लाख तक आता था। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए पिछले लगभग 3 वर्षों से एक सुनियोजित अध्ययन करके विशेष रूप से भारतीय कुत्तों के अनुरूप सीमेंटेड पद्धति का कूल्हा ही नहीं, बल्कि उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को भी विकसित किया।

डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी तीम ने इस कार्य को एक चुनौती के रूप में लेते हुए शुरूआत में शहर के प्रसिद्ध ह्यूमन ऑर्थो सर्जन डॉ. आलोक सिंह की मदद कई बारीकियों को जानने का प्रयास किया। डॉ. आलोक सिंह और बरेली मेडिकेयर फर्म के योगेश सक्सेना एवं देवेश सक्सेना की तकनीकी सहायता से गुजरात की लाइफ ऑर्थो केयर कंपनी से कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल कूल्हा और उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को विकसित किया गया है। तकनीकी डिजाइन और आकार निर्धारित करने का कार्य ने डॉ. टी साई कुमार एमवीएससी शोध कार्य और डॉ. कमलेश कुमार टीएस को पीएचडी शोध कार्य हेतु दिया। यह कार्य एआईएनपी-डीआईएमएससीए (डिमस्का) परियोजना के अंतर्गत डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अमरपाल, डॉ. ए.सी. सक्सेना और डॉ. ए. एम. पावड़े की टीम द्वारा किया गया। डॉ. अमरपाल ने बताया कि इस तरह का कार्य देश में पहली बार एक सुनियोजित अध्ययन करके किया गया है और पहली सर्जरी देहरादून के, दूसरी बरेली के तथा तीसरी संभल पुलिस के कुत्तों में इसकी सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन दान दिया गया है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, रायबरेली**

पत्रांकः 1716/1ए0/2025-26 दिनांक : 02/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, रायबरेली द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग एवं आई0ओ0सी0एल0 में बिटुमिन ढुलाई के अनुभवी ठेकेदारो से **ई-टेण्डरिंग** के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभि0 का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| F/Y 2025-26 : | | | | | | | | | |
| 1 | रायबरेली | मथुरा रिफाइनरी से खण्ड के केन्द्रीय भण्डार प्रा0खं0, लो0नि0वि0, रायबरेली तक बिटुमिन की ढुलाई का कार्य। | 20.00 | 2.00 | 944.00 | 12 माह | प्रान्तीय खण्ड, लो0.नि.वि, रायबरेली | लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि. लखनऊ | मुख्य अभि0 (म0क्षे0) लो.नि.वि.लखनऊ |

**बिल ऑफ क्वान्टिटी में अंकित दरों में जी0एस0टी0 छोड़कर लगायी गयी है**

निविदा आनलाइन दिनांक **10.06.2025** से डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक **16.06.2025** की अपरान्ह **12:00** बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक **16.06.2025** को **अपरान्ह 12:30** बजे खोली जायेगीं।

शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें **http//etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

(महीपाल सिंह )
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खं0, लो0नि0वि0, रायबरेली।
For on behalf of Governor of UP

**U.P. 234668 dt. 05/06/2025 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।**


# भारतीय सेना के राइडर्स ने जनरल जोरावर के सम्मान में निकाली बाइक रैली

**बरेली, 08 जून (तरूणमित्र)।** भारत के सबसे सम्मानित सैन्य नायकों में से एक को श्रद्धांजलि देते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा, एवीएसएम, जीओसी, उत्तर भारत एरिया ने रविवार को बरेली से लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनरल जोरावर सिंह के सम्मान में 'जोरावर ट्रेल' नामक एक बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। कुमाऊं की पहाड़ियों में 8 दिनों तक चलने वाले इस महत्वपूर्ण बाइक अभियान में 24 समर्पित भारतीय सेना के राइडर्स के साथ-साथ 4 महिला राइडर्स सहित स्वयंसेवी राइडर्स भी शामिल होंगे, जो सम्मान और स्मरण का एक एकीकृत प्रदर्शन करेंगे।

16 जून 2025 को उत्तराखंड के पिथोगढ़ में एक संगीत समारोह के साथ इस रैली का समापन होगा। पंचशूल ब्रिगेड के तत्वावधान में




आयोजित यह रैली वीरता की भावना को दर्शाती है, जो जोरावर सिंह की विरासत से जुड़े कुछ सबसे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों से होकर गुजरेगी। सवार चुनौतीपूर्ण इलाकों से गुजरेंगे, जो बहादुर योद्धा की विजय और भारत की सशस्त्र सेनाओं को परिभाषित करने वाले अदम्य साहस का प्रतीक है।

रैली में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों जैसे गुरुद्वारा नानक मत्ता साहिब, काली माता मंदिर, ओम पर्वत, आदि कैलाश, पार्वती कुंड, पंचचूली पर्वत श्रृंखला के तल पर स्थित दुग्तु गांव का दौरा भी शामिल है, जिससे प्रतिभागियों में भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और प्राकृतिक विरासत के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। मार्ग के साथ-साथ, सवार पूर्व सैनिकों से भी मिलेंगे, सार्थक बातचीत को बढ़ावा देंगे और उनकी चिंताओं को संबोधित करेंगे।

इन बातचीत का उद्देश्य पूर्व सैनिकों के योगदान का सम्मान करना, उनके बलिदान को स्वीकार करना और यह सुनिश्चित करना है कि उनकी शिकायतों का समाधान किया जाए। श्रद्धांजलि से परे, यह पहल समुदाय और समावेशिता की भावना को बढ़ावा देती है, जो भारत के सैन्य इतिहास के बारे में भावुक नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। महिला सवारों की भागीदारी के साथ, यह कार्यक्रम साहसिक और रक्षा संबंधी पहलों में महिलाओं के बढ़ते सशक्तिकरण को उजागर करता है।

यह अंतर-पीढ़ी सीखने के अवसर के रूप में भी कार्य करता है, क्योंकि युवा सवार अनुभवी पूर्व सैनिकों से ज्ञान प्राप्त करते हैं, जिससे सेवा और बलिदान के बारे में उनकी समझ गहरी होती है। यह ऐतिहासिक रैली भारतीय सेना की अपने महान लीडर्स को सम्मानित करने और नागरिकों के बीच राष्ट्रीय एकता और उत्साह को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह सिर्फ. एक यात्रा नहीं है बल्कि एक शक्तिशाली संदेश है कि साहस, विरासत और देशभक्ति नई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है, दृढ़ता, समर्पण और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करती है।

# कमीशनखोरी: विधायक व भाजपा नेता में हुई गाली गलौज

❑ करीब 70 लाख के कमीशन के लिए बीच बाजार में भिड़े विधायक व भाजपा नेता

❑ एक दूसरे ने जान से मारने का लगाया आरोप,मामला थाने तक पहुँचा परंतु पुलिस के आलाधिकारी मौन



**हापुड़, 8 जून (तरुण मित्र)।** किसी ने सच कहा है कि बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया की कहावत फिर एक बार अपने आप को सत्य साबित करते हुए वर्तमान सदर विधायक व भाजपा नेता के बीच सही साबित हुई है हुआ यूं कि जमीन की कमीशन खोरी के चलते बीच बाजार में आज विधायक व भाजपा नेता एक दूसरे को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते नजर आए इतना देखकर लोग दंग रह गए कि विधायक जी व भाजपा नेता आज सड़क पर किस तरह एक दूसरे के कपड़े फाड़ रहे है। मामला कोतवाली पुलिस तक पहुंचा जब दैनिक तरुण मित्र जिला संवाददाता ने पुलिस के अधिकारियों से पूछा तो मामले में कोई जबाब नही मिला इससे पता चला कि इस मामला सत्ता पक्ष से जुडा होने के कारण अधिकारियों ने इस पर चुप्पी साद ली। इसी मामले में हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने बताया की हमारा कोई भी जमीन का मामला नही है भाजपा नेता जय भगवान शर्मा बिना बजह हमारे ऊपर दबाव बनाता है हमें जनता ने चुना है कोई जय भगवान ने हमें विधायक नहीं बनाया है हमें पार्टी के दम पर ब्लैकमेल कर रहा है हमारा जमीन की कमीशन खोरी से कोई वास्ता नहीं है और हमें जान से मारने की धमकी दी गई है इस मामले में हम उच्च अधिकारियों से भी बात करेंगे और इस मामले को पार्टी में भी आगे उठाएंगे वहीं भाजपा नेता जय भगवान शर्मा के सूत्रों ने बताया कि मामला जमीन की कमीशन से जुड़ा हुआ है शर्मा जी ने अपनी एक पार्टी को जमीन का सौदा विधायक से कराया था जिसमे बतौर बयाना 20 लाख रुपये दिए थे विधायक ने ज्यादा मुनाफा कमाने के चलते उस जमीन का सौदा किसी और को कर दिया उस जमीन में करीब 70 लाख रुपये का कमीशन बनता है यह मामला काफी दिनों से तूल पकड़ रहा है यह मामला हापुड़ मेरठ लोकसभा सांसद अरुण गोविल की अदालत में भी उठ चुका है परंतु उसका अभी तक कोई हल नहीं निकला है लेकिन जिस तरीके से सदर विधायक और भाजपा नेता के बीच सरेआम आज तहसील चैराहे पर गाली गलौच, नोक झोक व जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है इस मामले ने यह कहावत सही बैठती है कि बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया, इस मामले की आज पूरे शहर में चर्चा है अब देखना है मामला कहां तक पहुंचेगी। इस मामले में पुलिस के आला अधिकारी भी चुप्पी सादे हुए हैं उन्हें पता है कि मामला सत्ता पक्ष से जुड़ा हुआ है कहीं ऐसा ना हो की कुछ मुंह से गलत निकल जाए और इस मामले में नुकसान उठाना पड़े। इस वोल्टेज ड्रामे से भाजपा की छवि धूमिल होती है इसलिए बड़े नेताओं को हस्तक्षेप कर इस मामले में दखल देकर मामला निपटाना चाहिए।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

❑ दुर्घटना में दो घायल एक कानपुर रेफर

**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप एनएच-2 में शनिवार की देर रात ट्रक की चपेट में आ जाने से 50 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई वही दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कमालीपुर गांव निवासी बचान की पत्नी ननकी देवी गांव के ही राम बिहारी व दीवान के साथ बाइक से शहर किसी काम से आई थी। बताते हैं कि वापस लौटते समय जैसे ही ये लोग हसवा के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं राम बिहारी सहित दीवान घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने राम बिहारी की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# गरीब बेटी की शादी में पाल समाज ने पहुंचाई मदद



**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** पाल सामुदायिक उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ अमित पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल खागा तहसील, विजयीपुर ब्लाक के गांव अंजना भैरव पहुंचकर दिवंगत सुरेश पाल की बेटी खुशबू की शादी के लिए जरूरी सामग्री देकर मदद की और आश्वासन भी दिया कि अन्य जो भी आवश्यक चीज शादी के लिए जरूरी होगी और पीड़ित परिवार मदद के लिए जानकारी देंगे तो उसे भी यथा संभव पहुंचाया जाएगा।

दिवंगत सुरेश पाल तीन भाइयों में से दूसरे नंबर के थे। बड़े भाई की मृत्यु पहले ही हो चुकी है। अब सुरेश पाल की भी मृत्यु हो जाने से पूरे परिवार की जिम्मेदारी सबसे छोटे भाई दिनेश पाल पर आ गई है। पूरा परिवार बेहद गरीब है और सुरेश पाल बहुत ही मिलनसार सामाजिक व्यक्ति थे जिनके पांच बेटियां तथा एक छोटा बेटा है। दूसरे नंबर की बेटी की बारात 9 जून 2025 को आनी है जिसकी तैयारी चल ही रही थी कि अचानक 27 मई को असोथर थाना के कटरा गांव के समीप एक सड़क दुर्घटना में पिता सुरेश पाल की मृत्यु हो गई। जिससे शादी वाले घर में मातम छा जाता है।

साथ ही पूरे परिवार को शादी की चिंता सताने लगती है। परिवार की गरीबी को देखते हुए गांव सहित तमाम क्षेत्रीय लोगों ने अपने-अपने माध्यम से बेटी की शादी के लिए पारिवारीजनों की मदद करना शुरू किया और बेटी के चाचा दिनेश पाल ने दो जून को समिति के अध्यक्ष डॉ अमित पाल से भी मदद की अपील की। अध्यक्ष के बड़े भाई अंजना भैरव में ही सरकारी विद्यालय में अध्यापक है और इस परिवार के बच्चे भी विद्यालय में पढ़ रहे हैं। वह स्वयं पहुंचकर 5100 रुपए की मदद किया। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर अमित पाल ने भी मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया और अपने सभी पदाधिकारियों से संगठन के माध्यम से मदद पहुंचाने की अपील किया।

मदद करने वालों में शिवप्रकाश पाल, डॉ रमाशंकर पाल, सुनील पाल, दीपक पाल, इंद्रराज पाल, कीर्ति सिंह पाल, संजीत पाल, लालबहादुर पाल, अभिषेक पाल, अमित पाल, शिवनंदन पाल, बाबूलाल पाल, बद्री प्रसाद पाल, अखिलेश पाल मुन्ना, विजय पाल, रामकृपाल पाल, अजय कुमार पाल, रामचंद्र पाल, जगदीश पाल, डॉ राममिलन पाल, डॉ रोहित पाल, देशराज पाल शामिल रहे। मदद पाकर पीड़ित परिवार ने सभी का आभार और धन्यवाद व्यापित किया।

# बकरीद के बाद सफाई व्यवस्था की कमान संभालते दिखे ईओ डॉ. ब्रजेश कुमार



**अमरोहा, 08 जून (तरूणमित्र)।** ईद उल अजहा के दूसरे दिन अमरोहा नगर पालिका परिषद के उप नगर आयुक्त (ईओ) डॉ. ब्रजेश कुमार ने शहर की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। त्योहार के बाद की स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से ईओ स्वयं सड़कों पर उतरे और सफाई व्यवस्था की निगरानी की।

डॉ. ब्रजेश कुमार ने सफाई में जुटे कर्मचारियों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि खामियां मिलीं तो संबंधित को खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

ईओ डॉ. ब्रजेश कुमार की यह सक्रियता और संवेदनशीलता नगरवासियों में प्रशंसा का विषय बनी हुई है। उन्होंने न केवल फील्ड में जाकर सफाई कार्यों की निगरानी की, बल्कि शहर के विभिन्न इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी सफाई व्यवस्था की ऑनलाइन मॉनिटरिंग सुनिश्चित की।

नगर की स्वच्छता को लेकर उनकी गंभीरता और कार्यशैली यह साबित करती है कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित हैं। ईओ के इस प्रयास से उम्मीद है कि अमरोहा नगर पालिका की छवि और कार्यप्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

# अपना दल एस ने बैठक कर संगठन मजबूती पर की चर्चा



**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** अपना दल एस की मासिक बैठक कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें संगठन मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी व विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रयागराज अनिल उमराव ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि संगठन को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मजबूत करके जन-जन के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाना है। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में संगठन के घोषित प्रत्याशियों को जिताया जा सके। बैठक के पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर बृजेश पाल, अभय पटेल, अभय सिंह, कान्ती कुशवाहा, सुमन मौर्य, सोनी श्रीवास्तव, गुड़िया मौर्या, शालिनी विश्वकर्मा, आशीष पटेल, विनोद कुशवाहा, राजू पटेल, विपिन कौशल, अर्जुन मौर्य, गजोधर मौर्य, शिव सिंह बाबा, करन पटेल, पंकज पाल, आलोक मौर्य, बृजेश पटेल, विजय पटेल, राकेश सिंह, शिवशंकर पटेल, रावेन्द्र प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, हेमन्त पटेल, संतोष मौर्य, राजकुमार पटेल, वीरेन्द्र पटेल, नीलेश चैरसिया, राजेन्द्र मौर्य, रोहित पटेल, सूरज पाल, राजेन्द्र पाल भी मौजूद रहे।

# बालक की गटर टैंक में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

**एटा, 08 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव भगीपुर में एक दर्दनाक हादसे में छह वर्षीय बालक की गटर टैंक में डूबकर मौत हो गई। मृतक आरव पुत्र दुष्यंत कुमार घर से बाहर खेलने के लिए निकला था, लेकिन देर तक वापस न लौटने पर परिजन उसे तलाशने लगे।

शाम करीब 7:30 बजे घर के सामने एक निर्माणाधीन मकान के गटर टैंक में आरव की चप्पल उतराती दिखाई दी। आशंका होने पर कुछ लोग टैंक में उतरे और तलाश की, तो आरव पानी में डूबा मिला।

उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# कृषि कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने दी उन्नत किसानों को नवीनतम तकनीकी की जानकारी



**शामली, 06 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत थानाभवन के गंदेवडा गांव में कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, सरकार की योजनाओं और लाभदायक खेती के तौर-तरीकों से अवगत कराना था। कार्यक्रम मे सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल रहे।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 ओंमकार सिंह व कृषि निदेशक राकेश कुमार के साथ कृषि विभाग की एक टीम मौजूद रही। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डा0 ओंमकार सिंह ने किसानों को केवीके द्वारा संचालित विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे गन्ना,धान प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को एग्रोफॉरेस्ट्री को अपनाने की सलाह दी और समझाया कि कैसे इससे पर्यावरणीय लाभ के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी प्राप्त किए जा सकते हैं। कृषि निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि मिट्टी की सेहत के महत्व पर बल दिया और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नमूना लेने की विधि, खारे पानी के प्रबंधन और खेतों में आम समस्याओं पर चर्चा की। किसानों को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम किसानों के अधिकारों की रक्षा करता है और किस्मों के संरक्षण को बढ़ावा देता है। उन्होंने किसानों को एक ही भूखंड से एक वर्ष में एक से अधिक फसलें लेने हेतु प्रेरित किया और बताया कि कैसे बहु फसली खेती लाभकारी सिद्ध हो सकती है।

इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया और किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में नितिन चौधरी, प्रदीप कुमार,संदीप कुमार, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम कॉलेज में बीएससी कृषि विज्ञान प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर, 08 जून (तरूणमित्र)।** मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित बीएससी( कृषि विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफल में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। जिससे शिक्षकों और छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित बीएससी ( कृषि विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाफल प्रशांत कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान आदित्य कुमार 79.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान वही मिथिलेश कुमार 79.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तथा यह भी बताया की यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और हमारे शैक्षणिक वातावरण की गुणवत्ता का प्रमाण है। हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को समग्र रूप से विकसित करना है ताकि वे छात्र छात्राएँ कृषि क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर सकें।

इस अवसर पर श्री राम कॉलेज के निदेशक डॉ अशोक कुमार ने बताया की आज के दौर में कृषि शिक्षा को लेकर युवाओं में बढ़ता रुझान भी इस सफलता का एक प्रमुख कारण है। श्री राम कॉलेज ने बीएससी कृषि पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि ये सभी छात्र-छात्राएँ भविष्य में समाज व देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेंगे,एवं महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं, फील्ड वर्क, सेमिनार, और कार्यशालाओं के जरिए विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी जाती है, जो भविष्य में उन्हें कुशल कृषि वैज्ञानिक, उद्यमी या कृषि अधिकारी बनने में मदद करेगी।

इस अवसर पर बीएससी कृषि विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नईम राजपूत ने कहा, हमारे विद्यार्थी सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह का प्रदर्शन कर रहे हैं, वह निश्चित ही सराहनीय है। यह कॉलेज के शिक्षण मानकों की ताकत को दशार्ता है।

## दो युवकों ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते चौबीस घंटे के अंतराल में दो लोगों ने गांव के बाहर जंगल जाकर पेड़ पर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के कोरवल गांव निवासी छत्रपाल का 26 वर्षीय पुत्र सुनील शराब पीने का आदी था। बताते हैं कि रात खाना खाने के बाद वह घर से निकल गया लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी देर बीत जाने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन कोई सुराग न लगा। आज सुबह सुनील का शव गांव के बाहर जंगल में महुए के पेड़ से लटका मिला। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बसंतीखेड़ा गांव निवासी राम किशोर का 27 वर्षीय पुत्र कमलेश रैदास ने शनिवार की शाम गांव के बाहर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# भाकियू राष्ट्रीयतावादी की महापंचायत कल

**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** ग्राम पंचायत गौंती प्रकरण में अभी तक किसानों को न्याय न मिलने व खागा तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से जिन किसानों का उत्पीड़न किए जाने सहित दिए गए ज्ञापनों पर लापरवाही बरतने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की महापंचायत नहर कालोनी प्रांगण में 10 जून को होगी।

यह जानकारी देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष/बुंदेलखण्ड प्रभारी शाहिद शेख ने बताया कि संगठन आगामी दस जून को नहर कालोनी में महापंचायत आयोजित करके मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाएगा। मांगे पूरी न हुई तो जिला कलेक्ट्रेट का घेराव करके अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। जब तक सरकारी व किसानों की जमीन कब्जा मुक्त नहीं होती तब तक धरना लगातार चलता रहेगा। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। उन्होने जिले किसानों व संगठन के पदाधिकारियों का आहवान किया कि महापंचायत में शिरकत करके सफल बनाएं।

## बाइक सवारों को कैंटर ने रौंदा, एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**एटा, 08 जून (तरूणमित्र)।** मलावन थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लालडुंडबारा के पास तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अवधेश पुत्र रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई भूपेंद्र और दोस्त नीरज पुत्र रणवीर गंभीर रूप से घायल हो गए।

तीनों युवक बागवाला थाना क्षेत्र के पेसरई गांव से तेरहवीं की दावत खाकर अपने गांव लौट रहे थे। तभी लालडुंडबारा के पास यह हादसा हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया।

मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों ने दोनों घायलों की हालत नाजुक बताई है।

# कार चला रहे व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत परिवार में मचा कोहराम

**एटा, 08 जून (तरूणमित्र)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के गोदाम चैकी के पास शनिवार को एक दर्दनाक घटना हुई। कार चला रहे 38 वर्षीय मानवेंद्र सिंह की अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे फरुर्खाबाद जिले के थाना शमशाबाद क्षेत्र के मुराहटी गांव के निवासी थे।

मानवेंद्र अपने परिवार के साथ एटा के अम्बेडकर नगर में अपनी बहन के ससुर से मिलने जा रहे थे, जिनका आंत का ऑपरेशन हुआ था। कार में पत्नी पूजा, 12 वर्षीय बेटा आरव, 5 वर्षीय बेटी अटू और चचेरा भाई अंकित भी मौजूद थे। बहन के घर से कुछ ही दूरी पहले मानवेंद्र को अचानक सीने में दर्द हुआ और वे बेहोश हो गए। परिजन उन्हें तत्काल वीरांगना अवंतीबाई मेडिकल कॉलेज एटा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# गर्मी ने फिर दिखाए तेवर, पारा 44 पार

❑ धूप की तपिश ने लोगों को झुलसाया



**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** मौसम के लगातार रंग बदलने से लोगों को गर्मी से राहत मिलती नजर नही आ रही है। मई माह के अंतिम सप्ताह में आंधी बारिश के बीच मौसम सुहावना हो गया था। गर्मी से राहत मिलती देख लोग खुश हुए ही थे कि जून के पहले सप्ताह के अंतिम दिवस में सूरज की तपिश एक बार फिर से रौद्र रूप में है। रविवार को तापमान के 44 डिग्री ने लोगो को एक बार फिर से गर्मी के वापस आने का एहसास दिया। सूर्य के इस रौद्र रूप ने लोगों को घरों में कैद करके रख दिया। गर्मी की री इंट्री देखकर लोगो को पसीने आना शुरू हो गये है। मौसम में ऐसा बदलाव होना वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन एक अहम वजह है। मार्च माह तक मौसम सामान्य रहा अप्रैल के शुरूआत में बूंदाबांदी होने के चलते मौसम सुहावना हो गया अप्रैल के दूसरे माह के बीतने के बाद मौसम में फिर अचानक परिवर्तन हुआ और तीसरे सप्ताह तक पहुंचते पहुंचते तापमान ने 44 डिग्री का आंकड़ा छू दिया। मई माह में मौसम ने करवट लेकर भीषण रूप धारण किया लेकिन अंतिम सप्ताह ने ही आंधी बारिश ने मौसम में बदलाव किया हल्की बरसात ने लोगो को राहत पहुंचाई। मई के प्रथम सप्ताह तक सामान्य सी गर्मी ने एक बार फिर से आग बरसाना शुरू कर दिया। तापमान के बढ़ने से सड़कों पर एक बार फिर से सन्नाटा छाने जैसी स्थिति बन गई। रविवार को छुट्टी का दिन होने बाद भी बाजारों में खरीदारी करने वाले ग्राहकों की भीड़ नदारत रही। लोग घरों में कूलर, एसी के सामने दुबके रहे। शाम को बाजारों में रौनक देखने को मिली। बाहर निकलने वाले लोग धूप से बचने के लिए लोग अंगौछा, छतरी का प्रयोग करते हुए देखे गए। वहीं गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल नजर आये। धूप व गर्मी से बचने के लिए खुद के लिए साया तलाशते रहे।

# छत से गिरकर युवक की मौंत

**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लहंगी में रविवार की भोर छत से गिरकर 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी कुछ देर बाद ही मौके पर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार लहंगी गांव निवासी राम किशोर का पुत्र अनिल कुमार छत पर सो रहा था। रविवार की भोर लगभग साढ़े तीन बजे लघुशंका करने के लिए उठा। तभी नींद के झोके में छत से नीचे गिर पड़ा और कुछ देर तड़पने के बाद उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# हिंदू महासभा सत्रह को सदर तहसील का करेगी घेराव

❑ जनपद में फैले भ्रष्टाचार व रिश्तखोरी को लेकर किया जाएगा विरोध



**फतेहपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** अखिल भारत हिंदू महासभा जिला इकाई की आवश्यक बैठक कैंप कार्यालय में शशीकांत मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में फैले भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के बिना सरकारी कार्यालयों में आम जनमानस का कोई कार्य न होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे समूलनष्ट करने हेतु रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि आगामी 17 जून मंगलवार को रिश्वतखोरी के विरोध में फतेहपुर तहसील में धरना-प्रदर्शन करके तहसील का घेराव किया जाएगा।

वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जनपद के कुछ अधिकारी व कर्मचारी बिना रिश्वत के जनता का कोई कार्य नहीं कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी राजस्व विभाग में व्याप्त है। लेखपाल कानूनगो खुले रूप से धन उगाही में संलग्न है। भोली भाली जनता का भरपूर शोषण कर रहे हैं। जिसके विरोध में 17 जून को वृहद आंदोलन किया जाएगा। बैठक में जिला प्रभारी गिजेन्द्र मौर्य, जिला प्रवक्ता स्वामी राम आसरे आर्य, तहसील अध्यक्ष बृम्हेश तिवारी, श्रवण कुमार, प्रमोद कुमार, राजशर्मा, मोबीना वारसी, संगीता गुप्ता भी मौजूद रहीं।

# उप निरीक्षक यातायात संजय सिंह का पुलिस लाइन में विदाई समारोह संपन्न

बांदा , 08 जून (तरूणमित्र)।उप निरीक्षक यातायात संजय कुमार सिंह के पीएसी निदेशालय लखनऊ में स्थानांतरण हो जाने पर यातायात कार्यालय पुलिस लाइन बांदा में समस्त यातायात अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं समाजसेवियों के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बता दें कि तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के आदेशों तहत संजय सिंह जो कि 5 फरवरी 2023 को बांदा जनपद में उप निरीक्षक यातायात के पद पर नियुक्त हुए थे और 23 जून 2023 को बांदा जनपद का प्रभारी यातायात का पदभार ग्रहण किया था साथ-साथ जनपद बांदा में कई जगह यातायात सुरक्षा व्यवस्था को सुगम बनाने के कार्य किया है। लगभग 2 वर्ष 4 माह का कार्यकाल यातायात विभाग बांदा में पूर्ण करते हुए पीएसी मुख्यालय लखनऊ में स्थानांतरण हो गया है। मुख्यालय बांदा में रहते हुए उन्होंने यातायात व्यवस्था सुधार से संचालन हेतु कई प्रयास किए जिन प्रयासों में मुख्य रूप से शहर के बाबूलाल चौराहे में प्रथम ट्रैफिक सिग्नल, यातायात बूथ का निर्माण करवाना ताकि यातायात पुलिस को व्यस्तम चौराहे पर तेज धूप, बारिश से बचने के लिए



एक स्थान मिल सके एवं बाबूलाल चौराहे पर साउंड एवं मशीन की स्थापना करवाने जिस पर यातायात नियमों को लोगों को साउंड के माध्यम से जानकारी देने के साथ-साथ कई अहम सराहनीय कार्य तत्कालीन जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मार्गदर्शन में करवाए है जो जनपद में हमेशा याद किए जाते रहेंगे। बांदा जनपद की मुख्य तहसीलों जैसे बबेरू,अतर्रा की कमान भी इनके द्वारा संभाली गई जहां यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य भी किया गया।आज पुलिस लाइन यातायात मुख्यालय पर विदाई सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जनपद बांदा के यातायात निरीक्षक संजय मिश्रा, समाजसेवी पत्रकार सुनील सक्सेना, उप निवयातायात इंद्रावली, निहाल सिंह,सब इंस्पेक्टर बुद्धिमान सिंह, हेड कांस्टेबल यातायात पुलिस,बलवीर सिंह,सर्वेश कुमार,कृष्ण प्रताप ,गौतम सिंह,ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र कुमार,प्रशांत कुमार,सर्वेश पाल, दुर्गा प्रसाद,विकेश नायक आदि ने उप निरीक्षक यातायात संजय कुमार सिंह को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर भावभीनी विदाई के साथ लखनऊ पीएसी मुख्यालय के लिए विदा किया।

## वाहन चोर गैंग से चोरी की छह मोटरसाइकिल की बरामद

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। वाहन चोर गैंग के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक बाल अपचारी भी है। इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की छह मोटरसाइकिल बरामद की हैं। थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में चैकिंग के दौरान कपिल पुत्र रामदयाल निवासी अमर कॉलोनी थाना हाइवे, हुकुम पुत्र जोगेन्द्र निवासी बाकलपुर थाना हाइवे, अरुण पुत्र श्यामलाल निवासी मोरा थाना जैत व एक बाल अपचारी को अलवर बाजना रेलवे पुल से पहले पार्थ होटल के पास चौकी क्षेत्र कृष्णानगर थाना कोतवाली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की कुल छह मोटर साइकिल बरामद हुई हैं। बरामद दो मोटर साइकिलों के चोरी होने की एफआईआर थाना कोतवाली तथा शेष दो मोटर साइकिलों के सम्बन्ध में जनपद के अन्य थानों पर एफआईआर दर्ज हुई थी। अन्य जनपदों से जानकारी की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बाल अपचारी सहित एक गैंग है ।

# डीएम ने मधवलिया गोसदन का किया स्थलीय निरीक्षण

महराजगंज, 08 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज गोसदन मधवलिया का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गोशेड, गोकास्ट व वर्मी कंपोस्ट निर्माण का कार्य देखा। उन्होंने परिसर में नियमित रूप से साफसफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही समयझसमय पर गोशालाओं में विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने गोशाला में विद्युत ट्यूबवेल के स्थान पर सोलर ट्यूब लगवाने के लिए कहा ताकि गोसदन में विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में भी जलापूर्ति बाधित न हो और विद्युत बिल को भी बचाया जा सके। उन्होंने गोसदन की भूमि पर सोलर प्लांट लगवाने हेतु कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गोसदन में वर्मी कंपोस्ट और गोकास्ट निर्माण का काम भी देखा और गोसदन को होने वाली आय की जानकारी ली। सीवीओ महराजगंज ने बताया कि गोसदन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कुल 143 कुंतल गोकाष्ठ का निर्माण किया गया है। अबतक समूह द्वारा 93 कुंतल गोकाष्ठ की बिक्री ?500/कुंतल की दर से की गई है। बिक्री से गोसदन को ?9300/झ की आय हुई है, जबकि महिला स्वयं सहायता समूह को ?37200/- की आय हुई है। इसी प्रकार गोसदन में अबतक कुल 550 कुंतल वर्मी कंपोस्ट का निर्माण स्वयं सहायता समूह द्वारा किया गया है। कुल 342 कुंतल कंपोस्ट की बिक्री से गोसदन को ?48000/- और समूह को ?179772/- की आय प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि गोसदन में निर्मित उत्पादों को और बेहतर मार्केट लिंकेज प्रदान करवाने का प्रयास करें। इसके उपरांत उन्होंने भूसा, हरा चारा आदि की स्थिति को देखा और निर्देश दिया कि पशुओं को हरे चारे की और बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु हरे चारे का उत्पादन बढ़ाएं। उन्होंने रेंजर मधवलिया को निर्देशित किया कि गोसदन की भूमि पर बांस का रोपण कराएं, जिससे गोसदन को अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गोसदन की व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारी प्रयास करें कि गोसदन को आत्मनिर्भर बन सके और न सिर्फ अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति अपने संसाधनों से कर सके, ।

# दूल्हा बदलने का आरोप लगा कर लडकी वालों ने वापस लौटाई बारात

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। मैरिज होम में शनिवार रात एक शादी समारोह में दूल्हा बदलने के आरोप को लेकर हंगामा हो गया। लड़की पक्ष ने शादी करने से इंकार कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस पहुंच गई। समझाने बुझाने के बाद भी कोई बात न बनने पर बिना दुल्हन के बारात लौट गई। सुरीर के गांव कराहरी निवासी एक व्यक्ति के दो बेटों का रिश्ता आगरा के गांव खड़िया तय हुआ था। जिसमे टैंटीगांव स्थित बांकेबिहारी मैरिज होम में सात जून को शादी की रस्म पूरी होनी थीं। लड़की पक्ष के लोग शादी के लिए दोनों लड़कियों को लेकर मैरिज होम पर आए। गांव कराहरी से दोनों भाइयों की बरात भी पहुंच गई। दूल्हा बने दोनों भाई एक कमरे में शादी की रस्म शुरू होने के इंतजार में बैठे थे। शादी समारोह में डीजे पर नाचने गाने के साथ शादी समारोह में धूम हो रहे थे। तभी कमरे में बैठे दूल्हों को देख कर लड़की पक्ष ने दूल्हा बदलने का आरोप लगा कर हंगामा शुरू कर दिया। लड़की पक्ष का कहना था कि रिश्ता तय करते समय उन्हें दूसरे लड़के दिखाये थे। लड़की पक्ष सुनने को तैयार नहीं था। हंगामा होने की सूचना पर थानाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा और चौकी इंचार्ज अजीत मलिक पुलिस बल साथ मौके पर पहुंच गए। काफी समझाने के बाद भी शादी के लिए कोई बात नहीं बनी। दुल्हन बनीं लड़कियों ने भी स्वजन के निर्णय पर सहमति जताते हुए उन लड़कों से शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद लड़की पक्ष के लोग दोनों लड़कियों को लेकर वापस चले गए। थानाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा का कहना है कि दूल्हा बदलने के आरोप को लेकर शादी नहीं हो सकी।

## नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।थाना कोतवाली ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुण्डीर के मुताबिक थाना कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक मुश्ताक मेंहदी द्वारा टीम के साथ अभियुक्त मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

# दो चोरियों के सामान सहित तीन गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर, 08 जून (तरूणमित्र)। थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत चोरी के 02 अभियोग का किया सफल अनावरण, चोरी की घटना से सम्बन्धित कुल तीन अभियुक्तों को चोरी किया हुआ माल के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशानुसार अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 146/25 धारा-305, 331(4) बीएनएस दिनांक 19 मई 2025 को ग्राम पकड़ी डल्लापुर व मु0अ0सं0-150/25 धारा-305, 331(4) बीएनएस 2023 दिनांक 23 मई 2025 को ग्राम सरैया लम्बरदारी केंवारी में अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित कर सोने, चाँदी के आभूषण व नगदी चोरी करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अवगत कराया गया कि उक्त दोनों चोरी की घटना का सफल अनावरण हेतु थाना स्थानीय पर पुलिस टीम गठित कर सार्थक प्रयास किये जा रहे थे जिसके क्रम में 8 जून 2025 की रात्रि में क्षेत्र भ्रमण संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर उपरोक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण नीरज पुत्र परतोखी निवासी ग्राम बवरे भवानीगढ़ थाना भीटी उम्र करीब 23 वर्ष। जितेन्द्र गुप्ता उर्फ जीतू पुत्र अशोक गुप्ता निवासी ग्राम अन्नावां बाजार थाना अहिरौली



उम्र करीब 33 वर्ष। विनोद कुमार पुत्र राम अजोर धोबी निवासी ग्राम रनीवां कमार्जीत थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 44 वर्ष को 8 जून 2025 को समय करीब 3.10 बजे मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी के माल के साथ खेमापुर नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस 2023 किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।अभियुक्त नीरज, जितेंद्र व विनोद कुमार के खिलाफ लगभग आधा दर्शन अपराधिक मुकदमा विभिन्न धाराओं में दर्ज किया गया है। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में उ0नि0 लक्ष्मीकान्त वर्मा, ,उ0नि0 शुभम मिश्रा सहित अहिरौली पुलिस टीम अम्बेडकरनगर शामिल रही

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस ने 16 माह में बरामद किए 1775 मोबाइल फोन

आजमगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)। जनपद के पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मई में पुलिस ने 114 एंड्रॉयड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 28 लाख रुपये) बरामद किए, जिन्हें रविवार, 08 जून को अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने रिजर्व पुलिस लाइन, आजमगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में उनके स्वामियों को सौंपा।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरवरी 2024 से शुरू इस अभियान के तहत अब तक कुल 1775 एंड्रॉयड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 3 करोड़ 29 लाख रुपये) बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इसमें वर्ष 2025 में 550 फोन शामिल हैं। गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर सीसीटीएनएस प्रभारी द्वारा इन फोनों की बरामदगी की गई फरवरी 2024 से अप्रैल 2025 तक पुलिस ने 1661 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 3 करोड़ रुपये) बरामद किए थे, और मई 2025 में 114 और फोन बरामद कर इस अभियान को और मजबूती दी। आजमगढ़ पुलिस का यह प्रयास नागरिकों के लिए राहत का सबब बन रहा है, और खोए हुए फोनों को उनके मालिकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## डीएम ने विकास खंड इटवा का किया निरीक्षण

सिद्धार्थ नगर, 08 जून (तरूणमित्र)। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 ने खंड विकास अधिकारी इटवा को निर्देश दिया कि पार्क तक आने के लिए सड़क बनवाये। स्टेडियम में मिट्टी डाल कर ऊँचा कराने का निर्देश दिया जिससे बरसात में पानी न भरे। इसके साथ ही लाईट लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा पेड़ लगाया गया। निरीक्षण के दौरान पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, खंड विकास अधिकारी इटवा उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योग कैंप का आयोजन

अम्बेडकरनगर , 08 जून (तरूणमित्र)। 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के निर्देशन में योग वेलनेस सेंटर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज में रविवार को योग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक रामकृपाल यादव व अशोक पासवान तथा खेल अनुदेशक राधेश्याम व राजेश कुमार तथा जिला प्रोग्राम मैनेजर भूलेंद्र शाही व डॉ.कृष्ण गोपाल तथा जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ.जयराम यादव तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज के अधीक्षक डॉ. उदय चंद यादव उपस्थित रहे ।

## 7.5 लीटर अवैध शराब के साथ 1 अभियुक्त गिरफ्तार

सिरसिया/श्रावस्ती, 08 जून, (तरूणमित्र)। पुलिस द्वारा अभियुक्त विनोद सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी तुलसीपुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर के कब्जे से एक सफेद बोरी में (25 बोतल दुकुटी सौफी प्रति बोतल में 300'') कुल 7.50 लीटर अवैध शराब बरामद होने के अपराध में थाना सिरसिया पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

दुद्धी, सोनभद्र , 08 जून (तरूणमित्र)। दुद्धी ब्लॉक के टेढ़ा गाँव में सीसी रोड निर्माण के लिए रविवार को भूमि पूजन हुआ। गाँव का बैगा ने बीडीसी देवचंद सहित अन्य गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में भूमि पूजन कराया।गाँव के गोड़वानी बस्ती रामधनी गोड़ के घर से 180 मीटर सीसी रोड का निर्माण किया जाना हैं जिससे अजय सहित कई लोगों का घर का आवागमन सुगम होगा। क्षेत्र पंचायत मद से सीसी रोड निर्माण का शिलान्यास होने से ग्रामीणों को काम मिलेगी।बीडीसी देवचंद यादव ने बताया कि गाँव के उन बस्तीयों को गाँव के मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा हैं ताकि गाँव की आदिवासी आबादी मुख्य सड़क मार्ग से जुड़ सके और आवागमन सुगम हो सके। सीसी रोड का निर्माण होने से गाँव के लोगों का आना-जाना सुगम होगा।इस मौके पर रमुना बैगा, राजकुमार बैगा, हरी यादव, शिवशंकर यादव, चन्द्रमणि यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सुमन वाटिका का हुआ लोकार्पण

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। कृष्णा नगर मथुरा स्थित मियाँ वाली धर्मशाला में ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि शमाम सुंदर गोस्वामी कृत सुमन वाटिका का लोकार्पण समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. के. उमराव विवेकनिधि की सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सोहन लाल शीतल, आगरा विश्वविद्यालय के प्रो. डाँ. संतोष विहारी शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. घनश्याम पांडेय, हिंदी प्रचार सभा के निदेशक गीतकार नटवर नागर, एवं डॉ. विवेक निधि का डॉ. मनमोहन गोस्वामी द्वारा माला व दुपट्टा पहना कर सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से डॉ. श्याम सुंदर गोस्वामी गोस्वामी कृत सुमन बाटिका का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद सुमन वाटिका की समीक्षा करते हुये डॉ. नटवर नागर ने कहा कि मेरे ही संपादन में पं. श्याम सुंदर गोस्वामी की प्रथम कृति राग चापलूसी का भी हिंदी प्रचार सभा द्वारा ही लोकार्पण हुआ था। आगरा से पधारे डॉ. संतोष विहारी शर्मा ने कवि गोस्वामी की प्रशंसा करते हुये कहा कि इस दीघार्यु में भी काव्य लेखन का बड़ा दुष्कर कार्य है उन्होंने ब्रज भाषा को सम्रद्ध किया है। बीएसए कॉलेज के प्रो. डाँ. लावण्य कौशिक ने हुए कहा कि इस पुस्तक में विविध विषयों का बहुत ही रोचक वर्णन किया है जो एक अमूल्य साहित्यिक धरोहर है

# स्वयंसेवी संस्था करे आवेदन

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित स्माइल योजना की उपयोजना कॉम्प्रेहेन्सिव रिहैबिलिटेशन ऑफ पर्सन्स इन्गेज्ड इन द एक्ट ऑफ बेगिंग हेतु जनपद मथुरा में भिक्षावृत्ति से जीवन यापन करने वाले भिक्षुओं के समेकित पुनर्वास हेतु प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं से निवेदन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। संस्था का चयन जनपद स्तरीय समिति द्वारा आरएफपी में अंकित दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, सोसाइटी को सूचित किया जाता है कि निर्धारित निवेदन प्रस्ताव को समस्त आवश्यक स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्रों आदि की प्रति के साथ 15 जून को सायं पांच बजे तक सील बन्द लिफाफे में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध कराया जा सकता है। विलंब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा बांके बिहारी कॉरिडोर के विरोध में आई

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के ब्रज प्रदेश के अध्यक्ष आचार्य राजेश किशोर गोस्वामी ने कहा बांके बिहारी कॉरिडोर बनने से वृंदावन की साख खराब होगी कुंज गलियां खत्म हो जाएगी वृंदावन के स्वरूप से छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दुष्यंत सारस्वत एवं महानगर उपाध्यक्ष आचार्य दीपक गोस्वामी ने कहा है ।

# 9 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत किया गोष्ठियों का आयोजन

बाराबंकी, 08 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी बाराबंकी शशांक त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में जनपद में दिनांक 29 मई 2025 से दिनांक 12 जून, 2025 तक प्री खरीफ सीजन के दौरान संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के आज ग्यारहवां दिवस को विकास खण्डों की कुल 09 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गोष्ठियों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विकास खण्ड देंवा के ग्राम नरायण भारी, ग्राम सालेहनगर तथा ग्राम हर्रई में, विकास खण्ड रामनगर के ग्राम अमौली व ग्राम दुगार्पुर में एवं विकास खण्ड सिरौली गौसपुर के ग्राम सोधवां में और विकास खण्ड दरियाबाद के ग्राम उदवतनगर व ग्राम मियागंज में एवं विकास खण्ड पूरेडलई के ग्राम सरांयनेतमऊ में कुल 09 ग्रामों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत गोष्ठियों का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठियों में जिलाधिकारी के स्तर से नामित कृषि वैज्ञानिकों



एवं अधिकारियों की 03 टीमों द्वारा समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर किसान भाइयों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकास खण्ड दरियाबाद के ग्राम मियागंज में संयुक्त कृषि निदेशक, अयोध्या मण्डल, अयोध्या ए0के0 मिश्रा की उपस्थिति में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कृषि निवेश मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़, बाराबंकी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अर्चित शुक्ला एवं जिला रक्षा कृषि अधिकारी, बाराबंकी श्री विजय कुमार सहित लगभग 250 क्षेत्रीय कृषक भी उपस्थित रहे। जिला रक्षा कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा खरीफ अभियान के अन्तर्गत कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं विभागीय योजनाओं के साथ-साथ फसल विविधीकरण के सम्बन्ध में किसान भाइयों को जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डा0 अर्चित शुक्ला द्वारा किसान भाइयों को फसल चक्र के माध्यम से अपने उत्पादों की गुणवत्ता में एवं आय में वृद्धि के बारे में जानकारी दी गई। संयुक्त कृषि निदेशक, अयोध्या मण्डल, अयोध्या जी द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसानों के हित के लिये सदैव प्रयत्नशील है। इसी प्रकार विकास खण्ड दरियाबाद के ग्राम उदवतनगर में माननीय ब्लाक प्रमुख दरियाबाद श्री आकाश पाण्डेय की उपस्थिति में कृषि सूचना तंत्र का सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत खरीफ कृषि निवेश मेले का भी आयोजन किया गया।विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में किसान भाइयों को मुख्य रूप से योजनओं के अन्तर्गत देय सुविधाओं, ।

# चंद्रमा ऋषि धाम पर पौधारोपण के साथ पुरानी पेंशन की मांग

- ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का अभियान जारी
- पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक न्याय की लड़ाई, सीपी व गुलाब ने की अगुवाई

आजमगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)। मुजफ्फरपुर स्थित चंद्रमा ऋषि धाम पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने पर्यावरण संरक्षण और पुरानी पेंशन योजना (डढर) की बहाली की मांग को लेकर एक पौधारोपण अभियान चलाया। तमसा नदी के तट पर आयोजित इस कार्यक्रम में आंवला, जामुन, चिलबिल और माल श्री के पौधे रोपे गए। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में पुरानी पेंशन योजना लागू कराने की लड़ाई का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ₹हम पुरानी पेंशन के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं और जब तक यह लागू नहीं हो जाती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा।₹जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया ने देश के जवानों और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ₹देश की सीमाओं पर बलिदान देने वाले जवानों और कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन लागू करना जरूरी है। हम प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से पौधारोपण के माध्यम से अपनी मांग उठा रहे हैं।₹ यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक न्याय की मांग को जोड़कर एक अनूठा संदेश दे रहा है।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सीपी यादव, जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार यादव, श्री राम यादव, अतुल कुमार, भारती सिंह, महेंद्र कुमार, सिरमोद विकास कुमार, प्रजापति विनोद कुमार, जावेद मोहम्मद, असलम, जागृति प्रसाद, संजय कुमार, राधेश्याम मौर्य, मूलचंद चौहान, राम बच्चन, रामस्वरूप, भगवान मौर्य, राजेश कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन चंद्रमा ऋषि आश्रम के पवित्र स्थल पर हुआ, जो तमसा और सिलनी नदी के संगम पर स्थित है।संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक पुरानी पेंशन योजना लागू नहीं होती, तब तक इस तरह के अभियान और प्रदर्शन देश भर में जारी रहेंगे। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों के लिए एक मजबूत आवाज भी उठा रही है।

## डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आज

अंबेडकर नगर , 08 जून (तरूणमित्र)। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार माह के प्रथम शनिवार 07 जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) एवं 08 जून 2025 को रविवार के कारण कल दिनांक 09 जून 2025 (सोमवार) को जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से तहसील भीटी में, तहसील टांडा अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में तथा अन्य तहसीलों में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे व शासन के मंशानुसार एकझ्रएक करके आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा।

# 10 हजार का इनामी अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

सिरसिया/श्रावस्ती, 07 जून, (तरुणमित्र)। शैलकान्त उपाध्याय थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त इतवारी पुत्र पंचम निवासी रामनगर कुण्डा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को 01 अदद कट्टा 12 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 236/25 धारा 3/25 आयुध अधि0 के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के पास से 1 अवैध कट्टा 12 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद होने के सम्बन्ध गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया, तथा अभियुक्त इतवारी से गहनता से पूछताछ करने पर बताया कि मेरे व 06 अन्य लोगो के विरुद्ध थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती पर एक मुकदमा नाबालिग लडकी को भगा ले जाने में साथ देने को तथा वादी पक्ष के साथ मारपीट, गाली गलौज करना जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाना के सम्बन्ध मे लिखा गया था। जिसके सम्बन्ध थाना को0 भिनगा से जरिये दूरभाष वार्ता की गयी तो थाना को0 भिनगा पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 116/25 धारा 115(2), 352, 351(3), 137(2), 87, 61(1), 118(2), 105, 142, 64(2)एम बीएनएस में अभियोग पंजीकृत है, पूर्व में उक्त घटना में शामिल अन्य अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, अभियुक्त इतवारी इस अभियोग में वाछित था, जिस पर पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती के द्वारा 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने बकरीद पर्व के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था का लिया जायजा

## ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेटों व पुलिसकर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य कर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के दिये निर्देश

श्रावस्ती, 07 जून, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने ईदुज्जुहा (बकरीद) त्योहार को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रातःकाल जनपद का भ्रमण कर शान्ति व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद भिनगा के अन्तर्गत ईदगाह तिराहा एवं विकास खण्ड जमुनहा स्थित थाना हरदत्त नगर गिरण्ट सहित उन स्थलों का निरीक्षण किया जहाँ नमाज अदा की जा रही थी। ईदगाह में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में ईदुज्जुहा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों व पुलिस कर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य करते हुए त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि



बकरीद के इस पर्व के दौरान कानून और शांति व्यवस्था के मद्देनजर जनपद में विभिन्न स्थानों के लिए मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं, जिससे त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के दिन जनपद के विभिन्न स्थानों/घरों पर परम्परागत रूप से कुबार्नी दी जाएगी। इस दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहने, सतर्क दृष्टि बनाए रखने एवं अफवाहों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने धर्मगुरुओं एवं स्थानीय लोगों से वार्ता की तथा त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग की अपील की। इसके अलावा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व जलापूर्ति के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को पहले से ही दिए गए हैं। जिससे त्योहार के दौरान जनपद वासियों को कोई दिक्कत न होने पाये।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बकरीद पर्व के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जिससे कोई भी अराजक तत्वों द्वारा त्योहार में विघ्न न उत्पन्न किया जा सके। यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करते पाया गया तो, निश्चित ही उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित थानाध्यक्ष व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रावस्ती, 08 जून, (तरुणमित्र)। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज थाना को0 भिनगा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। दिनांक 04.06.2025 को वादी मोहम्मद उमर पुत्र शोभा निवासी कोडरी दा0 चहलवा थाना कोतवाली भिनगा द्वारा थाना को0 भिनगा पर एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया कि उनकी पुत्री जन्नतुल का विवाह लगभग 10 वर्ष पूर्व विपक्षी मुन्शरीफ पुत्र इलाही से हुआ था। विपक्षी द्वारा वादी की पुत्री से दहेज में मोटरसाइकिल एवं ?1 लाख की मांग की गई तथा न देने पर उसे प्रताड़ित किया गया, जिससे तंग आकर दिनांक 02.06.2025 को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवारों को रौंदा, मौत

मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)। जैंत थाना क्षेत्र के नयति पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत छटीकरा फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार दोस्तों को रौंद दिया। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। दोनों दोस्त एसी रिपेयरिंग कर कार्य करते थे। छाता की तरफ से मथुरा लौटते समय छटीकरा फ्लाईओवर से उतरते ही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों की मौत हो गई। चालक ने हेलमेट लगा रखा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जैंत अश्वनी कुमार घटनास्थल पर पहुंच गए। पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। शनिवार देर शाम नयी बस्ती डीग गेट मथुरा निवासी अजीम पुत्र नईम उम्र करीब 18 वर्ष तथा शाहरुख पुत्र मुन्ना उम्र करीब 24 वर्ष छाता की तरफ से बाइक से मथुरा आ रहे थे। हाईवे पर छटीकरा फ्लाईओवर उतरते ही पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे शाहरुख की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा अजीम को राहगीरों ने जिला हॉस्पिटल भिजवाया। जहाँ कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान अजीम ने दम तोड़ दिया। दोनों दोस्त एसी रिपेयरिंग कर कार्य करते थे। जो कि उधारी लेकर लौट रहे थे।

# हवा में महकी इबादत की खुशबू, एक-दूजे के गले मिलकर मनाई ईद

हर्षोल्लास के साथ मनाया कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा ◻ डीआईजी व एसएसपी भी पहुंचे ईदगाह,ड्रोन से नजर रखी गई

**झांसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** महानगर में शनिवार को ईद उल अजहा (बकरीद) उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मुस्लिमों ने ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगीं। ईद उल अजहा को लेकर मुस्लिम बस्तियों में सुबह से ही लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नमाज का वक्त नजदीक आते ही सफेद एवं लकदक परिधान पहने मुस्लिम समाज के युवा, बच्चे व बुजुर्ग ईद उल अजहा की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और मस्जिदों के लिए रवाना हुए। पठौरिया स्थित ईदगाह में पेश इमाम मुफ्ती साबिर कासमी ने ईद उल अजहा की नमाज अदा करायी।



तकरीर के बाद सभी ने नमाज अदा की और पाक परवरदिगार से देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। ईदगाह में प्रमुख रूप से ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष कारी हसीब अहमद, महामंत्री याकूब अहमद मंसूरी एडवोकेट, ईदगाह तहफ्फुज कमेटी के अध्यक्ष नूर अहमद मंसूरी एडवोकेट, अबरार अली अब्बू, हाजी इब्राहिम खान, डॉ मकसूद इलाही, मुफ्ती खालिद, तलहा, सन्तोष राज वर्मा के अलावा प्रशासनिक अधिकारी एडीएम प्रशासन शिवशंकर शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेटप्रमोद झा, एसपीसिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, एलआईयू इन्स्पेक्टर नीरज दीक्षित, शहर कोतवाल राजेश पाल, नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन आनन्द सक्सेना, विजय सिजरिया व डिवीजन वार्डन अतुल किल्पन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ईदगाह पर पुलिस उपमहानिरीक्षक केशव कुमार चौधरी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति भी पहुंचे।

ईद के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। ड्रोन से ईदगाह के आस पास होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी गई है।

# झाँसी से जैन तीर्थ महावीरजी तक सीधे बस सेवा की मांग

## क्षेत्रीय सांसद से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**झांसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** भगवान महावीर निर्वाण महामहोत्सव समिति द्वारा झांसी- ललितपुर से राजस्थान के करौली जिला स्थित सुप्रसिद्ध जैन तीर्थस्थली श्री महावीर जी हेतु सीधी रेलसेवा आरंभ करवाने हेतु सांसद अनुराग शर्मा से मिलकर ज्ञापन भेंट किया गया।



सांसद ने आश्वासन दिया कि वह बुंदेलखंड से महावीर जी को जोड़ने के लिए चलाई जाने वाली ट्रेन की मांग पर रेल मंत्रालय आवश्यक कार्रवाई करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर समिति के संरक्षक ललित जैन, शैलेन्द्र जैन, अशोक जैन (रतन सेल्स), मार्गदर्शक प्रदीप जैन विश्वपरिवार, पूर्व वनाधिकारी वी के जैन, रविंद्र जैन, राजीव जैन अहिंसा, संयोजक वैद्य सचिन जैन, अरुण सिर्स, डा. सिद्धार्थ जैन, संजय जैन 'कर्नल' आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी सभी वर्गो को जोडने का काम करेगी-पांडे



**चित्रकूट, 08 जून (तरूणमित्र)।** संगठन सृजन अभियान पहाड़ी एवं कर्वी ब्लाक की बैठक जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी ब्लाक न्याय गांव में लोगों के बीच बैठक कर सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने काम कर रही है। कोऑर्डिनेटर आदित्य स्वरूप पांडे ने कहा कि जनपद में हर न्याय पंचायत बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत किया जाएगा और सभी वर्गों को संगठन में महत्व दिया जाएगा। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडे ने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करते हुए राहुल जी के हाथों को मजबूत करना अभी हाल ही में देखा है आपने कौशांबी जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा किस तरह से शांति पूर्ण तरीके से धरना दे रहे ब्राह्मण परिवार पर लाठी जूते से वार किया गया। गज्जू प्रसाद फौजी ने कहाकि आम जनता जब न्याय की बात करती है तो उसको पुलिस के दम पर उनकी आवाज दबाने का काम किया जाता है। विजयमणि त्रिपाठी ने कहाकि जनपद में ही देख लीजिए आए दिन जनता बिजली पानी की समस्या से जूझ रही लेकिन कोई ध्यान देने वाला नहीं। रामकृपाल वर्मा ने पहाड़ी ब्लाक की बैठक में आए हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जगजाहिर पटेल, विनय सिंह चैहान कामता प्रसाद द्विवेदी, महेंद्र सिंह, इंद्रजीत उपाध्याय, दयाराम वर्मा, श्याम सुंदर, मोहन सिंह, शिवम सिंह चैहान, दीपक सिंह, नरेंद्र कुमार यादव, बच्चा लाल वर्मा, रामनरेश विश्वकर्मा, लवकुश सिंह, राम प्रकाश, ओमप्रकाश रैकवार, हरिओम पांडे मौजूद रहे।

# पटरी पर मिला राजमिस्त्री का शव

**झांसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** सीपरी बाजार में आईटीआई के निकट पटरियों पर युवक की लाश मिली है। पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। मृतक का नाम मनोज अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी टहरौली के रनयारा ग्राम है। मृतक के पिता श्यामकरण के अनुसार राजमिस्त्री का काम करने वाले मनोज ने 7 अप्रैल 2024 को गांव के एक व्यक्ति को 30 हजार रुपए उधार दिए थे। एक साल होने पर बेटे मनोज ने 12 मई को पैसा वापस मांगा। आरोप है कि इस पर आरोपी ने परिवार सहित मनोज के साथ मारपीट कर दी और छेड़छाड़ के आरोप में बंद करा दिया। 14 मई को पिता ने एसएसपी को डाक के जरिए शिकायत भेजी।

# ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक में अनेक प्रस्ताव हुए पारित

**ललितपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक जगदीश मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के उत्थान के विभिन्न प्रस्तावो को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

वक़्ताओं ने कहा कि विप्र वर्ग ने सदैव सर्व समाज को सही राह दिखाई। आज ब्राह्मणो को हाशिये पर रखने का कुचक्र रचा जा रहा है। बैठक मे संगठन की इकाईया गांव स्तर तक गठित करने के साथ साथ समाज के आभावग्रस्त लोगों की मदद, युबाओ को रोजगार से जोड़ने, महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक प्रस्ताव पारित किये गए। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय तिवारी नीलू व संचालन सुबोध गोस्वामी ने किया। इस मौके पर अशोक रावत, क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय रावत, महिला जिलाध्यक्ष ऋतु समाधिया,युवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी, गिरजा शंकर द्विवेदी, शिवनारायण नायक जयशंकर प्रसाद द्विवेदी आशीष तिवारी नीरज तिवारी,संतोष कुमार मिश्रा, राहुल चौबे, अजय शंकर पांडे ,राम मनोहर पस्तोर, अजय रावत ,रामकिंकर पटेरिया, महेश पटेरिया, सरमन लाल चौबे, भारत रावत, रमाकांत तिवारी, डॉ दीपक चौबे, सुनील पटेरिया, बृजेश चौबे, रमाकांत तिवारी, नीरज दुबे खजुरिया, रामू रिछारिया,राजेश दुबे, एडवोकेट, तिलकराम कौशिक, भोलाशंकर पस्तोर, रितु समाधिया, अंशु तिवारी कविता पस्तोर, आशा कौशिक, उपासना पाठक नीलम दुबे सुमन रावत संगीता गोस्वामी वंदना चौबे प्रेरणा शर्मा समीक्षा मिश्रा मुकेश नायक जयकुमार तिवारी आकांक्षा टोटे,आदि उपस्थित रहे।



संचालन सुबोध गोस्वामी ने किया।

# चोरी के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा, 08 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा सोलर प्लेट, बैट्री व गढ्ढा खोदने वाली मशीन चोरी करने वाले 03 अभियुक्तों को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के स्वराज कालौनी निवासी नरेन्द्र कुमार द्वारा थाना मटौंध पर सूचना दी कि 2 जून 25 को उसके खेत में लगे सोलर प्लेट, बैट्री व गढ्ढा खोदने वाली मशीन चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी ।

जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों को ग्राम इन्द्रापुरवा मोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया।




अभियुक्तों से कड़ाई से पूंछताछ में पता चला कि इनका एक और साथी हरिकरन उर्फ भाऊ चोरी में संलिप्त था। उपरोक्त 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा वांछित/ फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है । गिरफ्तार अभियुक्तों में बिन्देश्वरी वर्मा , राकेश निषाद उर्फ मैनी व चुन्नू अनुरागी शामिल हैं।

## नवजात शिशु का नाली के पास पड़ा मिला शव

**बांदा, 08 जून (तरूणमित्र)।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग गैस एजेंसी रोड चुन्नू वर्मा के पास नाली के पास एक नवजात शिशु का मृत अवस्था में शव पड़ा हुआ मिला। घटना जैसे लोगों ने देखी तो देखने वालों की वहां भारी भीड़ लग गई। लोग तमाम तरह के बातें कहते हुए नजर आए।तो वही माना जाता है कि नवजात शिशु का भ्रूण हत्या कर उसे नाली में फेंक दिया गया है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को भी दी है, घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की।

# महाभ्रष्ट एआरटीओ पर नहीं हो रही कार्रवाई

**चित्रकूट, 08 जून (तरूणमित्र)।** जनपद का सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला के संरक्षण विभाग में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है चाहे वह कार्यालय हो या फिर सड़क पर सब जगह। एआरटीओ विवेक शुक्ला का आतंक देखने को मिल रहा है जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है जिसको लेकर अब बांदा चित्रकूट लोकसभा सांसद कृष्णा देवी पटेल ने एआरटीओ विवेक शुक्ला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने केंद्रीय परिवहन मंत्री, मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री और प्रमुख सचिव परिवहन को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि धर्मनगरी आस्था का एक केंद्र है और यूपी के पर्यटन स्थलों में से एक प्रमुख स्थल है जहां रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते है जो बाहरी टूरिस्ट बसों और पर्यटकों की गाड़ियों को पकड़ कर उनसे अवैध उगाही करते है जिससे श्रद्धालुओं को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है इनकी कार्यशैली को लेकर सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है जो लगातार जनप्रतिनिधि, नागरिक और पत्रकार उच्चाधिकारियों से शिकायत कर रहे है इसलिए भ्रष्टाचार में लिप्त एआरटीओ विवेक शुक्ला का अन्यत्र जगह स्थानांतरण कर विभागीय जांच कराते हुए कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुमुमो के केंद्रीय संगठन मंत्री का निधन

**झाँसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** आवास विकास कॉलोनी सीपरी बाजार निवासी बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री (सांस्कृतिक) व सेल्स टैक्स में कार्यरत रहे प्रमोद शास्त्री (समाधिया) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार नंदनपुरा स्थित मुक्ति धाम में कर दिया गया।

### गोंडवाना एक्सप्रेस को भी मिला दतिया स्टेशन पर ठहराव

**झांसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 12409/12410 - हजरत निजामुद्दीन -रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस एक्सप्रेस को दतिया रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया जा रहा है। यह सुविधा 10 जून 2025 से प्रभावी होगी। उक्त ट्रेन का दतिया स्टेशन पर ठहराव 10 जून को 20:20- 20:22 बजे से प्रभावी होगा। वहीं गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़ - हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस का दतिया स्टेशन पर ठहराव 12 जून समय 00:01- 00:03 बजे होगा कदतिया में ठहराव के कारण गाड़ी संख्या 12409 रायगढ़ - हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस ग्वालियर में 12 जून 25 से 00.43-00.45 बजे के स्थान पर 00.48-00.50 बजे अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेगी।

### मेहरोत्रा की धर्मपत्नी के निधन पर मोर्चा की शोकसभा

**झाँसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की शोकसभा केंद्रीय कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गई। शोकसभा में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक स्व. शंकरलाल मेहरोत्रा की धर्मपत्नी प्रमिला मेहरोत्रा व बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री प्रमोद शास्त्री (समाधिया) के निधन पर शोक व्यक्त किया गया व हुतात्माओं की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. मेहरोत्रा की धर्मपत्नी के बुंदेलखंड राज्य निर्माण में दिए गए उनके योगदान पर कृतज्ञता व्यक्त की व इसे मोर्चा व आन्दोलन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। वक्ताओं ने स्व. समाधिया के योगदान को भी याद किया। शोकसभा में केंद्रीय अध्यक्ष हरिमोहन विश्वकर्मा, महामंत्री अजय शर्मा, विशाल मियादाद, अवधेश समेले, शक्ति महाराज, रणदीप रजक, महेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, कोमल सिंह परिहार, गुड्डू जैन, जीतेन्द्र परमार, डॉ अरविन्द परमार, राजीव नायक, संतोष चौहान, विकास शर्मा, प्रमोद श्रीवास्तव, अमित विश्वकर्मा आदि सहित अन्य कार्यकर्त्ता -पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अब ट्रेन में मिलेगी त्वरित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा

**झांसी, 08 जून (तरूणमित्र)।** यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए झाँसी मंडल ने एक अनुकरणीय पहल की है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिंह के अनुसार अब मंडल के प्रत्येक टीटीई को विशेष प्राथमिक उपचार किट प्रदान की गई है। इसका उद्देश्य ट्रेन में यात्रा के दौरान होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं में यात्रियों को तत्काल और प्रभावी सहायता प्रदान करना है। इस अभिनव कदम के तहत अब यात्रियों को उल्टी, दस्त, हल्का बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, मामूली चोट या एलर्जी जैसी सामान्य समस्याओं के लिए अगले स्टेशन तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। पहले ऐसी परिस्थितियों में यात्रियों को केवल स्टेशन पर उपलब्ध डॉक्टर की सहायता मिल पाती थी, जिससे न केवल असुविधा होती थी बल्कि ट्रेन की समयपालनता भी प्रभावित होती थी। इस नई व्यवस्था के तहत, गाड़ियों में मौजूद टीटीई स्वयं प्रशिक्षित प्राथमिक उपचार प्रदान कर सकेंगे।

### कोलगदहिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बकरीद का त्यौहार



**चित्रकूट, 08 जून (तरूणमित्र)।** अपने ग्राम पंचायत कोलगदहिया में हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर गुलशने ए रजा ए मुस्तफा कमेटी अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार, हाफिज तौफिक रजा, अल्ला रख्खु, सुल्तान अहमद ठेकेदार, गुलाब अहमद, नवाब खान, शेर अली ठेकेदार, नफीस अहमद मौजूद रहे।

### सलमान खान ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**बांदा, 08 जून (तरूणमित्र)।** सेवर्स ऑफ लाईफ संस्था के सलाहकार/मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया की रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में एक महिला एडमिट थी उसका ब्लड काफी कम था परिवार में कोई नही था जो रक्तदान कर सके ये सूचना जब संस्था सेवर्स आफ लाइफ के अध्यक्ष सलमान खान को मिली तो वो फौरन ही ब्लड बैंक पहुंचे और महिला के लिए रक्तदान किया रक्तदान में संस्था के पदाधिकारी आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# आरा मशीन में कट रही अवैध लकड़ी, वीडियो वायरल



**ललितपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिले के जखौरा थाने के अंतर्गत संचालित एक आरा मशीन में अवैध रूप से काटे गए शीशम और सागौन के विशालकाय तनों को काटते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस वीडियो में जखौरा थाने में तैनात पैरोकार भी दिखाई दे रहे हैं, जो खुद लकड़ी के तनों को खींचते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो ने कानून व्यवस्था और वन सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कीमती पेड़ों को बेधड़क तरीके से आरा मशीन में काटा जा रहा है।

फिलहाल वीडियो ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। संबंधित विभागों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन और वन विभाग इस वायरल वीडियो को कितनी गंभीरता से लेते हैं और कब तक दोषियों पर कार्रवाई होती है

# पनारी में 75 एकड़ भूमि पर बनेगा तालाब

## घाटों पर होगा सघन वृक्षारोपण, डीएम ने किया निरीक्षण

**ललितपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास खण्ड जखौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पनारी में भ्रमण कर तालाब हेतु दर्ज 75 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में बताया गया कि उक्त गया संख्या 1481 भूमि 75 एकड़ 74 डिसमिल जो तालाब के नाम खतौनी में दर्ज है। तालाब की भूमि पर लगभग 1.5 किलोमीटर में पुराना स्पिलवे बना हुआ है, जो कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। बताया गया कि पूर्व में कुछ ग्रामीणों द्वारा भूमि पर कब्जा कर फसल आदि बोई जाती रही है, जिसका संज्ञान लेकर जिला प्रशासन द्वारा मा.सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार अवैध कब्जा हटवाकर उक्त भूमि को पुनः तालाब के रूप में खतौनी में दर्ज करवा दिया गया, जिसके पुनरोद्धार के लिए जिलाधिकारी ने उक्त भूमि का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तालाब पर बने हुए स्पिलवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत कराकर घाटों पर सघन वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए, इसके अलावा तालाब के पीछे की ओर खाई खुदवाई गई है, जिसमें बंदी का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे यह भूमि अन्य जमीनों से पृथक हो जाए और भविष्य में उस पर अतिक्रमण न हो सके।

इसके पश्चात तालाब निर्माण हेतु अन्य कार्य कराए जाएंगे।

# सीसी निर्माण में खुलेआम बरती जा रही अनियमितता

**नरैनी/बांदा, 08 जून (तरूणमित्र)।** लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्मित कराई जा रही सीसी सड़क बनाने में खुलेआम अनियमितता बरती जा रही है।सड़क निर्माण का कार्य करवा रहा ठेकेदार सभी निर्धारित मानकों की अनदेखी कर रहा है।

अति प्राचीन जल दुर्ग को जोड़ने वाले शिवपुर सड़क मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है।बता दे कि यहां पहले से ही डामर रोड निर्मित थी। डामर रोड की डामर निकाल नीचे का बेस ठेकेदार द्वारा बनाकर उसी के ऊपर सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया।जबकि विभाग के मानक के अनुसार निर्धारित सीसी डालने के पहले पांच सेंटीमीटर नीचे का मजबूत बस बनना चाहिए।लेकिन कार्य के लिए नियुक्त ठेकेदार नीचे का बेस न बनवाकर सीधे सीसी डलवा दी।बता दे कि जो सीसी सड़क बनाई जा रही है उसकी कुल चौड़ाई तीन मीटर है लम्बाई तकरीबन 2400 मीटर है।



लेकिन बिना बेस तैयार किए ठेकेदार सड़क निर्माण में खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहा है।अभी तक ठेकेदार द्वारा तकरीबन 600 मीटर सड़क का कार्य करवाया जा चुका है।ग्रामीण राम बाबू वर्मा ,रजवा निषाद, देवीदीन निषाद,दादू यादव, छोटा पाल ,चुन्नू पाल ,पप्पू पाल,रज्जू वर्मा,नारायण वर्मा आदि लोगो गुस्सा जाहिर करते सड़क निर्माण की जा रही अनियमितता की जांच करवा भ्रष्ट ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही है।बताया कि इस तरह की गर्मी में सीमेंट और कंकरीट से बनी रोड की पानी से तराई होनी चाहिए लेकिन वह भी कार्य ठेकेदार द्वारा नहीं करवाया जा रहा है। जिससे सीसी सड़क बनते ही दरारें पड़नी शुरू हो गई।

# नेहरू नगर के सामुदायिक शौचालय में बदहाल हुई सफाई व्यवस्था

## मोहल्लेवासियों ने उठाई नगर पालिका से कार्रवाई की मांग

**ललितपुर, 08 जून (तरूणमित्र)।** नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित नेहरू नगर स्थित सामुदायिक शौचालय की सफाई व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि महीनों से शौचालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिसके कारण इसका उपयोग करना असंभव हो गया है। घनी आबादी वाले नेहरू नगर में यह शौचालय सैकड़ों परिवारों के लिए स्वच्छता का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन वर्तमान स्थिति के चलते लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को लेकर बार-बार नगर पालिका और स्थानीय पार्षद से शिकायत की, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। निवासियों का आरोप है कि पार्षद ने इस मामले में कोई रुचि नहीं दिखाई और नगर पालिका प्रशासन भी इस दिशा में उदासीन बना हुआ है। नाराज निवासियों ने अब नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष और कार्यकारी अधिकारी (ईओ) से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

# इज्जत के लिए नहीं, इबादत के लिए कराएं कुर्बानी

उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। अल्लाह को हजरत इब्राहिम का जज्बा बेहद पसंद आया और उसने उनकी कुर्बानी को कुबूल किया। इसी तरह कुर्बानी में दिखावा नहीं करना चाहिए। बल्कि अपने दिल के करीब रहने वाली चीज को दूसरों की बेहतरी के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान करना चाहिए। क्योंकि जो अल्लाह की रजा के लिए कुर्बानी देना, उसे यकीनन अल्लाह की रजा हासिल होगी। उक्त बात इदुल अजहा (बकरीद) की नमाज के दौरान शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी ने कही।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी इज्जत के लिए नहीं बल्कि इबादत समझकर करानी चाहिए। इसमें दिखाबा बिल्कुल नहीं करना चाहिए। क्योंकि अल्लाह हर किसी के दिलों का हाल जानता है,और समझता है। कुर्बानी के पीछे बंदे की नियत क्या है। शाही इमाम ने कहा कि हैसियत होते हुए भी कुर्बानी न कराना गुनाहगार बनाता है। लेकिन अगर कोई कर्जदार है, तो उसके लिए कुर्बानी का हुक्म नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कुर्बानी से जुड़ी और भी तमाम बातों को बखूबी समझाया। इसके बाद शाही इमाम ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और बेहतरी की दुआ की गई। काजी-ए-शहर शकील बेग रहमानी ने बताया कि इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर की करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह में शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी, बड़ी मस्जिद में कारी हसन, क्लब की मस्जिद में सदर इमाम जमील अहमद कादरी, नबी की मस्जिद में शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती, कुरैशियान मस्जिद में हाफिज आमिर, बघौरा बाली मस्जिद में हाफिज अजीज कादरी, नीलबरी मस्जिद में हाफिज फजले अजीम, स्टेशन वाली मस्जिद में धर्मगुरु हाफिज अब्दुल जब्बार, लहरिया पुरवा मस्जिद में हाफिज गुलाब हुसैन, नूरानी मस्जिद में कारी मुस्तकीम, दादुपुरा जामा मस्जिद में हाफिज यूसुफ कादरी, जयसवाल टावर के पीछे सुन्नी हनफी फैजान मुस्तफा मस्जिद में हाफिज अब्दुल रशीद ने नमाज अदा कराई।



### सतर्क रहा जिला प्रशासन, ड्रोन कैमरे की रही नजर

उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। शहर में इदुल अजहा (बकरीद) को लेकर किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दिया। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने सुबह ही जिले की रामनगर एवं करसान रोड पहुंचकर ईदगाहो व जिले की प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा सीओ सदर अर्चना सिंह, सदर कोतवाल अरुण कुमार राय ने संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की। इसके अलावा खुफिया पुलिस भी ड्रोन व बाडी कैमरों से जिले भर मे नजर बनाये रही। साथ ही खुफिया पुलिस के अधिकारी पल पल की जानकारी अपने अपने आला अधिकारियो को दूरभाष के मध्यम से देते नजर आए।

वही दूसरी और देववंद अकायत में रामनगर स्थित ईदगाह में मो.मिया नदवी, बजरिया रोड स्थित जामा मस्जिद में मुफ़्ती मु. तल्हा, तिलक नगर स्थित पीरो वाली मस्जिद में मौलाना अब्दुल खालिक, मदरसा अबूबकर सिद्दीक में मौलाना जैद, मदरसा मुमताजुल उलूम रहमानी में मौलाना ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा शिया समुदाय की बल्लभ नगर स्थित मस्जिद में मौलाना अकबर अली ने इदुल अजहा की नमाज अदा कराकर मुल्क में अमन चैन कायम रहने की दुआएं की। इदुल अजहा (बकरीद) पर शहर में सपा, बसपा और कांग्रेस के राजनैतिकदलों के लोगो ने ईदगाह के बाहर कैंप लगाकर नमाजियों को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि विजय चौधरी ने कहा कि हमेशा से हमारे त्योहारों पर मुस्लिम समुदायो के लोगो ने पहुंचकर बधाई दी है। इसलिए हमेशा कि परम्परा को जारी रखते हुए मुस्लिम समुदायो के लोगो को ईदगाहो पर पहुंचकर गले मिलकर बधाई देने का काम कर रहे है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर अपने दर्जनों पदाधिकारियो के साथ मिलकर ईदगाह पर कैंप लगाकर मुस्लिम समुदायो के लोगो को इदुल अजहा (बकरीद) की बधाई देते हुये कहा कि हमारे जिले में हमेशा गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रही है। इसी गंगा जमुना तहजीब का आज सपा के लोगो ने आगे बढ़ाने का काम किया, और दर्जनों सपाइयो ने मुस्लिम समुदाय के लोगो से गले मिलकर बधाई दी है।

इस मौके पर महेश द्विवेदी सर, वीरेंद्र यादव, ज्ञानू निरंजन, सुनील पाल, बेद यादब, महेश शिरोमणि, विवेक यादव, धीरेन्द्र सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार बसपा से पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी, शैलेन्द्र शिरोमणि, मनोज यागिक आदि लोगों ने भी पहुंचकर बधाई दी।

## शांति व भाइचारे के साथ ईद उल अजहा की नमाज पढ़कर अमन, शांति की मांगी दुआएं

जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। नगर की मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ ईद उल अजहा की नमाज पढ़कर मुल्क में अमन, शांति व भाइचारे की दुआऐं मांगी गईं।

नमाज के बाद राजनेताओं एवं समाजसेवियों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की बधाई दी। वहीं, पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी के साथ मस्जिदों के आस-पास गश्त करता नजर आया।

ईद उल अजहा के मुबारक मौके पर नगर की विभिन्न मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति, अल्लाह की राह में कुबार्नी को कुबूल करने, गुनाहों से माफी की दुआऐं मांगी गईं। दुआ के बाद सभी एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद की नमाज सबसे पहले मुहल्ला तोपखाना स्थित ईदगाह में कारी उवैश ने अदा कराई। मौलाना सुल्तान अहमद जामई ने दुआ कराई।

तकिया वाली मस्जिद में शहर काजी मौलाना साबिर, मदरसा वाली मस्जिद में कारी उजैर, हुसैनी मस्जिद में हाफिज सईद, सुब्हानी जामा मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन, वाले वाली मस्जिद में कारी सम्से आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके अलावा बड़ी ईदगाह, मोती मस्जिद, इमाम चौक समेत एक दर्जन से अधिक मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान कहीं कोई अराजक तत्व नगर की शांति भंग करने की कोशिश न करे, इसके लिए सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रहा। इतना ही नहीं एसडीएम विनय मोर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी, कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह, भी पुलिस फोर्स के साथ नगर के विभिन्न मार्गों व मस्जिदों के आसपास गश्त करते नजर आए।

## गाजे-बाजे के साथ गांव में निकाली शोभायात्रा



जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। ग्राम दहगुवां में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया जिसकी शोभायात्रा गाजे बाजे व धोड़े के साथ गांव में निकाली गयी जो कि ग्राम दहगुवां के लक्ष्मी नारायण मंदिर से होते हुए महावीर हनुमान मंदिर, बड़ी माता मंदिर, काली माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर से पूरे गांव में होते हुए स्थित कथा स्थल के प्रांगण में पहुँची जहां कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं पुरुष पीले वस्त्रो को धारण कर महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई साथ चल रहीं थीं। जबकि पुरुष माथे पर चंदन का लेप लगाकर हरि नाम का उच्चारण करते हुए यात्रा में शामिल रहे यात्रा में शामिल लोग डीजे व बैंड बाजों पर भजनों पर नाच रहे थे कलश यात्रा गांव में होते हुए पहले महावीर हनुमान मंदिर से बड़ी माता मंदिर फिर काली माता मंदिर फिर संतोषी माता मंदिर से होते हुए कथा स्थल पर पहुँची। जहां पूजन आदि के उपरांत श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करते हुए सौरापुर आटा से आए हुए भागवताचार्य रामरुप महाराज ने उपस्थित श्रोताओं को कराया। पारीक्षत वैनी प्रसाद पाठक, व्यवस्थापक पूर्व प्रधान रणवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को एक नई दृष्टि और रचनात्मक दिशा देती कार्यशाला: अनिल

कोंच/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की कोंच इकाई द्वारा न्यू सिटी सूरज ज्ञान मॉडर्न पब्लिक स्कूल में संचालित 25वीं ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला इन दिनों रचनात्मक गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रशिक्षण का केंद्र बनी हुई है। कार्यशाला में बच्चे और युवा नाटक, नृत्य, संगीत, स्वर-अभिनय और मंच अनुशासन जैसी विविध विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. मुहम्मद नईम ने कहा कि रंगमंच एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में संवाद, समझ और चेतना का निर्माण करता है।

## डीएम के निर्देश पर सड़कों पर उतरे अफसर, रॉन्ग साइड वाहनों पर कसी नकेल

### जनपद में चला विशेष चेकिंग अभियान



उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत उप जिलाधिकारी सुशील कुमार स्वयं टीम के साथ सड़कों पर उतरे और यातायात पुलिस, परिवहन विभाग व स्थानीय थानों की टीमों के साथ मिलकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान कोंच, जालौन, माधौगढ़, उरई आदि स्थानों पर चेकिंग कर कई ट्रकों को रोका गया, जिनमें से कई का चालान किया गया और कुछ को नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर अनुशासनहीनता, विशेषकर रॉन्ग साइड ड्राइविंग, गंभीर सड़क हादसों का कारण बनती है, और इसे किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, परिवहन अधिकारियों एवं यातायात पुलिस को निर्देशित किया है कि इस प्रकार की कार्यवाहियाँ नियमित रूप से जारी रहें। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल चालान या जुर्माने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस में ट्रैफिक नियमों के प्रति चेतना जागृत करना और एक जिम्मेदार यातायात संस्कृति का निर्माण करना है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी, यातायात निरीक्षक, परिवहन अधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध ताड़ी कारोबार पर आबकारी टीम की कार्रवाई

उन्नाव, 08 जून (तरूणमित्र)। जिले में आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक हसनगंज ज्योति अग्रवाल द्वारा मय स्टाफ एवं थाना सोहरामऊ पुलिस के साथ ग्राम कोटवा, लच्छीपुर थाना सोहरामऊ में अवैध ताड़ी के विरुद्ध दबिश दी गई। दबिश के दौरान रामनरेश पुत्र बाबू निवासी ग्राम हिंदुखेड़ा को लगभग 25 लीटर अवैध ताड़ी के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध थाना सोहरामऊ में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। विभाग का कहना है कि अवैध ताड़ी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका ने की मुलाकात

उन्नाव, 08 जून (तरूणमित्र)। डॉ. बबीता चौहान ने उनके द्वारा सरकारी स्कूल में शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की और उनको आगे भी अपने अच्छे कार्यों को जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दी। अपने जैसे और शिक्षकों से के लिए प्रेरणा बनने के लिए उनकी सराहना भी की। महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि जनपद का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर हम सभी को गौरवान्वित किया है, निश्चित रूप से वहां से लाए गए नए आइडियाज को विद्यालय और अन्य शिक्षकों के साथ साझा करने पर, शिक्षा जगत में छात्रों को अवश्य लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में उनके साथ दीक्षालय फाउंडेशन के अध्यक्ष स्किल इंडिया के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे अनुराग त्रिवेदी भी उपस्थित थे। इस सार्थक मुलाकात पर पुरस्कृत शिक्षिका स्नेहिल पांडे ने भी महिला आयोग की अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ, मिशन शक्ति मोमेंटो एवं पटका पहनाकर उनका धन्यवाद प्रकट किया।

### एसडीएम ने पकड़े दो ट्रक

कोंच/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। पिण्डारी रोड पर चैकिंग के दौरान अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रकों को पकड़ लिया। जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में गल्ला मंडी एट में खड़े करवा दिए हैं। अवैध परिवहन पर लगाम लगाने के लिए उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद पिण्डारी रोड पर चैकिंग अभियान चला रहे थे। तभी एक ट्रक बिना नम्बर प्लेट का पाए जाने पर उसका चालान कर दिया और दो ट्रकों के पास वैद्य प्रपत्र न होने पर एसएचओ एट लोकेंद्र सिंह को सोंपते हुए गल्ला मंडी एट में खड़े करवा दिए है। वहीं खनन विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्राचार भी किया।

## सड़क सुरक्षा को ले एसडीएम व सीओ ने चलाया चेकिंग अभियान



जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया।

एसडीएम विनय मौर्य व सीओ शैलेन्द्र बाजपेई के नेतृत्व में कोतवाल अजीत सिंह, चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह एवं पुलिस बल की मौजूदगी में देवनगर चैराहा, एसबीआई रोड और तहसील रोड पर संचालित किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेजों का होना अनिवार्य है। साथ ही, गलत साइड पार्किंग, ट्रैफिक जाम उत्पन्न करने वाले वाहन संचालन एवं सड़क पर लापरवाही से गाड़ी चलाने वालों को भी चेतावनी दी गई। इस दौरान बिना पंजीकरण के वाहन चलाने, बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने, गलत दिशा में पार्किंग करने एवं अन्य नियमों के उल्लंघन के मामलों में दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान किया गया। सीओ शैलेन्द्र बाजपेई ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है। यातायात नियमों की अनदेखी न केवल स्वयं वाहन चालक के लिए, बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी खतरा बन सकती है। इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए।

## अधेड़ ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने रस्सी का फंदा लगाकर पंखे के हुक से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा में संजय दोहरे 55 वर्ष पुत्र रामशंकर निवासी उमरी थाना रेंढर अपने मामा के घर ग्राम शहजादपुरा में महेंद्र सिंह पुत्र निक्सन के घर बचपन से ही रहते थे।उनका विवाह विवाह 30 वर्ष पूर्व वंदना से हुआ था। विवाह के 30 वर्ष बीतने के बाद भी उनके कोई संतान नहीं हुई थी। संतान न होने के कारण परेशान रहते थे। इसी कारण से पूर्व में भी वह आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। 2-3 बार आत्महत्या के दौरान गांव के लोगों के पहुंचने के कारण उन्हें बचा लिया था। लगभग 1 वर्ष पूर्व पत्नी वंदना भी उसे अकेला छोड़ कर चली गयी थी। अकेले पड़ जाने के कारण उन्होंने रस्सी का फंदा बनाकर पंखा के हुक से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। जब ग्रामीणों ने उसे घर में लटका हुआ देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक के पी यादव मौके पर पहुंच गये तथा शव को फंदा से उतार कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

## डकैती की घटना को अंजाम देने वाला बदमाश मुड़भेड़ में घायल, दूसरा फरार

राठ/हमीरपुर, 08 जून (तरूणमित्र)। कस्बे के मियांपुरा कोटबाजार इलाके में शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे दो बदमाशों ने एक सरार्फा व्यापारी के मकान में घुसकर घर में मौजूद सरार्फा व्यापारी की पत्नी माया देवी को चाकू की नोक पर डराते हुए अलमारी के लॉकर में रखी 100 ग्राम सोने की ज्वैलरी लूट कर वारदात को अंजाम दे डाला था।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने घटना की गहनता से जांच पड़ताल की थी। जिसके बाद राठ कोतवाली पुलिस की टीम ने किसी तरह से रविवार की रात करीब 2:00 बजे सरार्फा व्यापारी प्रमोद सोनी पुत्र नारायणदास के घर में हुई लूट की वारदात में शामिल एक आरोपी को राठ क्षेत्र के नौहाई मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान दोनों पैरों में गोलियां लग गई। जिसके बाद घायलावस्था में आरोपी व्यक्ति को इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

रविवार को राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर रामआसरे सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि सरार्फा व्यापारी प्रमोद सोनी के मकान में हुई लूट की वारदात में शामिल मुस्करा थाना क्षेत्र के कंधौली गांव का निवासी युवक राजेंद्र पुत्र हरगोविंद पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया है तथा उसे दोनों पैरों में गोलियां लगी हैं। बताया कि आरोपी व्यक्ति के पास से अवैध तमंचा सहित एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस सहित लूटा हुआ मंगलसूत्र बरामद हुआ है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

राठ/हमीरपुर, 08 जून (तरूणमित्र)। तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के इटौरा गाँव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते 53 वर्षीय एक किसान की मौत होने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा रविवार को मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। जानकारी के अनुसार राठ तहसील के मझगवां थाना क्षेत्र के इटौरा गाँव का निवासी 53 वर्षीय किसान घनाराम अनुरागी पुत्र मन्नूलाल जो कि शनिवार की शाम को अपने घर में लेट कर आराम कर रहा था। तभी अचानक उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घनाराम की मौत हो गई। जिसके बाद जब वह खाना खाने के लिए नहीं गया तो किसान घनाराम की पत्नी मालती अपने पति को खाना के लिये पूंछने के लिए गई तो वह वहां पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला।

## प्रतिनिधि ने व्याप्त बिजली संकट व विकास कार्यों को ले कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

### लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन हो रहा प्रभावित

जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने नगर में व्याप्त बिजली संकट और विकास कार्यों को लेकर प्रदेश सरकार के नगर विकास, ऊर्जा, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की और एक ज्ञापन भी सौंपा।

कैबिनेट मंत्री से मुलाकात के दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने बताया गया कि बुंदेलखंड



क्षेत्र में स्थित जालौन नगर में बिजली आपूर्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय है। लगातार हो रही बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, जिसका मुख्य कारण नगर में उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों का अभाव और वर्तमान बिजलीघर में स्थान की कमी है। मौजूदा बिजलीघर में बड़े ट्रांसफार्मरों को स्थापित करना संभव नहीं है, जिससे विद्युत आपूर्ति में बार-बार व्यवधान उत्पन्न होता है। ऐसे में बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए एक नए बिजलीघर की आवश्यकता है। जिसमें नई और उच्च क्षमता की मशीनें स्थापित की जाएं। इसके लिए उन्होंने विभाग से स्वीकृति प्रदान करने एवं आवश्यक धनराशि की व्यवस्था कराने की मांग की है। बताया कि पालिका क्षेत्र में कई आवश्यक विकास कार्य अभी भी लंबित हैं। नगर के समग्र विकास के लिए आवश्यक धनराशि भी शीघ्र आवंटित की जाए, जिससे बुनियादी नागरिक सुविधाएं बेहतर हो सकें।

## डॉ. अनुराग नामदेव ने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि की हासिल



महोबा, 08 जून (तरूणमित्र)। छोटे से जिले महोबा की मिट्टी में जन्मे और पले-बढ़े डॉ. अनुराग नामदेव ने शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करते हुए जिले और समाज का नाम रोशन किया है। डॉ. नामदेव ने प्रतिष्ठित मैनिट भोपाल (मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) से एम.टेक. और पीएचडी की डिग्रियां प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी पीएचडी का शोध क्षेत्र अत्यंत विशिष्ट और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, जिसमें पॉलीमर कंपोजिट्स, ट्राईबोलॉजी तथा बायो कंपोजिट्स जैसे जटिल विषय शामिल हैं। यह शोध न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि औद्योगिक और पर्यावरणीय क्षेत्रों में भी इसकी उपयोगिता अत्यधिक है। डॉ. अनुराग नामदेव वर्तमान में IET लखनऊ (इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने ज्ञान और अनुभव से छात्रों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इनके पिता डॉ. आसाराम नामदेव का भी समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम रहा हैं, जिन्होंने जिला अस्पताल महोबा में अपनी सेवाएं दी थीं। पिता-पुत्र की इस विद्या और सेवा की परंपरा ने जनपद महोबा को गौरवान्वित कर दिया है। नामदेव समाज में डॉ. अनुराग की इस उपलब्धि को लेकर हर्ष और गर्व की लहर है। महोबा जैसे अपेक्षाकृत छोटे जिले से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण है।

## जून माह के अंत तक शत प्रतिशत की जाए राजस्व वसूली: एसडीओ

जालौन/उरई, 08 जून (तरूणमित्र)। शासन द्वारा बिजली बकाएदारों से शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए गए हैं। जालौन बिजलीघर से टाउन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 4.10 करोड़ रुपये की बकाएदारी है। जिसे जून माह में वसूल किया जाना है। एसडीओ बिजली रामसुधार ने बताया कि जालौन बिजलीघर के अंतर्गत जालौन टाउन, खकसीस, उदोतपुरा, खांखरी और हदरूख फीडर आते हैं। इन क्षेत्रों में मई माह तक 4.10 करोड़ रुपये की बाकएदारी है। शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि जून माह के अंत तक राजस्व वसूली शत प्रतिशत की जाए। इसमें जालौन टाउन की सबसे अधिक 2.46 करोड़ रुपये बकाएदारी है। खकसीस फीडर पर 59.24 लाख, उदोतपुरा फीडर पर 47 लाख, खंखरी फीडर पर 59.9 लाख और हदरूख फीडर पर 51.15 लाख की बकाएदारी है।

## उन्नाव में सैनिकों को समर्पित होगा अभ्युदय का वार्षिक कवि सम्मेलन

### शहर के पार्क व्यू पैलेस में अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा प्रेसवार्ता का हुआ आयोजन

उन्नाव, 08 जून (तरूणमित्र)। अभ्युदय सेवा संस्थान का नवम् अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवम सम्मान समारोह समर्पण 14 जून 2025 शनिवार को होगा। यह कार्यक्रम सैनिकों के शौर्य व अदम्य साहस को समर्पित है। जिसके अंतर्गत लगभग एक सैकड़ा सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में जनपद की छिपी प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवियों के साथ मंच प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। शहर के पार्क व्यू पैलेस में अभ्युदय सेवा संस्थान की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। संस्थान के



अध्यक्ष डॉ.प्रभात सिन्हा ने बताया कि इस कवि सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष हाई कोर्ट अधिवक्ता ओ पी तिवारी एवं स्वागत मंत्री राम तनेजा है। जबकि कार्यक्रम प्रभारी प्रवीण मिश्र भानू रहेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता ओ पी तिवारी ने बताया अभ्युदय के कवि सम्मेलन में विश्व ख्यातिलब्ध वीर रस के डॉ. हरि ओम पवार दिल्ली से ,वही आगरा से श्रृंगार की डॉ. रुचि चतुर्वेदी, जनपद उन्नाव का लाडला गीतकार अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध स्वयं श्रीवास्तव,वही लखनऊ से हास्य के डॉ. सर्वेश अस्थाना,प्रयागराज से हास्य के अखिलेश द्विवेदी, फिरोजाबाद से श्रृंगार के प्रवीण पांडेय ' प्रज्ञार्थू ', रायबरेली से हास्य के मधुप श्रीवास्तव'नरकंकाल', इटावा से वीर रस के देवेन्द्र प्रताप ' आग ', सुल्तानपुर से वीर रस के अभिमन्यु शुक्ल 'तरंग ' काव्य पाठ करेंगे। स्वागत मंत्री राम तनेजा ने बताया जनपद की बेटी मीनाक्षी दिनेश एवम वीर रस के वरिष्ठ कवि कमलेश शुक्ला 'कमल' रहेंगे। जबकि अध्यक्ष के रूप में अखिलेश अवस्थी और मंच संचालक की भूमिका में अनिरुद्ध सौरभ रहेंगे। संस्था अध्यक्ष डॉ प्रभात सिन्हा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी प्रति वर्ष की भांति सम्मानित किया जाएगा। इसमें साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, विधि, सामाजिक, कला व अन्य क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

संरक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है, सभी साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निम्मी अरोड़ा ने बताया कि देश के नामचीन कवियों को इस आयोजन में आमंत्रित किया गया है। उन्हे सुनने सभी सुधी साहित्य प्रेमी शाम आठ बजे पधारे। जबकि सम्मान प्रक्रिया पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के सम्मान के साथ सायं 6 बजे प्रारम्भ की जाएगी। महिलाओं के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। संस्था उपाध्यक्ष प्रेम सेंगर ने बताया कि जिले के कविता प्रेमी पूरे साल इस आयोजन का इंतजार करते हैं।

संस्था के संगठन सचिव मधुसूदन शुक्ल ने देश के नामचीन कवियों को सुनने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। आभार संस्था सचिव अनिरुद्ध सौरभ ने दिया। इस दौरान संरक्षक पवन निगम, आलोक शुक्ल, राकेश द्विवेदी, अजय श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, नीरज सिंह, दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# गोवर्धनः हर हरकत पर पैनी नजर, 74 के खिलाफ एफआईआर

**मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।** गोवर्धन और आसपास के गावों में तनाव बना हुआ है। पुलिस और खुफिया यूनिट की हर हरकत पर पैनी नजर है। पुलिस बल तैनात है। आलाधिकारी हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क है। पुलिस की सोशल मीडिया पर नजर है। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की लोगों से अपील की गई है। सोशल मीडिया पर आ रहीं लोगों की प्रतिक्रियाओं पर भी पुलिस नजर बनाए हुंए हैं। लोगों से अपील की गई है कि सोशल मीडिया पर किसी तरह की भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित प्रचारित न करें और नहीं अपनी ओर से किसी



तरह की अफवाह फैलाएं। प्रार्थना पत्र के आधार पर साकिर उर्फ वीआईपी, समीर, सोहिल, अनवर वकील, इंतजार, अंसार, पिंटू, अनवर, स्टार, फाजल, शाहरुख पाप्मा, हन्नी कुरैशी, एपिक, धौली, बाबू, घोसी, सनी, रसीद, चांद, उस्नान, सोहेल समेत 24 लोगों को नामजद करते हुए 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बकरीद पर गोवर्धन गिरिराज जी का माहौल उस समय कड़वाहट भरा हो गया जब थाना क्षेत्र के खाली प्लाट में गौवंश का अवशेष मिलने की बात सामने आई। हिंदूवादी संगठन और गौसेवक मौके पर जमा हो गए। धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। एसएसपी, एसडीएम, तहसीलदार तथा पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। गौसेवक धीरज कौशिक के प्रार्थना पत्र पर 24 दर्जन नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामला शांत किया गया। करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ अनिल कुमार सिंह व थाना प्रभारी रवि त्यागी ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। हालात बिगड़ते देख एसपी देहात, एसपी सिक्योरिटी, पीएसी, आधा दर्जन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। परंतु आक्रोशित लोग तत्काल आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। एसएसपी श्लोक कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

पुलिस की ओर से मौके पर वीडियोग्राफी की गई थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बवाल में शामिल लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही पुलिस उन लोगों तक पहुंचने का भी प्रयास कर रही है जो प्रत्यक्ष रूप से बवाल में शामिल नहीं थे लेकिन उन्होंने बवाल को भडकाने में भूमिका निभाई। पुलिस ने 4 लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों की पहचान में जुटी है। वहीं अवशेष को जांच के लिए भेजा गया है।

> गोवर्धन थाना क्षेत्र स्थित एक प्लाट में अवशेष मिलने की सूचना थी। लोगों का कहना है कि यह गौवंश के अवशेष हैं। जांच की जा रही है। अवशेष को परीक्षण के लिए भेजा गया है। मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी देखे जा रहे हैं। शीघ्र ही दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।
> **श्लोक कुमार, एसएसपी मथुरा**

**गौसेवा आयोग ने की प्रशासन के साथ बैठक**

गौसेवा आयोग के रमाकांत उपाध्याय रविवार को गोवर्धन पहुंच गए। लोनिवि के गेस्ट हाउस ने उन्होंने एसपी ग्रामीण, एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष कुमार के साथ बैठक कर कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि आरोपितों को बख्शा नहीं जाए, सख्त कार्रवाई की जाए। गोसेवक श्रेयस गुजराती ने राधाकुंड परिक्रमा मार्ग के किनारे बने मजार को अवैध बताते हुए कार्यवाही की मांग की। एसडीएम ने तत्काल लेखपाल भेजकर जांच करने के आदेश दिए।

# शराब तस्करी का पर्दाफाश, 62 पेटी ब्रांडेड शराब बरामद

**मेरठ, 08 जून (तरूणमित्र)।** मेरठ के परतापुर थाना पुलिस ने रविवार को मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी का पदार्फाश किया। पुलिस ने मेरठ साउथ स्टेशन के पास एक कोरियर वेन को रोककर उसमें छिपाकर ले जाई जा रही हरियाणा मार्का ब्रांडेड शराब की 62 पेटियां बरामद की हैं।

यह शराब हरियाणा से गोवा ले जाई जा रही थी और उसकी कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है। गोवा में इसे करीब 24 लाख में बेचे जाने की योजना थी।

पुलिस को रविवार सुबह तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेसवे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मोदीनगर की ओर से आ रही महिंद्रा पिकअप कोरियर वेन को रोका गया। गाड़ी की गहनता से तलाशी में कुछ नहीं मिला, लेकिन जब पुलिस ने बारीकी से जांच की तो वेन के अंदर एक केबिन में शराब की पेटियां छिपी मिलीं। इस केबिन से पुलिस ने रेस्कबेरी, एब्सलूट वोडका, जेमेसन, जैक डेनियल और जेगर मैप्टर जैसे छह विदेशी ब्रांड्स की कुल 62 पेटियां बरामद कीं।

पुलिस ने मौके से दो तस्करों- परिक्षित निवासी सहारनपुर और संदीप निवासी भूडबराल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि सुभाष और मनोज नामक दो अन्य व्यक्ति उन्हें कोरियर वेन देते थे और खुद ब्रेजा कार से आगे-पीछे चलकर चेकिंग पर नजर रखते थे।

# कॉरिडोर : विरोध थामने को अब स्थानीय नेताओं ने बढ़ाई सक्रियता

- अभी तक प्रशासनिक अधिकारी ही कर रहे थे बातचीत
- आपसी सहयोग से होंगे कॉरिडोर व न्यास के कार्य : लक्ष्मीनारायण

**मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर कॉरिडोर पर विरोध को थामने के लिए सरकार की ओर से प्रयास तेज कर दिये गये हैं। स्थानीय नेता अब इस मुद्दे पर आगे आ रहे है और विरोध की रफ्तार को थामने की कोशिश तेज हो गई है। दूसरी ओर धार्मिक और जातीय संगठनों का लगातार आंदोलन को समर्थन मिल रहा हैं। अभी तक प्रशासनिक अधिकारी ही गोस्वामी जनों से वार्ता कर रहे थे। मुख्यमंत्री के दूत भी गोस्वामियों से इस मुद्दे पर बात कर चुके हैं और उनकी तमाम शंकाओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है। वृंदावन के गोस्वामी समर्थन जुटाने के लिए नंदगांव, बरसाना पहुंचे तो क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण गोस्वामी जनों से



मुलाकात करने और उनकी शंकाओं को दूर करने के लिए गोस्वामी जनों से मिलने पहुंचे हैं। मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने उनसे मुलाकात की। रविवार को मंदिर सेवायतों से मुलाकात कर सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। यह बैठक विरोध प्रदर्शनों की बढ़ती श्रृंखला के बाद हुई है। कैबिनेट मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण ने कहा कि सेवायतों और सरकार का साझा लक्ष्य देश-दुनिया से आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में वृद्धि करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई विरोध नहीं है और मंदिर न्यास की व्यवस्था हो या गलियारे का मसला सभी मामलों में आपसी सहमति बनाकर ही काम पूरे किए जाएंगे। मंत्री ने दोहराया कि सरकार और सेवायतों का लक्ष्य एक ही है श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। सेवायत गोपी गोस्वामी की पहल पर मंत्री ने वृंदावन पहुंचकर सेवायतों से कॉरिडोर मसले पर गहन मंत्रणा की है।

# टावर से कूदकर महिला ने दी जान

**अलीगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** धनीपुर में टावर से कूदकर एक महिला द्वारा आत्महत्या करने पर सनसनी फैल गई और देखते ही देखते भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस को सूचना दी गई, जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार 45 वर्षीय कमलेश देवी पत्नी गुड्डू लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थीं। इस कारण वह मानसिक तनाव और डिप्रेशन में थीं। रविवार की सुबह कमलेश देवी 120 फीट ऊँचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई और छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम गृह के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतिका के परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की, जॉच में सामने आया कि महिला बीमारी के कारण मानसिक तनाव में रहती थी जिसके चलते उसने यह कदम उठाया, पुलिस के अनुसार अंत्य परीक्षण रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# कॉरिडोरः विरोध के बीच परिक्षेत्र में आने वाले मकान व दुकानों का सर्वे शुरू

**मथुरा, 08 जून (तरूणमित्र)।** वृंदावन में प्रस्तावित बांकेबिहारी कॉरिडोर निर्माण को लेकर प्रशासन ने अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है। बांके बिहारी मंदिर के आसपास के इलाकों में आने वाले मकानों एवं दुकानों की पैमाइश कर चिन्हित किया जा रहा है। वर्ष 2023 में किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर अब तक करीब 70 से 100 भवनों का सत्यापन हो चुका है। पूर्व में करीब 285 भवन और दुकानों को चिन्हित किया गया था।

लेकिन अब प्रशासन ने इन भवनों का फिर से सत्यापन गठित टीम के द्वारा शुरू कर दिया है। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर गलियारे को लेकर प्रशासन व सेवायतों के विरोध के बीच सर्वे के सत्यापन का कार्य निरंतर जारी है। जनवरी 2023 में हुए सर्वे में



कॉरिडोर के दायरे में 285 भवन आ रहे थे। अब सुप्रीम कोर्ट से निर्माण का रास्ता साफ होने के बाद कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले लोगों ने प्रशासन से फिर से सर्वे कराने की मांग की थी। जिला प्रशासन ने 2023 में हुए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर फिर से एक बार सत्यापन कराने की योजना बनाई है सत्यापन टीम के एक दर्जन सदस्य डोर टू डोर सर्वे कर रहे हैं। कॉरिडोर के परिक्षेत्र में जो दुकान एवं भवन आ रहे हैं उनके स्वामियों में हलचल की स्थिति बनी हुई है उनमें डर का माहौल साफ दिखाई दे रहा है अब तक 70 से 100 भवनों का सत्यापन हो चुका है। सत्यापन में भवनों की मौजूदा स्थिति, कुल क्षेत्रफल, दिशाएं, मालिकाना हक, उसमें रहने वाले किरायेदार आदि की जानकारी टीम द्वारा ली जा रही है।

# ड्यूटी से लौट रहे होमगार्ड की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**अलीगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** गंगीरी से ड्यूटी देकर वापस लौट रहे एक होमगार्ड की छर्रा कासगंज गालिब नगला मोड के पास कार की भिडंत में दर्दनाक मौत हो गई। होमगार्ड की मौत की सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दादों क्षेत्रान्तर्गत बैजना निवासी सत्यदेव यादव पुत्र रामनिवास गंगीरी थाना में होमगार्ड के पद पर तैनात था, जब सत्यदेव यादव रविवार की अपरान्ह दो बजे के करीब वह जब बाइक से ड्यूटी करके अपने घर वापस आ रहा था तभी छर्रा कासगंज मार्ग स्थित गालिब मोड पर तीव्र गति से आ रही कार उसकी बाइक टकरा गई, जिसको को गंभीर चोट पहुंची, आनन-फानन में परिजन सत्यदेव को छर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहॉ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम गृह भेज दिया।

# पंखिया गैंग के दो सदस्य सहित चोरी का सामान खरीदने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**अलीगढ़, 08 जून (तरूणमित्र)।** थाना इगलास पुलिस व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग देहात की संयुक्त टीमों ने गॉवों में चोरी करने वाले पंखिया गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया, इन दोनों के साथ चोरी का सामान खरीदने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस को लाखों रुपए के सोन चॉदी के जेवर और नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन वाली टीम लंबे समय से आरोपियों की तलाश कर रही थी, जिसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, आरोपियों का नेटवर्क अलीगढ़ के साथ ही आसपास के जिलों में भी फैला हुआ है। बीते दिनों अलीगढ़ में ही आरोपियों के एक साथी को गिरफ्तार किया गया था, जिससे इनका सुराग मिला था और पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।

पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की टीमों ने सद्दाम पुत्र मंगे निवासी



गढ़िया पैगंबरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूं व नसीम पुत्र असफाक निवासी इस्लाम नगर पंखा खेडा थाना मदनापुर जिला शाहजाहंपुर को गिरफ्तार किया है, यह दोनों पंखिया गैंग के सदस्य हैं। इन दोनों के अलावा पुलिस ने गैंग से चोरी का सामान खरीदने वाले बदायूं के मुनेश बाबू उर्फ लल्ला उर्फ रामदास पुत्र स्व0 नत्थूलाल निवासी वार्ड नंबर 8 अलापुर थाना अलापुर को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस को 3.60 लाख रुपए के गहने व नगदी बरामद हुई है।

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने थाना इगलास क्षेत्र में हाईवे के किनारे स्थित गॉव लालगढ़ी, नाया, तूरी की मढ़ी, पिथैर भगत, दिसवार समेत विभिन्न गॉवों में चोरियां की थी। बीते दिनों 25 मई को पुलिस ने फिरोज अहमद पुत्र सादिक अली निवासी ग्राम भसुन्दरा थाना उसैहत जनपद बदायूं को गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ में पुलिस को गैंग का सुराग मिला था, जिसके बाद पुलिस लगातार गैंग की तलाश में जुटी है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गैंग के हर सदस्य की जिम्मेदारी अलग-अलग है। एक सदस्य रेकी करता है, वह गॉव में जाकर बंद मकान देखता है। गैंग हाईवे के किनारे के मकानों को ही निशाना बनाते हैं। फिर नजदीक के ढ़ाबे या होटल में रुकते हैं और कुछ सदस्य नंगे पैर घर जाकर चोरी करते है।

# अग्निशमन टीम ने दी सुरक्षा की जानकारी

**मैनपुरी, 08 जून (तरूणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक मैनपुरी के निर्देशन में अग्निशमन विभाग की ओर से शहर के लोहिया पार्क में गुड मॉर्निंग अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी यदुनाथ सिंह, द्वितीय अधिकारी अनुज कुमार तथा फायर सर्विस सदर के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को अग्नि सुरक्षा से जुड़े उपायों की जानकारी दी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सुल्तानगंज में गोष्ठी आयोजित

**मैनपुरी, 08 जून (तरूणमित्र)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड सुल्तानगंज के ग्राम जगतपुर में कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के वैज्ञानिक, जिला कृषि अधिकारी सहित करीब 170 किसान उपस्थित रहे।




गोष्ठी के दौरान वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी और किसानों की फसलों का स्थलीय निरीक्षण कर कीट प्रबंधन विषय पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने किसानों को नई तकनीक अपनाकर उत्पादकता बढ़ाने और कीट नियंत्रण के उपायों के बारे में जागरूक किया।

## पेज 1 का शेष...

### कहीं 2027 के पहले तीसरे...

फिलहाल वे प्रदेश में संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा का आयोजन कर चुके हैं और आगे की ओर देख रहे हैं। मौर्य 2017 की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे लेकिन 2022 में योगी से अनबन के बाद वे सपा में शामिल हो गए। चुनाव के उन्होंने सपा भी छोड़ दी और अपनी पार्टी बनाई। मुस्लिम वोट के लिए रावण का ध्यान ओवेसी और आजम की ओर है। चंद्रशेखर आजम से जेल में मिलने वाले पहले नेता थे।समाजवादी पार्टी से रुठे चल रहे आजम खान की अब भी मुस्लिम वोट बैंक में पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता। आजम खान के साथ अगर ओवैसी का भी तड़का लग जाए तो थोड़ा बहुत मुस्लिम इस तीसरे मोर्चे की ओर आकर्षित हो सकता है।

दिक्कत ये है कि चाहे स्वामी हों या आजम, फिलहाल राजनीति में दगे कारतूस हैं और राजनीति में हाशिये पर भी खड़े हैं। स्वामी मौर्य जहां अपनी पार्टी के अस्तित्व के लिए जूझ रहे हैं तो आजम परिवार सहित मुकदमों से परेशान है। ओवेसी अवश्य लाइमलाइट में हैं लेकिन उन्हें हमेशा भाजपा की बी टीम ही माना जाता रहा। आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान पर जिस तरह उन्होंने बयानबाजी की, वह भी इसी ओर इशारा कर रही है। वे सरकार की ओर से विदेश भेजे गए सांसदों के दल में भी शामिल थे। ओवैसी अब तक उप्र में तमाम प्रयोग और गठबंधन करने के बाद भी एक सीट को तरस रहे हैं।

हालांकि बिहार में उनकी पार्टी पांच सीटों पर अपना परचम लहरा चुकी है। बहरहाल, रावण की कोशिश अगर रंग लाई और ऐसा कोई तीसरा मोर्चा अस्तित्व में आया तो बसपा, सपा दोनों दलों के लिए मुसीबत बन सकता है। ये सभी नेता एक साथ मिलकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। ऐसे में 2027 में आकाश आनंद को भी अग्निपरीक्षा देनी पड़ सकती है।

### डबल इंजन की सरकार...

करती थी वर्तमान सरकार ने लोकमता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर मेडीकल कॉलेज का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 08 लाख नौकरियां दी अकेले पुलिस विभाग में 2.16 लाख, शिक्षा विभाग में 1.60 लाख नौकरियां प्रदान करने का काम वर्तमान सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी दोनों सुरक्षित हैं अगर किसी ने बुरी नजर डालनी चाही तो उसे पता होना चाहिए कि हो सकता है उसे अगले चौराहे पर यमराज खड़े मिल जाएं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने औरैया के लिए 272 करोड़ रुपए पुलिस लाइन, 151 करोड़ रुपए जालौन औरैया ब्रिज, 250 करोड़ जिला कोर्ट के लिए स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 09 जून को अपने 11 वर्ष पूर्ण कर रही है आप सभी ऐसे ही डबल इंजन सरकार का सहयोग करते रहे सरकार आपके लिए पलक पांवड़े बिछाकर हमेशा तैयार खड़ी रहेगी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने मक्के की खेती के फायदों से किसानों को अवगत कराया और विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार और अधिक उन्नत वाले खाद्य बीज के लिए काम कर रही है। सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया ने कहा कि पूर्व की सरकारों में तो मंडी तक ले जाने में किसानों के टैक्टर तक चोरी हो जाते थे भाजपा सरकार में किसान खुशहाल है बहु बेटी और उसका सिंदूर सुरक्षित है। मुख्यमंत्री जी द्वारा नारायणी देवी को मिनी बीज किट, राजेश दीक्षित को 24 लाख का चेक, रेशू कुमारी को 05 लाख का चैक, सुमन को पी एम आवास का स्वीकृति पत्र, गुड्डी देवी को पंचायत कोष हेतु 10 लाख का चेक, कांति देवी को मृतक कृषक दुर्घटना हेतु 05 लाख का चैक एवं मान सिंह को घरौनी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रगतिशील किसान गौरव बिश्नोई, मुकेश कटियार, आलोक, सुनील सिंह, श्री शंकर सिंह द्वारा अपनी आमदनी के बारे में विस्तार से बताया। मुख्यमंत्री ने जनपद का हवाई सर्वेक्षण किया गया तथा स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने हल देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। अंत में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ने सभी का धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर औरैया की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद राम शंकर कठेरिया, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, जिला अध्यक्ष भाजपा सर्वेश कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, प्रमुख सचिव कृषि, अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिरीक्षक हरीश चंद्र, अपर जिलाधिकारी महेंद्र पाल सिंह, कुलपति चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी आनंद कुमार सिंह सहित जनपद के विभिन्न अधिकारी तथा भारी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### राजस्थान में गुर्जर आरक्षण...

बाइक के जरिए पीलूपुरा पहुंचे हैं। गांव में पीने के पानी के लिए टैंकरों की व्यवस्था की गई है। इस बीच राज्य सरकार की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। गुर्जर समाज की महापंचायत और उनकी मांगों को लेकर राज्य के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सरकार बिना किसी आंदोलन या महापंचायत के भी संवाद के लिए तैयार है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन जब सरकार बातचीत को तैयार है तो आंदोलन की आवश्यकता क्यों? उन्होंने संघर्ष समिति से प्रतिनिधिमंडल भेजकर संवाद शुरू करने की अपील की और स्पष्ट किया कि सरकार ने किसी समाज के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं किए हैं। महापंचायत को लेकर प्रशासन सतर्क है। पंचायत स्थल कारवारी शहीद स्मारक और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और बयाना-हिंडौन स्टेट हाईवे पर यातायात डायवर्ट कर वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। भरतपुर और करौली से आने-जाने वाले वाहनों को महवा, कलसाड़ा और करौली की ओर भेजा जा रहा है। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक, जो महापंचायत स्थल से केवल 150 मीटर की दूरी पर है, को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ट्रैक के आसपास की हर गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी तरह की बाधा से बचा जा सके।


## कार्यालय : नगर पंचायत सौंख, जनपद-मथुरा

पत्रांकः-107/ न.प. सौंख/मे0-टेण्डर/2025-26 दिनांक 06/06/2025

### निविदा प्रेस सूचना

नगर पंचायत सौंख में उत्तर प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों (नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति संख्या-107/2025/अर0एफ0-559/नौ-9-2025/001- ई-1911236 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 27 मार्च 2025 के द्वारा स्वीकृत धनराशि 105.03 लाख एवं 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2024-25 में सामान्य बुनियादी अनुदान की प्रथम व द्वितीय किश्त के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की स्वीकृति दिनांक 31.12.2024 से विहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सौंख मथुरा में 'पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना एवं 15वाँ वित्त आयोग सामान्य बुनियादी अनुदान प्रथम व द्वितीय किश्त की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना एवं 15वां वित्त आयोग सामान्य बुनियादी अनुदान प्रथम व द्वितीय किश्त के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसका निर्माण निम्नवत है। जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू० में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 | | | | | | |
| 1 | मथुरा | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 02 में स्थित मदन सिंह के मकान से लेकर ज्ञान सिंह के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य। | 651391.02 | 13028.00 | 651.00+117.00 =768.00 | 3 माह |
| 2 | मथुरा | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 04 में स्थित रणधीर के मकान से लेकर देवी सिंह के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य। | 988292.13 | 19766.00 | 988.00+178.00 =1166.00 | 3 माह |
| 3 | मथुरा | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 06 में स्थित लाला पान वाले से लेकर अमर सिंह के मकान से सुनिया पहलवान के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य। | 658374.11 | 13167.00 | 658.00+118.00 = 776.00 | 3 माह |
| 4 | मथुरा | नगर पंचायत सीमान्तर्गत वार्ड नं0 06 में स्थित मैन रोड से लेकर रामवीर काका के मकान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य। | 664164.35 | 13283.00 | 664.00+120.00 = 784.00 | 3 माह |
| 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2024-25 सामान्य बुनियादी अनुदान प्रथम व द्वितीय किश्त | | | | | | |
| 5 | मथुरा | Supply & Installation of Retro reflective SS 304 frame name sign board whti 3 mm thick, aluminium sheet face fully covered with high intensity prismatic retro feflective sheeting of approved specifications including all labour, material etc. complete. (Size- 3 feet x3 feet) 15 nos. | 270000.00 | 5400.00 | 270.00+49.00 = 319.00 | 1 माह |

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालय में निविदा फार्म की उपलब्धता की तिथि 17/06/2025 दोपहर 12:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि, समय व स्थान 17/06/2025 को 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत सौंख जनपद मथुरा।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17/06/2025 को 03:00 बजे।

निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी। अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

**नोटः**-धरोहर राशि की एफ०डी०आर० अधिशासी अधिकारी नगर पंचातय सौंख के नाम बन्धक होनी चाहिये या नगर पंचायत सौंख के खाते में आर०टी०जी०एस० भी कर सकते हैं। परन्तु निविदा का मूल्य भारतीय स्टैट बैंक सौंख मथुरा के बैंक खाता A/C-40019797788 IFSC CODE- SBIN00011593 में ट्रॉसफर/नगद कार्यालय में जमा करें।

**लिपिक/टेण्डर कमेटी सदस्य**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**

**अवर अभियंता**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सौंख**
**मथुरा**


स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स-0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।



ऐशबाग ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।



कृषि संकल्प अभियान में अन्नदाता किसानों को प्रमाण-पत्र एवं चेक वितरित करते सीएम योगी।



राज्य संग्रहालय में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। छाया : तरूणमित्र


# ईद-उल-अजहा की नमाज़ में मांगी अमन व शांति की दुआ

## ऐशबाग ईदगाह व टीले वाले मस्जिद में जुटे बड़ी तादाद में मुसलमान



**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** हजरत इब्राहिम अलै. की अजीम कुबार्नी को याद करते हुए नवाबों के शहर लखनऊ में शनिवार को बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अकीदत से अदा की। शहर की तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में कुबार्नी के जज्बे के साथ अल्लाह की बारगाह में सजदा कर अपने रब के सर्वशक्तिमान होने का इकरार किया गया। ईदगाह और टीले वाली मस्जिद में हजारों की तादाद में मुसलमान नमाज में शामिल हुए। वहीं, शिया समुदाय ने आसिफी मस्जिद में नमाज अदा की।

देश व प्रदेश में अमन, भाईचारे, बेरोजगारी दूर होने के साथ ही बारिश के लिए दुआ मांगी गई। नमाज के बाद मुसलमानों ने अल्लाह की राह में कुबार्नी देकर हजरत इब्राहिम अलै. और हजरत इस्माइल अलै. की कुबार्नी की याद को ताजा किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने ईदगाह पहुंच कर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा पैगंबर हजरत इब्राहिम अलै. की उस अजीम कुबार्नी की याद दिलाता है जिसमें उन्होंने अल्लाह के हुक्म से अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माईल अलै. की सहमति से उनकी कुबार्नी देने से भी पीछे नहीं हटे। उसी कुबार्नी की याद में ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। ऐशबाग ईदगाह, आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में सबसे बड़ी जमात में नमाज अदा की गई। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई। खुतबे से पहले मौलाना फरंगी महली ने हजरत इब्राहिम अलै. की कुबार्नी पर रोशनी डाली। वहीं आसिफी मस्जिद में मौलाना सरताज हैदर ने मौलाना कल्बे जवाद की मौजूदगी में नमाज अदा कराई। खुतबे से पहले मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने कुबार्नी और हज की फजीलत व अहमियत बताई। टीले वाली मस्जिद में नमाज की इमामत मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी ने की। नमाज से पहले मौलाना ने मुसलमानों से समाज की बुराइयों का खात्मा करने के साथ ही आपसी इत्तेहाद और अमन कायम रखने पर जोर दिया। वहीं, दरगाह शाहमीना शाह मस्जिद, गोमती नगर, खदरा सहित शहर की तमाम ईदगाह और मस्जिदों में लाखों लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की।



मशहूर युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह व मछलीशहर सपा सांसद प्रिया सरोज की लखनऊ में आयोजित रिंग सेरेमनी में पहुंचे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव व जया बच्चन, शिवपाल यादव, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला व अन्य। छाया : तरूणमित्र


## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं

**लखनऊ (सं)।** रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। हम रक्तदान कर किसी की जान को बचा सकते हैं। इसलिए समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती हैं। बल्कि 24 घंटे में कहीं ज्यादा रक्त बनता है तथा शरीर भी स्वस्थ रहता है। यह बात इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन ओपी पाठक ने कही। श्री पाठक रविवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व मुथूट ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में राम मनोहर लोहिया अस्पताल के सहयोग से लगे रक्तदान शिविर के उद्घाटन पर कहीं। शिविर मुथूट ग्रुप के लेखराज स्थित कार्यालय पर लगाया गया। इस अवसर पर मुथूट ग्रुप के सीनियर रीजनल मैनेजर अनिल कुमार ने अपने कर्मचारियों को रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान है, रक्तदान से तीन लोगों का जीवन बचता है। उन्होंने ऐसे श्रेष्ठ कार्य के लिए कर्मचारियों से रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ओपी पाठक, एक्जीक्यूटिव कौंसिल अरविन्द पाठक, रूप कुमार शर्मा, कुश मिश्रा, रवींद्र कुमार, आलोक सक्सेना, कार्यालय सहायक हर्षित शुक्ला व मुथूट ग्रुप के रमेश बाबू, मानवेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे। ब्लड डोनेशन अधिकारी ने बताया कि सोसाइटी के 26 व्यक्तियों का रक्तदान किया गया है।

# आईआरसीटीसी ने बनाया दार्जिलिंग व गंगटोक का हवाई टूर

**● 20 से 25 जून तक है टूर पैकेज : सीआरएम अजीत कुमार सिन्हा**

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** आईआरसीटीसी लखनऊ कार्यालय गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की अधिक मांग को देखते हुए डैशिंग दार्जिलिंग और गंगटोक का हवाई टूर पैकेज लेकर आया है जोकि 05 रात और 06 दिन का है जिसमें कलिम्पोंग, दार्जिलिंग व गंगटोक का भ्रमण कराया जाएगा और यह पैकेज 20 से 25 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। टूर की खासियत को लेकर आईआरसीटीसी उत्तरी क्षेत्र लखनऊ, सीआरएम अजीत कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि यात्रियों को लखनऊ से बागडोगरा आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से होगी, खानपान व ठहरने की व्यवस्था तीन सितारा होटल में है। इस दौरान पाइन व्यू फ्लावर नर्सरी, गोल्फ कोर्स, डर्बिन धारा हिल्स, त्सोम्गो झील, बाबा हरभजन सिंह स्मारक, एनची मठ, हनुमान टोक, गणेश टोक, ताशी व्यू पॉइंट, पुष्प प्रदर्शनी शो, घूम मठ, बतासिया लूप, जापानी मंदिर, पीएन प्राणी उद्यान, तेनजिंग रॉक, चाय बागान आदि काभ्रमण कराया जायेगा। प्रति व्यक्ति ठहरने का पैकेज मूल्य 86300, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 66600/-, तीन व्यक्तियों के ठहरने का पैकेज मूल्य 62600, माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 54700 रुपये, बेड सहित और मूल्य 51900 रुपये का बिना बेड के होगा। बुकिंग पर्यटन भवन गोमती नगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय व बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग भी कराई जा सकती है। मोबाइल नम्बरों पर 9236391911/ 8287930911/8287930902 संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



## लविवि छात्र को मिला एडोब में इंटर्नशिप का ऑफर

**लखनऊ (सं)।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र रजनीश शर्मा को विश्वविख्यात सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब में प्रोडक्ट इंटर्न के रूप में चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने रजनीश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र वैश्विक स्तर की कंपनियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसी सफलताएं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करती हैं और अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। संकाय के प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि छात्र का चयन एडोब द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया के आधार पर हुआ।

## सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का पदार्फाश

**● एसटीएफ ने तीन व्यक्ति को किया गिरफ्तार भर्ती कराने के नाम पर लेते थे एक से चार लाख रुपये**

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** एसटीएफ यूपी को प्रादेशिक सेना (टोरीटोरियल आर्मी) में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले तीन व्यक्तियों को फर्जी दस्तावेजों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। एसटीएफ ने अभियुक्त अजय कुमार पुत्र रामवीर सिंह निवासी ग्राम सैगई थाना मटसेना जिला फिरोजाबाद, कुलवन्त सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी जीएमएस रघुनाथपुरा, हरीपुर पाटिल, सम्बा, जम्मू कश्मीर, सुनील कुमार पुत्र रतनलाल सिंह निवासी रखकंगवाल,, सम्बा, साम्बा जम्मू और कश्मीर को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो आधार कार्ड एक डीएल, तीन एटीएम कार्ड, एक आयुष्मान कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक ककूटरचित नियुक्ति पत्र मय लिफाफा, एक गेट पास (मेडीकल टेस्ट), तीन मोबाइल फोन तथा 1630/-रुपए नकद बरामद किया है। एसटीएफ को प्रादेशिक सेना (टोरीटोरियल आर्मी) में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो नही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की फील्ड इकाई, आगरा इकाई को अभिसूचना संकलन एवं कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था। रविवार को एसटीएफ आगरा टीम आपराधिक अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से भ्रमणशील थी। इसी दौरान ज्ञात हुआ कि सेना में टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले लोग टीपीनगर थाना क्षेत्र हरीपर्वत में मौजूद है, अगर जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते है, उक्त सूचना पर टीम उक्त स्थान पर पहुंच कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएबीएच सर्विलांस मूल्यांकन में लोहिया संस्थान की शानदार सफलता



**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 6 से 8 जून तक नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स का सर्विलांस मूल्यांकन संस्थान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। तीन दिवसीय इस गहन मूल्यांकन में बाह्य विशेषज्ञों की एक विशिष्ट टीम ने संस्थान की रोगी देखभाल की गुणवत्ता, सुरक्षा प्रोटोकॉल, आधारभूत संरचना, प्रलेखन मानकों एवं श्रेष्ठ प्रक्रियाओं के अनुपालन का निरीक्षण किया। जिसमें एनएबीएच सर्विलांस मूल्यांकन टीम में डॉ. अभिजीत नियोग, डॉ. भावेश जरवानी अहमदाबाद, डॉ. रिनो बेबी दिल्ली, मूल्यांकनकर्ताओं ने लोहिया संस्थान की मजबूत गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, सक्षम नेतृत्व एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। संस्थान ने प्रत्येक विभाग में नभ मानकों को प्रभावी रूप से बनाए रखा है, जो सतत गुणवत्ता सुधार और रोगी-केंद्रित देखभाल के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### मेयर ने जेठ मंगल भंडारे में बांटा प्रसाद



**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल ने आकर भगवान का आशीर्वाद लिया फिर श्रद्धालुओं में आलू पूरी व छोले चावल वितरित कर प्रसाद स्वयं ग्रहण किया। सुषमा ने बताया कि माना जाता है कि ज्येष्ठ महीने के मंगलवार व शनिवार को पूजा करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं और हर संकट दूर करते हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने आकर प्रसाद ग्रहण किया और बताया कि मान्यता है कि ज्येष्ठ माह में गरीबों को अन्न दान करने और उन्हें भोजन कराने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं और लोगों के रुके कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होते हैं। राजू व पूर्व एमएलसी गुड्डू त्रिपाठी ने बताया की हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रुद्र अवतार माना जाता है। लखनऊ की पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया व कैंट बोर्ड के सीईओ अभिषेक राठौर, राजीव मिश्रा, अशोक तिवारी, सुधाकर त्रिपाठी, रणवीर सिंह, वरूण अग्रवाल, राजेश सिंह गब्बर ने आकर भी प्रसाद ग्रहण किया। आयोजनकर्ता, सदर व्यापार मंडल अध्यक्ष व पूर्व सह मीडिया प्रभारी अवध क्षेत्र भाजपा सतवीर सिंह राजू ने बताया कि हर बार जेठ माह के एक बड़े मंगल पर इसी हमारे यहां सार्वजनिक रूप से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### कोरोना के दो नए मरीज मिले

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** राजधानी में कोरोना के मरीजों का मिलना लगातार जारी है। लखनऊ में पिछले 24 घंटे में कोविड के दो रोगी पाए गए जिसमें से पहला मरीज 22 वर्षीय महिला सदर निवासी एवं दूसरा मरीज 61 वर्षीय महिला गोमती नगर विस्तार लखनऊ निवासी है। ये जानकारी सीएमओ एनबी सिंह ने दी। उन्होंने बताया रोगी घर पर ही है एवं स्वस्थ है । जनपद में अब तक कुल 11 कोविड धनात्मक रोगी पाए गए । जनपद में एक्टिव कोविड केसेस की संख्या सात है।

## रिटायर्ड आईएएस के बेटे ने फांसी लगाकर दी जान, 15 साल से डिप्रेशन में थे

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** इंदिरानगर के बी ब्लॉक निवासी रिटायर्ड आईएएस मंगला प्रसाद के बेटे व सूडा के प्रोजेक्ट मैनेजर सुधाकांत मिश्र (59) ने शनिवार रात फंदा लगा लिया। गाजीपुर पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है।सुधाकांत के बेटे ठेकेदार कार्तिकेय मिश्र के मुताबिक, पिता 15 साल से डिप्रेशन में चल रहे थे। उनका लगातार इलाज चल रहा था। पिता तीन माह बाद रिटायर होने वाले थे। शनिवार को रात में कार्तिकेय अस्पताल में भर्ती अपनी सास को देखने गए थे। घर पर मां इंदिरा और पिता थे।देर रात घर पहुंचने पर उन्हें पिता के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। जबकि मां दूसरे कमरे में थी। मां और उन्होंने पिता को आवाज दी मगर कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में जब उन्होंने खिड़की से झांका तो उन्हें सुधाकांत पंखे से बिजली के केबल के फंदे से लटके मिले। यह देख दोनों की चीख निकल गई। आनन-फानन दरवाजा तोड़कर कार्तिकेय कमरे में पहुंचे और पिता को नीचे उतार कर निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।कार्तिकेय शव लेकर घर पहुंचे और गाजीपुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक सुधाकांत डिप्रेशन के चलते पहले भी चार बार खुदकुशी करने का प्रयास कर चुके थे। घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रोडवेज बस ने दो को रौंदा, महिला की मौत

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर आज सुबह तड़के एक रोडवेज बस ने महिला समेत दो लोगों को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई और युवक घायल है। पुलिस ने चालक और परिचालक को हिरासत में ले लिया गया है। इस संबंध में मोहनलालगंज थाना पुलिस ने जानकारी दी कि यह दुर्घटना रविवार सुबह आठ बजे का है। रोडवेज बस (यूपी 33 सीटी 2331) ने बिंदौवा कट के आगे गौरा की तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर महिला और एक व्यक्ति को रौंद दिया। भीड़ ने बस चालक और परिचालक को पकड़कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

उधर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान मोहनलालगंज के गणेशगंज बिंदौवा निवासी हंसराज की पत्नी रमादेवी (38) के रूप में की है। वहीं बिंदौवा निवासी उमेश घायल है, जिसको बेहतर उपचार के लिए सीएचसी मोहनलालगंज से ट्रामा सेन्टर पीजीआई रेफर कर दिया गया है।

# डीजीपी ने ट्रेनी डिप्टी एसपी को दिए पुलिसिंग टिप्स

**● बोले- अधीनस्थों की सुनें, स्वविवेक से निर्णय लें**
**● 2024 बैच के 34 ट्रेनी डिप्टी एसपी से डीजीपी ने की मुलाकात**
**● जन शिकायत के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण एवं साइबर क्राइम को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखें**




**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने वर्ष 2024 बैच के 34 ट्रेनी डिप्टी एसपी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था ड्यूटी में अपने अधीनस्थ फोर्स को पूर्व से पर्याप्त ब्रीफिंग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था में निरंतर संवाद अत्यंत महत्वपूर्ण है। संवाद आवश्यक ही नहीं बल्कि एक कला है। अधीनस्थों के विचारों को भी सुनकर स्वविवेक से निर्णय लेने की जरूरत होती है।

प्रशिक्षण के दौरान आप को दी गयी फारेंसिंक साइंस, साइबर क्राइम, सर्विलांस एवं कानून की जानकारियां ही आपके कैरियर को आगे बढ़ाने में आपकी सहायक होंगी। प्रशिक्षण की सिखलाई एवं फील्ड की व्यावहारिक चुनौतियों में विरोधाभास की स्थिति में अपने विवेक और निर्णय छमता का इस्तेमाल करना चाहिये। पुलिस अधिकारी को अपने अधीनस्थों का सम्मान प्राप्त करने और फोर्स को कमांड करने के लिये स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होता है। भविष्य की चुनौतियों एवं वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार फोर्स को तैयार करें। दो प्रमुख विषयों जन शिकायत के गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण एवं साइबर क्राइम को अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में रखें। पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रशिक्षुओं से एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश पुलिस को साइबर क्राइम के विरुद्ध एक सशक्त फोर्स के रूप देश में प्रथम स्थान पर लाने के अपने उद्देश्य में उनके सार्थक योगदान की अपेक्षा की गयी। जनपद में अपने व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान पुलिस की निचली पायदान (आरक्षी) से लेकर हर स्तर के पुलिस कर्मी से पुलिसिंग की बारीकियों को सीखें, अपनी समस्त जिज्ञासाओं का निवारण करें।

अपनी क्षमता को लगातार उच्चीकृत करते रहें और अपने समझ सदैव एक लक्ष्य रखें। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कानून व्यवस्था में ब्रीफिंग अत्यंत महत्वपूर्ण है और ब्रीफिंग आवश्यक ही नहीं बल्कि एक कला है उन्होंने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था ड्यूटियों में वह अपने अधीनस्थ फोर्स को पूर्व से पर्याप्त ब्रीफ अवश्य करें। फील्ड में अपने दिमाग से परिस्थितियों को समझते हुये अधीनस्थों के विचारों को भी सुनकर स्वविवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने सभी ट्रेनी अफसरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीजी ट्रेनिंग तिलोत्तमा वर्मा और बीआर अंबेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद के एडीजी राजीव सबरवाल भी उपस्थित रहे।

# संघर्ष समिति की ऑनलाइन मीटिंग में 22 को महापंचायत की तैयारी



**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की आज ऑनलाइन हुई प्रांत व्यापी बैठक में 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी की समीक्षा की गई और महापंचायत में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के समर्थन में आंदोलन का निर्णय लेने के लिए नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की नौ जून को दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। संघर्ष समिति ने निजीकरण को लेकर पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन से रविवार को पांच और सवाल पूछे।

बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की राष्ट्रीय समन्वय समिति नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक नौ जून को दिल्ली में हो रही है। इस बैठक में पिछले छः महीने से उत्तर प्रदेश में चल रहे निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के आंदोलन की समीक्षा की जाएगी और समर्थन में राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन के कार्यक्रम तय किए जाएंगे। कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज (एटक), इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीटू), इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन (इंटक), ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन और कुछ अन्य बिजली कर्मी संगठनों के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। इस बैठक का मुख्य एजेंडा उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन को राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाना और समर्थन देना है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के प्रांतीय पदाधिकारियों की आज ऑनलाइन मीटिंग हुई । इस मीटिंग में निजीकरण के विरोध में विगत छह माह से चल रहे आंदोलन की समीक्षा की गई और आगामी 22 जून को लखनऊ में होने वाली किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की महापंचायत की तैयारी और महापंचायत में रखे जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

## खाली प्लॉट में युवक का शव मिला

**लखनऊ, 08 जून (तरूणमित्र)।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान अहिंदर गांव निवासी विजय उर्फ गप्पू (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि आज सुबह रहीमाबाद पुलिस को सूचना मिली कि विजय उर्फ गप्पू का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के गले पर धारदार हथियार और चेहरे पर खरोंच के निशान मिले हैं। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि बेटा हरियाणा में मजदूरी करता था और एक माह पहले ही लौटा था। आज उसका शव मिला। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने बताया कि परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के लिए टीम लगा दी गई है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।